With an aim to double the income of farmers, our Government, for the first time in history has fixed the Minimum Support Price (MSP) of all 22 crops at minimum 50% more than the cost. To provide an assured income support to the small and marginal farmers, Union Government is launching a programme namely "Pradhan Manti Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN)" for the welfare of vulnerable landholding farmer families, having cultivable land up to 2 hectares, who will be provided direct support at the rate of Rs. 6,000 per year. I am happy to know that this income support will be transferred directly into the bank

accounts of beneficiary farmers, in three equal installments of 2,000 each entailing an annual expenditure of 75,000 crore.

Animal Husbandry and Fisheries sector also needs considerable support. The sector provides livelihood to about 1.45 crore people at the primary level. To provide sustained and focused attention towards development of this sector, our Government has decided to create a separate Department of Fisheries. I am happy to say that this was the longstanding demand of Hon Puratchithalaivi Amma. Now it has seen the light of the day. With this I hope the problems faced by fishermen will be solved.

I also welcome the proposal to provide the benefit of 2% interest subvention to the farmers pursuing the activities of animal husbandry and fisheries, who avail loan through Kisan Credit Card. Furthermore, in case of timely repayment of loan, they will also get an additional 3% interest subvention.

When natural calamities strike, farmers are generally unable to repay their crop loans. Union Government has now decided that all farmers affected by severe natural calamities, where assistance is provided from National Disaster Relief Fund (NDRF), will be provided the benefit of interest subvention of 2%.

I welcome the Government proposal to launch a mega pension yojana namely 'Pradhan Mantri Shram-Yogi Maandhan' for the unorganised sector workers with monthly income upto Rs. 15,000. This pension yojana shall provide them an assured monthly pension of Rs. 3,000 from the age of 60 years on a monthly contribution of a small affordable amount during their working age.

It is a welcome initiative that at least 10 crore labourers and workers in the unorganised sector will avail the benefit of *'Pradhan Mantri Shram-Yogi*

Maandhan' within next five years making it one of the largest pension schemes of the world. A sum of 500 crore has been allocated for the scheme. I welcome this initiative. India is amongst the most youthful nations in the world. Through *'Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana'*, over 1 crore youth are being trained to help them earn a livelihood.

Government has undertaken many effective steps to strengthen MSME sector, which provides employment to crores of people. Recently, a scheme of sanctioning loans upto 1 crore in 59 minutes has been launched. Because of 'UDAAN Scheme', today an ordinary citizen is also travelling by air. The number of operational airports has crossed 100. All Unmanned Level Crossings on broad gauge network have been eliminated. I welcome this. All IT returns will be processed in twenty-four hours and refunds issued simultaneously. Within the next two years, almost all verification and assessment of returns selected for scrutiny will be done electronically without any personal interface between taxpayers and tax officers. It is again a laudable effort. I thank you for this opportunity and seek to extend all possible help to the Government of Tamil Nadu of the welfare of the State of Tamil Nadu.

***श्रीमती संतोष अहलावत (झुन्झुनू):** मुझे अंतरिम बजट 2019-20 पर अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए धन्यवाद। मैं बजट के पक्ष में हूँ।

मैं बजट पर अपनी बात रखूं इससे पहले मैं सरकार का ध्यान कुछ विशेष बातों पर दिलाना चाहती हूँ। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के वरिष्ठ नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने सदन में कांग्रेस-राज में देश में हुए कुछ महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया और हम स्वीकारते हैं कि आपके समय में यह सब चीजे शुरू हुई, लेकिन कुछ चीजे जो खड़गे जी भूल गए मैं बताना चाहती हूँ कि कांग्रेस के राज में और क्या-क्या हुआ –कांग्रेस के राज में बोफोर्स घोटाला हुआ, कॉमनवेल्थ घोटाला हुआ, कोयला घोटाला हुआ, ऑगुस्टावेस्ट लैंड घोटाला हुआ, 2जी घोटाला हुआ, और इन सब में सबसे पहले 1948 में जीप घोटाला हुआ – यह सब शायद खड़गे जी को याद नहीं है – यह सब भी कांग्रेस के राज में ही हुआ है।

अब मैं बजट पर बात करती हूँ, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह “सबका साथ सबका विकास” के मूलमंत्र पर आधारित “सबका बजट” है। यह गरीबों का, नौजवानों का, किसानों का, मध्यम वर्ग के लोगों का, छोटे व्यापारियों का बजट है। यह बजट साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा मध्यम वर्ग के लोगों का, छोटे व्यापारियों का बजट है। यह बजट साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा मध्यम वर्ग के परिवारों को बजट है, यह देश के 12 करोड़ के ज्यादा किसानों का और 30 करोड़ मजदूरों का बजट है। यह सही नियत के साथ नये भारत के निर्माण का बजट है।

मैं ग्रामीण क्षेत्र से आती हूँ, इसलिए केवल कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख कर रख रही हूँ। सबसे पहले मैं किसानों की बात करती हूँ –मैं सरकार का धन्यवाद करती हूँ कि सरकार ने देश के किसानों के लिए डेढ़ गुना एम.एस.पी. तय किया है। देश के किसानों को यूरिया की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने का काम किया है।

मैं विपक्ष मे बैठे कांग्रेस के सदस्यों को याद दिलाना चाहती हूँ कि – उनके अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी जी ने राजस्थान के किसानों के साथ कितना बड़ा धोखा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा चुनावों

* Speech was laid on the Table.

से पहले सभी सभाओं में यह वादा किया था कि 10 दिन में उनका सारा कर्जा माफ़ कर दिया जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभाओं में उंगली पर गिन कर 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 दिन गिनाये थे – मैं कांग्रेस के सदस्यों से पूछना चाहूँगी की क्या उनमें यह हिम्मत है कि वे अपने अध्यक्ष से पूछे की राजस्थान के किसानों के कर्ज माफ़ी का क्या हुआ? खड़गे जी कह रहे थे कि सरकार में केवल प्रधानमंत्री जी ही बोलते हैं और किसी की सुनते नहीं है –मैं खड़गे जी से आग्रह करना चाहूँगी कि UPA सरकार पर बनी इस फिल्म को देख ले – जिसमें हमारी भाजपा की सदस्य श्रीमती किरण खेर जी के पति ने काफी अच्छा काम किया है – उनको पता चल जाएगा कि कौन कितना बोलता है और क्या बोलता है?

मोदी जी लोगों के बहुमत से चुनकर आए हुए प्राइम मिनिस्टर हैं ना कि कोई एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर।

मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहूँगी कि सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों को निश्चित आय सहायता उपलब्ध कराने के लिए 75,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की शुरूआत की है जिसके तहत ना केवल 2 हेक्टेयर तक भूमि वाले छोटी जोत वाले किसान परिवारों को 6,000 रुपये प्रति वर्ष की दर से प्रत्यक्ष आय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी बल्कि विशेष रूप से फसल कटाई सीजन से पूर्व किसानों की आकस्मिक जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करेगा। सरकार द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के लिए आवंटन बढ़ाकर 750 करोड़ रुपये करने पर मैं माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद करती हूँ। पिछले बजट में हमारी सरकार ने पशुपालक और मत्स्य पालक किसानों के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड योजना (केसीसी) का विस्तार करने की घोषणा की थी। जिसे पूरा करते हुए अब सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर पशुपालन और मत्स्य पालन की गतिविधियां चला रहे किसानों के लिए 2 प्रतिशत ब्याज छूट का लाभ देने का निर्णय किया है जोकि एक स्वागत योग्य कदम है। इसके अलावा ऋण का समय पर पुन:भुगतान करने पर उन्हें 3 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज छूट दी जाएगी।

अब बात करें फसली ऋण की तो प्राकृतिक आपदाएं आने पर अपने फसल ऋणों का भुगतान करने में असमर्थ किसानों के लिए फसल ऋणों का पुन: कार्यक्रम बनाया जा रहा है और किसानों को

पुन: अनुसूचित ऋणों के पहले वर्ष के लिए ही दो प्रतिशत ब्याज छूट का लाभ देने का सरकार द्वारा गया लिया गया निर्णय किसानों को एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

मेरा संसदीय क्षेत्र झुंझुनू देश की सेना एवं अर्धसैनिक बलों में सबसे ज्यादा जवान एवं देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के लिए प्रथम स्थान पर आता है। झुंझुनू जिले में कोई ऐसा गाँव नहीं है जहाँ पर शहीद की मूर्ति नहीं है। इस लिहाज से रक्षा पर सरकार द्वारा की गयी घोषणा पर मेरा बोलना जरूरी है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का और माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ कि उनके द्वारा इस अंतरिम बजट 2019-20 के लिए बजट में तीन लाख पाँच हजार दो सो छ्यानवे करोड़ रुपये प्रदान किये गये हैं। जो प्रथम बार 3,00,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर रहा है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त निधियाँ प्रदन करने की जो घोषणा की है वो आज हर फौजी के लिए गर्व की बात है।

मैं सरकार का धन्यवाद करती हूँ कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत आज देश का लगभग प्रत्येक गाँव सड़क मार्ग से जुड़ गया है। और बाकी बचे शेष कार्य के लिए सरकार द्वारा इस बजट में आवंटन किया गया है। गावों को सड़क मार्ग से जोड़ना किसानों के लिए और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का महत्वपूर्ण घटक है। अच्छी सड़क होगी तभी हमारा ग्रामीण क्षेत्र विकास का पायेगा। जहाँ पहले किसानों को अपना अनाज मंडी तक पहुँचने के लिए, बच्चों को स्कूल जाने के लिए और बीमार को हस्पताल जाने के लिए कच्ची और टूटी सड़कों पर चलना पड़ता था आज वही किसान, छात्र और अन्य ग्रामीण बड़ी ही सहूलियत के साथ एक अच्छा जीवन जी रहे हैं।

महिलाओं के लिए सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के माध्यम से जो काम किया गया है वो एक ऐसा कार्य जिसे करने की कल्पना भी कभी किसी अन्य राजनैतिक पार्टी ने नहीं की। आज उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जा रहा है जिससे न केवल महिला का जीवन सुधर रहा है बल्कि अब वह अपने परिवार और बच्चों के विकास और तरक्की की ओर ध्यान दे पर रही है।

अब मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का और माननीय वित्त मंत्री जी धन्यवाद करना चाहूँगी की सरकार ने देश के गरीब को उच्च दर्जे के नि:शुल्क इलाज़ देने के लिए आयुष्मान भारत योजना का शुभारम्भ किया है परन्तु कांग्रेस द्वारा केवल राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए इस योजना को अपने राज्यों में लागू नहीं होने दिया है। मेरा विपक्ष के सभी साथियों से आग्रह है कि अपने राजनैतिक स्वार्थ को पीछे रखते हुए और देश हित एवं गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना को अपने राज्यों में लागू करें।

मैं सरकार का धन्यवाद करती हूँ कि आज सरकार द्वारा देश के प्रत्येक घर में बिजली पहुँचने का कार्य किया जा रहा है। मैं राजस्थान से आती हूँ, जहाँ पहले यदि आप गाँव के बाहर आकर बस गए हैं तो आप को बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जाता था। परन्तु आज सरकार की प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश में लगभग 2 करोड़ 47 लाख घरों में बिजली का कनेक्शन लगा दिया गया है।

समय को ध्यान में रखते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ और माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का एक बार फिर से धन्यवाद करती हूँ उन्होंने न्यू इंडिया के लिए इस बजट की संरचना की है।

***श्री राजेशभाई चुड़ासमा (जूनागढ़):** आज हम माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट पर चर्चा कर रहे हैं।

इस बजट सत्र और 16वीं लोक सभा के बाद हम सभी जब अपने क्षेत्र में लौटेंगे तो लोकतांत्रिक महाभारत का समर प्रारम्भ होगा।

भारत आज पूरी मजबूती के साथ विकास के पथ पर लौट आया है, 16वीं लोक सभा के सबसे अंतिम सत्र, बजट सत्र में माननीय वित्त मंत्री जी ने जिस तरह से भारत को एक समृद्ध और विकास की ओर ले जाने के लिए बजट पेश वो काबिले तारीफ है।

हमारा लक्ष्य 2022 तक 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार करने के लिए आगे बढ़ रहा है, जब भारत स्वतन्त्रता के 75 वर्ष पूरे करेगा। इसके माध्यम से हर एक के पास अपना घर, शौचालय, बिजली, पानी और किसानों की आमदनी दोगुनी हो चुकी होगी, और एक ऐसा भारत जो जातिवाद, पारिवारवाद एवं आतंकवाद से मुक्त, सशक्त भारत होगा।

विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दर्जे से बढ़ते हुए आज हम विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, उच्च वृद्धि दर हासिल करने के अलावा, हमने द्विअंकिय मुद्रा स्फीति पर काबू पाया है और राजकोषीय संतुलन बहाल किया है। पिछले 5 वर्षों से अगली पीढ़ी के संरचनात्मक सुधारों की लहर रही है, हमने माल और सेवा कर (जीएसटी) तथा कराधान सुधार शुरू करके आमूल सुधार लाएँ हैं।

बैंकिंग सेक्टर में बैंकों का एकीकरण भी किया गया है ताकि किफायत बरतने की विधियों पूँजी तक बेहतर पहुँच का लाभ उठाया जा सके तथा अपेक्षाकृत बड़े भौगोलिक भाग तक पहुँचा जा सके। एवं साथ ही हमने पारदर्शिता के नए युग की शुरूआत की है। हमने भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चलायी है।

हमारी सरकार ने इस बजट के माध्यम से गरीबों को सबसे सस्ते दामों पर अनाज, गावों और शहरों को सुविधाएँ देने में बिल्कुल भी पीछे नहीं हटे, जिसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,

* Speech was laid on the Table.

प्रधानमंत्री आवास योजना, सौभाग्य योजना एवं आयुष्मान भारत के अंतर्गत पात्र लोगों के नि:शुल्क उपचार, एवं प्रधानमंत्री जन औषधि के माध्यम से कम मूल्यों पर दवाईयों की उपलब्धता से लाभान्वित हो रहे हैं।

देश में 21 एम्स स्थापित किए जा रहे हैं जिसमें से 14 एम्स की घोषणा 2014 से की गयी थी और हरियाणा में 22वें एम्स खोलने की घोषणा से इस बजट के माध्यम से मुझे सुनने को मिली जो काफी प्रशंसनीय हैं।

प्रधानमंत्री किसान “सम्मान निधि पीएम – किसान” शुरू करने जा रही है जिसके माध्यम से प्रत्येक 2 हेक्टेयर वाले जोत को प्रति वर्ष 6000 की दर से प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान की जा रही है।

इसी विचार के साथ मैं प्रस्ताव करता हूँ कि माननीय वित्त मंत्री जी के अन्तरिम बजट पर धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए मुझे मौका दिया गया जिसके प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

बहुत बहुत धन्यवाद।

***श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** भारत सरकार के वित्त मंत्री ने जो देश के विकास के लिए बजट प्रस्तुत किया है वह समाज के सभी वर्गों के लिये नए विकास एवं उत्थान का क्रांतिकारी कदम है चाहे आवास हो या शौचालय हो या उज्जवला योजना के अंतर्गत नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन 6 करोड़ लोगों को देने का कार्य किया है। वह आजादी के बाद गरीबों का सबसे बड़ा तोहफा है। किसानों के लिये प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, जवानों के लिये वन रैंक वन पेंशन योजना, युवाओं के लिए कौशल विकास योजना एवं खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के साथ-साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में एक साथ 108 सेटेलाइट स्थापित कर तथा सैन्य शक्ति में भारत 5वें नंबर पर स्थापित हुआ, उसका मैं हृदय से समर्थन करता हूँ।

* Speech was laid on the Table.

***श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख):** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रस्तुत, अंतरिम बजट 2019-2020 का मैं समर्थन करती है। भारत की जनता ने इस सरकार को मजबूत जनादेश दिया । हमने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शितापूर्ण नेतृत्व में सर्वाधिक निर्णायक, स्थिर और स्वच्छ सरकार दी है और परिवर्तनकारी संरचनागत सुधार शुरू किए हैं। हमने उस नीतिगत अवरोध को उलट दिया है जिससे यह राष्ट्र पीड़ित था और हमने देश की छवि को सुधारा-संवारा है। इस सरकार की उपलब्धि रही कि हमने सोच को बदलने के अथक प्रयास किए और देश के अत्मविश्वास को जगाया । मैं गर्व से कह सकती हूँ कि भारत पूरी मजबूती से वापस विकास-पथ पर लौट आया है और विकास एवं समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। हमने सतत विकास, प्रगति और हमारी जनता के लिए बेहतर जीवन स्तर को बुनियाद रख दी है।

हम वर्ष 2022 तक, न्यू इंडिया' साकार करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं, जब भारत स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करेगा: एक ऐसा भारत जो स्वच्छ और स्वस्थ है, जहां हरेक के पास अपना घर होगा जिसमें शौचालय होगा और पानी एवं बिजली उपलब्ध होगी; जहां किसानों की आमदनी दोगुनी हो चुकी होगी; युवा वर्ग और महिलाओं को अपने सपने पूरे करने के लिए भरपूर अवसर मिलेंगे; और एक ऐसा भारत जो आतंकवाद, सांप्रदायिकता, जातिवाद, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से मुक्त होगा ।

पिछले पांच वर्षों में भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चमकते सितारे के रूप में मान्यता मिली है । इस अवधि में देश में वृहत आर्थिक स्थिरता का सर्वोत्तम दौर देखा गया । हम विश्व की सबसे तेज विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था हैं जिसकी औसत जीडीपी वृद्धि पिछले पांच वर्षों के दौरान वर्ष 1991 में शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के बाद से किसी भी सरकार द्वारा हासिल की गई सर्वाधिक दर है। वर्ष 2013-14 में विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दर्जे से बढ़ते हुए आज हम विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उच्च वृद्धि दर हासिल करने के अलावा, हमने द्विअंकीय मुद्रास्फीति पर काबू पाया है और राजकोषीय संतुलन बहाल किया है ।

मुद्रास्फीति गरीबों और मध्यम वर्ग पर आरोपित एक छुपे हुए और अन्यायपूर्ण कर के समान है। वर्ष 2009-2014 के दौरान मुद्रास्फीति की औसत दर 10.1 प्रतिशत की कमर तोड़ दर रही थी ।

* Speech was laid on the Table.

तत्कालीन प्रधानमंत्री ने काफी हद तक यह स्वीकार किया जब उन्होंने कहा “हम जितना चाहते थे, सतत् मुद्रास्फीति को काबू में रखने में हम उतना सफल नहीं हो पाए हैं। यह मूलतः खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने के कारण हुआ है। इसकी तुलना में, हमारी सरकार ने कमर तोड़ महंगाई की कमर ही तोड़ दी। हमने औसत मुद्रास्फीति को कम करके उसे 4.6 प्रतिशत के स्तर पर ला दिया जो किसी भी अन्य सरकार के कार्यकाल के दौरान की मुद्रास्फीति से कम है। वस्तुतः दिसम्बर, 2018 में मुद्रास्फीति केवल 2.19 प्रतिशत थी। यदि हमने मुद्रास्फीति पर काबू नहीं पाया होता, तो हमारे परिवार आज भोजन, यात्रा, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, आवास इत्यादि जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर लगभग 35-40 प्रतिशत अधिक खर्च कर रहे होते। स्थिर और पूर्वानुमान योग्य विनियामक व्यवस्था, विकसित होती अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ मूल सिद्धांतों के कारण पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत भारी मात्रा में 239 बिलियन डॉलर तक का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित कर सका है। इस अवधि में भी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति के उदारीकरण में तेजी भी देखने को मिली है, जिससे अधिकांश विदेशी प्रत्यक्ष निवेश स्वतः मार्ग के जरिए किया जा रहा है।

पिछले पांच वर्षों में अगली पीढ़ी के संरचनात्मक सुधारों की लहर रही है, जिससे कई दशकों के लिए उच्च वृद्धि का मंच तैयार हुआ है। हमने, माल और सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य कराधान सुधार शुरू करके आमूल सुधार लाए हैं। वर्ष 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती की श्रद्धांजलि के रूप में सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन की मदद से विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन आंदोलन आरंभ किया है। भारत ने लगभग 98 प्रतिशत ग्रामीण स्वच्छता कवरेज हासिल की है और लगभग 5.45 लाख गांवों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया है। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम है और लोगों की सोच बदलने में सफल रहा है। व्यापक जन भागीदारी से लोगों ने इसे एक सरकारी योजना से राष्ट्रीय आंदोलन बना दिया है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए मैं देश की 130 करोड़ जनता को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इसे पूरे हृदय से अपनाया।

देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों का है। सरकार ने मौजूदा आरक्षण, जो कि एससी/एसटी/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए है, को पूर्ण रूप से बरकरार रखते हुए, गरीबों के लिए भी अब शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में 10% का आरक्षण सुनिश्चित किया है। इन संस्थानों में औसतन

25% अतिरिक्त सीट्स, (लगभग 2 लाख) उपलब्ध कराई जाएगी जिससे किसी भी वर्ग हेतु वर्तमान में उपलब्ध/आरक्षित सीट्स में कोई कमी न आए।

गरीबों और मध्यम वर्ग के परिवारों को सस्ते दाम पर अनाज उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2018-19 में लगभग 1,70,000 करोड़ व्यय किए गए जो वर्ष 2013-14 में खर्च किए गए 92,000 करोड़ से लगभग दोगुना है। हमने यह सुनिश्चित किया कि अनाज सबको मिले। किसी को भूखे पेट नहीं सोना पड़े। मनरेगा के लिए ब.अ. 2019-20 में 960,000 करोड़ का आवंटन किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर और भी धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

हमने देश में शहरों और गांवों के बीच की खाई को पाटने के लिए काम किया है। इस गरिमामय सदन में माननीय सदस्य, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से हैं, इस बात पर सहमत होंगे कि विगत में अनेकों बार ग्रामीण जनता के लिए खोखले वादे किए गए है। हमने पिछले पांच वर्षों के दौरान, उनके जीवन की गुणवत्ता चंहु ओर से सुधारने के लिए लक्षित व्यय किए हैं। हमारा उद्देश्य है कि गाँव की आत्मा बरकरार रखते हुए शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत, ग्रामीण सड़कों के निर्माण में तीन गुना वृद्धि हुई है। कुल 17.84 लाख बस्तियों में से 15.80 लाख बस्तियों को पक्की सड़कों से पहले ही जोड़ा जा चुका है और बहुत जल्द ही शेष कार्य पूरा करने का कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए ब.अ. 2019-20 में 19,000 करोड़ का आवंटन किया जा रहा है जबकि सं.अ. 2018-19 में इसके लिए 15,500 करोड़ का आबंटन दिया गया था। जहां पहले एक गरीब बच्चा टूटी पगडंडी पर चल कर स्कूल पहुंचता था, आज उसके गांव तक बस पहुंच सकती है। 2014-18 की अवधि के दौरान, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 1.53 करोड़ मकान बनाए गए हैं।

2014 तक देश में लगभग 2.5 करोड़ परिवार बिना बिजली के 18वीं सदी की जिंदगी जीने को मजबूर थे। सौभाग्य योजना से हमने हर घर को बिजली का मुफ्त कनेक्शन उपलब्ध कराया। मार्च 2019 तक सभी इच्छुक परिवारों को बिजली का कनेक्शन मिल जाएगा। हमने मिशन मोड में, निजी क्षेत्र सम्मिलित करते हुए 143 करोड़ एलईडी बल्ब उपलब्ध कराए हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को बिजली के बिलों में सालाना 50,000 करोड़ की बचत हो रही है।

पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य देखभाल में बहुत अधिक प्रगति हुई है । पहले एक गरीब व्यक्ति इस धर्म संकट में होता था कि वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करे या परिवार के किसी बीमार सदस्य की जिंदगी बचाए । हमारे प्रधानमंत्री जी को इस बात की बहुत पीड़ा थी। सरकार ने विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत' शुरू किया है जो लगभग 50 करोड़ लोगों को चिकित्सा उपचार मुहैया कराएगा। पहले ही लगभग 10 लाख रोगियों ने स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क उपचार के जरिए चिकित्सा उपचार का फायदा उठाया है जिसके लिए 3,000 करोड़ खर्च करना पड़ता । लाखों निर्धन और मध्य वर्ग के लोग आवश्यक दवाइयों, कार्डियक स्टेंट और घुटनों के इम्प्लांट की कीमत में कटौती और प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के जरिए कम मूल्य पर दवाइयों की उपलब्धता से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

इस समय देश में 21 एम्स कार्यरत हैं या स्थापित किए जा रहे हैं। इन 21 एम्स में से 14 एम्स की घोषणा 2014 से की गई है। 22वां नया एम्स हरियाणा में खोलने की घोषणा पर मुझे प्रसन्नता हो रही है। महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम देश के 115 अति पिछड़े जिलों में लक्षित विकास कर रहा है। इस कार्यक्रम से उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए गए हैं और सभी संकेतकों-स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के कार्यनिष्पादन में सुधार आया है।

मेहनती किसानों को फसल का पूरा मूल्य नहीं मिलता था । सरकार ने किसानों की आय दुगुनी करने हेतु इतिहास में पहली बार, सभी 22 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत से कम से कम 50% अधिक निर्धारित किया है। कृषि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख चालक बनी हुई है। हमारे परिश्रमी किसानों ने विगत साढ़े चार वर्षों में सरकार की किसान समर्थक नीतियों से सहायता पाकर रिकार्ड मात्रा में कृषि वस्तुओं का उत्पादन किया है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कृषि संबंधी वस्तुओं की गिरती कीमतें और 2017-18 से खाद्य भिन्न क्षेत्र के सापेक्ष भारत में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट की वजह से, कृषि से आमदनी कम हो गई है। बारंबार विभाजन के कारण छोटी और विखंडित जोतों के कारण भी कृषक परिवार की आय में गिरावट आई है। इसलिए, देश में निर्धन भू-स्वामी किसान परिवारों को संरचित आय सहायता मुहैया कराने की आवश्यकता है जैसे बीज, उर्वरक,

उपकरण, श्रम आदि इन्पुट खरीदने में और अन्य आवश्यकताएं पूरी करने में मदद करना। ऐसी सहायता से उन्हें ऋण ग्रस्त होने तथा साहूकारों के चंगुल में फंसने से बचाया जा सकता है।

छोटे और सीमांत किसानों को निश्चित आय सहायता मुहैया कराने के लिए सरकार एक ऐतिहासिक कार्यक्रम अर्थात 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम-किसान' शुरू करने जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, 2 हेक्टेयर तक की जोत वाले सभी कमजोर भू-स्वामी किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रूपए की दर से प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान की जाएगी। यह आय सहायता प्रत्येक 2000 रूपए का तीन बराबर किस्तों में लाभाथी किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। इस कार्यक्रम का निधि पोषण भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। इससे लगभग 12 करोड़ छोटे और सीमांत किसान परिवारों के लाभान्वित होने की आशा है। इस कार्यक्रम को 1 दिसम्बर, 2018 से लागू किया जाएगा और 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए पहली किस्त का भुगतान इसी वर्ष के दौरान किया जाएगा। इस कार्यक्रम से 75,000 रूपए करोड़ का वार्षिक व्यय होगा।

भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है जिसकी वैश्विक उत्पादन में 6.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हालिया वर्षों में भारत ने 7 प्रतिशत से अधिक की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। यह सेक्टर प्राथमिक स्तर पर लगभग 1.45 करोड़ लोगों को आजीविका प्रदान करता है। इस सेक्टर के विकास पर निरंतर पूरा ध्यान देने के लिए, सरकार ने अलग से मत्स्य पालन विभाग बनाने का निर्णय लिया है। सुलभ एवं रियायती ऋण सुनिश्चित करने तथा सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाने के लिए, हमारी सरकार ने एक सरलीकृत आवेदन फार्म लाकर व्यापक अभियान चलाने की पहल करने का निर्णय लिया है।

जब प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, तब आमतौर पर किसान अपने फसल ऋणों को चुका नहीं पाते हैं। वर्तमान में, फसल ऋणों को ऐसे प्रभावित किसानों के लिए पुनः निर्धारित किया गया है और वे 2 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ पुनः निर्धारित ऋण के पहले वर्ष के लिए ही प्राप्त कर पाते हैं। सरकार ने अब निर्णय लिया है कि गंभीर प्राकृतिक आपदाओं, जहां राष्ट्रीय आपदा राहत निधि (एनडीआरएफ) द्वारा सहायता पहुंचाई गई है, से प्रभावित सभी किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी

और उनके ऋणों के पुनर्निर्धारण की संपूर्ण अवधि के लिए तत्काल भुगतान के प्रोत्साहन के रूप में 3 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा।

तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था और उसके औपचारीकरण ने रोजगार अवसरों को बढ़ाया है जैसा कि ईपीएफओ सदस्यता में दर्शाया गया है, जहां दो वर्षों में रोजगार अवसरों में लगभग 2 करोड़ की वृद्धि हुई है जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के औपचारीकरण को प्रतिबिंबित करता है। 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की रिपोर्ट पेश होने के बाद उसकी सिफारिशों को जल्द से जल्द लागू किया गया। न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को और उदार किया गया। कर्मचारियों के हिस्से को 10% रखते हुए हमने सरकार के योगदान को 4% बढ़ाकर 14% कर दिया है। श्रमिकों को दिए जाने वाले बोनस आकलन की अधिकतम सीमा को 3,500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 7,000 रूपए व वेतन की अधिकतम सीमा को 10,000 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 21,000 रूपए प्रति माह कर दिया गया। ग्रेच्युटी के भुगतान की सीमा को 10 लाख रूपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपए किया गया। पिछले पांच वर्षों के दौरान सभी श्रेणी के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में भी 42% की वृद्धि हुई जो आत तक सर्वाधिक है। इएसआई की सुरक्षा पात्रता की सीमा भी 15,000 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 21,000 प्रति रूपए माह कर दी गई। प्रत्येक श्रमिक के लिए न्यूनतम पेंशन भी 21,000 प्रति रूपए माह तय की दी गई। सर्विस के दौरान किसी श्रमिकों की मृत्यु होने की स्थिति में ईपीएफओ द्वारा राशि 2.5 लाख रूपए से बढ़ाकर 6 लाख रूपए तक सुनिश्चित की गई है। आंगनवाड़ी और आशा योजना के तहत सभी श्रेणियों के कार्मिकों के मानदेय में लगभग 50% की वृद्धि हुई है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आधा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के उन 42 करोड़ कामगारों के पसीने और अथक परिश्रम से बनता है जो रेहड़ी वाले, रिक्शा चालक, निर्माण कार्यों में लगे मजदूर, कूड़ा बीनने वाले, कृषि कार, बीड़ी बनाने वाले, हथकरघा कामगार, चमड़ा कामगार और इस तरह के अन्य कई सारे व्यवसाय करते हैं। घरलू कामगार भी बड़ी संख्या में काम कर रहे हैं। हमें चाहिए कि उन्हें व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करें, खासकर उनकी खासकर उनकी वृद्धावस्था के दौरान। इसलिए, 'आयुष्मान भारत' के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा और 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' के अंतर्गत प्रदान की गई जीवन और विकलांगता संबंधी बीमा कवरेज के अलावा हमारी

सरकार असंगठित क्षेत्र के उन कामगारों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन नामक वृहत् पेंशन योजना आरंभ करने का प्रस्ताव करती है जिनकी मासिक आय 15,000 रूपए या उससे कम है। इस पेंशन योजना से अपनी कार्यशील आयु के दौरान एक छोटी सी राशि के मासिक अशंदान करने से उन्हें 60 वर्ष की आयु से 3,000 रूपए की सुनिश्चित मासिक पेंशन मिलेगी। 29 वर्ष की आयु में इस पेंशन योजना से जुड़ने वाले असंगठित क्षेत्र के कामगार को केवल 100 प्रति माह का अंशदान 60 वर्ष की आय तक करना होगा। 18 वर्ष की आयु में इस पेंशन योजना में शामिल होने वाले कामगार को मात्र 55 प्रतिमाह का अंशदान करना होगा। सरकार प्रत्येक माह कामगार के पेंशन खाते में बराबर की राशि जमा करेगी। आशा है कि अगले पांच वर्षों के भीतर असंगठित क्षेत्र के कम से कम 10 करोड़ श्रमिक और कामगार प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना का लाभ लेंगे जिससे यह योजना विश्व की सबसे बड़ी पेंशन स्कीमों में से एक बन जाएगी। इस स्कीम के पहले साल के लिए 500 करोड़ रूपए की राशि आवंटित की जाती है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त निधियां भी प्रदान की जाएंगी। यह स्कीम चालू वर्ष से ही कार्यान्वित की जाएगी।

हमारी सरकार देश के सबसे अधिक वंचित नागरिकों के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिए, विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु समुदायों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। ये समुदाय मुख्यधारा से कटे हुए हैं और संख्या में कम हैं, इसलिए प्रायः पीछे छूट जाते हैं। घुमंतु और अर्ध-घुमंतु समुदाय अपनी आजीविका की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान में चले जाते हैं। रेणके आयोग और इदाते आयोग ने इनकी पहचान करने और इन्हें सूचीबद्ध करने में प्रशंसनीय कार्य किया है। जिन विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु समुदायों को अब तक औपचारिक रूप से वर्गीकृत नहीं किया गया है, उनकी पहचान का कार्य पूरा करने के लिए नीति आयोग के अंतर्गत एक समिति का गठन किया जाएगा। सरकार विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु समुदायों के लिए कल्याणकारी और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के प्रयोजन हेतु विशेष रूप से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक कल्याण विकास बोर्ड भी स्थापित करेगी। यह बोर्ड पहुंच से दूर इन समुदायों के कल्याण हेतु विशेष कार्यनीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गृहिणी के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसे अपने परिवार के लिए खाना बनाते समय आंसू न बहाने पड़ें, सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन मुफ्त बांटने का कार्यक्रम शुरु किया है। इस योजना में 6 करोड़ कनेक्शन पहले ही दिए जा चुके हैं और शेष मुफ्त कनेक्शन अगले साल तक दिए जाएंगे। उज्ज्वला सरकार के कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण सफल गाथा है जिसे एक जिम्मेदार और करुणामय नेतृत्व के अधीन साहसिक किंतु व्यावहारिक दृष्टिकोण से परिभाषित किया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की 70% से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं जो अपने खुद के व्यवसाय शुरु करने के लिए किफायती और बिना कोलेटरल के ऋण प्राप्त कर रही हैं। अन्य कई उपायों में, गर्भवती महिलाओं के लिए 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता का लाभ दिया गया है जिससे गर्भवती महिलाएं काम में सहभागी बनने में सक्षम होंगी।

भारत विश्व के सर्वाधिक युवा-राष्ट्र में से एक है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से एक करोड़ से अधिक युवाओं को अपनी आजीविका कमाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमने मुद्रा, स्टार्ट-अप-इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसी स्व-रोजगार स्कीमों के माध्यम से युवा शक्ति का दोहन किया है। मुद्रा योजना के तहत 15.56 करोड़ ऋण दिए गए हैं जिनकी कुल राशि 7,23,000 करोड़ रूपए बैठती है। पूरी दुनिया में रोजगार की कल्पना बदल रही है, अब सिर्फ सरकारी नौकरियां या कारखाने में रोजगार उपलब्ध नहीं होता। नौकरी मांगने वाले अब स्वयं नौकरी देने में सक्षम हो गए हैं। इसके चलते, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप हब बन गया है। हमारे युवाओं की कड़ी मेहनत और विचारों की नवीनता से हम सब गौरवान्वित हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित प्रौद्योगिकी के लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की परिकल्पना की है। इसे उत्कृष्ता केंद्रों के साथ एक हब के रूप में राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्थापना से उत्प्रेरणा मिलेगी। 9 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों की पहचान की जा चुकी है। एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल पोर्टल भी शीघ्र विकसित किया जाएगा।

सरकार ने करोड़ों को रोजगार देने वाले लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को सशक्त करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। हाल ही में सिर्फ 59 मिनट में 1 करोड़ रूपए तक के ऋण की योजना शुरू की गई है। जीएसटी- रजिस्टर्ड एसएमई इकाइयों को 1 करोड़ रूपए की वृद्धिशील ऋण पर 20% व्याज की छूट मिलेगी। सरकारी उपक्रमों से एसएमई की सोर्सिंग की आवश्यकता को बढ़ाकर 25% कर दिया गया है। इसके लिए, कम से कम 3 प्रतिशत सामग्री महिला स्वामित्व वाले लघु और मध्यम उपक्रमों से प्राप्त की जाएगी

सरकार ने दो साल पहले गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस की स्थापना की थी । इसके जरिए सरकार खरीद की प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी, सबको साथ लेकर चलने वाली और दक्ष होकर रूपान्तरित हो गई है। एमएसएमई भी अपने उत्पाद जीईएम के माध्यम बेच सकते हैं। जीईएम के माध्यम से 17,500 करोड़ रूपए से अधिक का लेन-देन हो चुका है, जिससे औसतन 25.28% की बचत हुई हैं। जीईएम प्लेटफॉर्म की सेवाओं को अब केंद्र सरकार के सभी उद्यमों तक बढ़ाया जा रहा है। सरकार ने घरेलू व्यापार और संवाओं को सहायता देने पर विशेष ध्यान दिया है। सरकार ने हाल ही में औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग को "खुदरा व्यापार सहित आंतरिक व्यापार का संवर्धन और व्यापारियों एवं उनके कर्मचारियों का कल्याण" नामक विषय सौंपा है। अब इस विभाग का नाम 'उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग' हो जाएगा।

हमारे सैनिक बहुत ही कठिन परिस्थितियों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। हमारा गर्व और समान हमारा हैं। हमने भी उनके सम्मान का ख्याल रखा। पिछले 40 सालों से रूके हुए 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू करने का कार्य का असर ने पूरा किया है। सरकार ने रक्षा सेवा के सभी कर्मिकों को मिलीटरी सर्विस पे (एएसपी) और अधिक जोखिम वाली ड्यूटी पर तैनात सैनिकों और वायु सैनिकों को दिए जाने वाले विशेष भत्तों में पर्याप्त बढ़ोतरी की भी घोषणा की थी। 2019-20 में हमारा रक्षा बजट पहली बार 3,00,000 करोड़ रूपए से अधिक हो जाएगा। हमारी सीमाओं की रक्षा करने और उच्च कोटि की तैयारी बनाए रखने के लिए यदि आवश्यक हुआ, तो रक्षा बजट में और अधिक बढ़ोतरी की जाएगी।

आज, भारतीय मूल के सभी व्यक्ति इस बात को लेकर सुरक्षित महसूस करते हैं कि उनकी मातृभूमि भारत उनकी शुभचिंतक है और जरूरत के समय उनकी सहायता की जाएगी। भारत के बदलते स्वरुप के कारण दुनिया भर में भारतीयों और भारतीय मूल के व्यक्ति का गर्व और सम्मान की अनुभूति होती है। हमने भारत के साथ इनके संपर्क को मजबूत बनाने, भारत में इनके निवेश को सुगम बनाने और इनकी यात्रा को सरल-सुखद बनाने के लिए अनेक उपाय किए हैं।

अवसंरचना किसी भी देश के विकास और अच्छे जीवन-स्तर की रीढ़ है। चाहे राजमार्ग हों या रेलवे या एयरवे या डिजिवे ही क्यों न हों, हमने देश की कायापलट के लिए उत्तरोत्तर प्रगति का हर संभव प्रयास किया है। आज तक सामान्य नागरिक भी "उड़ान" योजना के कारण हवाई जहाज में सफर कर पा रहा है। सिक्किम में पेक्योंग हवाई अड्डे की शुरुआत के साथ ही प्रचालनरत हवाई अड्डों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। घरेलू हवाई यातायात पिछले पांच वर्षों में दुगुना हो गया है जिसके फलस्वरुप रोजगार भी भारी संख्या में पैदा हुआ है। आज, प्रति दिन 27 कि.मी. राजमार्ग के निर्माण के चलते भारत विश्व में सबसे तेज राजमार्ग विकसित करने वाला देश बन गया है। दिल्ली के आस-पास पूर्वी पेरिफेरल राजमार्ग अथवा असम और अरुणाचल प्रदेश में बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल जैसी दशकों तक रूकी हुई परियोजनाएं पूरी की गई हैं। देश के तटीय क्षेत्र में सागर माला के फ्लैगशिप कार्यक्रम से पत्तनों का विकास होगा। जिससे आयातों और निर्यातों का प्रबंधन करने में तेजी आएगी। पहली बार, कंटेनर माल की आवाजाही कोलकाता से वाराणसी तक अंतर्देशीय जलमार्गों पर शुरू हो चुकी है। हमारी सरकार ब्रहमपुत्र नदी की नौवहन क्षमता में सुधार करके पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी कंटेनर कार्गों की आवाजाही की शुरुआत करेगी।

भारतीय रेलवे के इतिहास में यह वर्ष सर्वाधिक सुरक्षित वर्ष रहा है। ब्रॉड गेज लाइनों पर सभी मानवरहित लेवल क्रासिंग को समाप्त कर दिया गया है। पहली देश में ही विकसित और विनिर्मित सेमी हाई स्पीड "वंदे भारत एक्सप्रेस" को चलाने से भारतीय यात्रियों को गति, सेवा और सुरक्षा का विश्व स्तरीय अनुभव प्राप्त होगा। हमारे इंजीनियरों द्वारा पूर्णतः विकसित प्रौद्योगिकी में यह बड़ी छलांग मेक इन इंडिया को गति प्रदान करेगी और रोजगार सृजित करेगी। रेलवे के लिए बजट से वर्ष 2019-20 (ब.अ.) में 64,587 करोड़ रूपए की पूंजीगत सहायता का प्रस्ताव है। रेलवे का समग्र पूंजी व्यय

कार्यक्रम 1,58,658 करोड़ रूपए है। प्रचालन अनुपात वर्ष 2017-18 के 98.4 प्रतिशत से सुधरकर वर्ष 2018-19 (सं.अ.) में 96.2 प्रतिशत तथा आगे और अधिक बेहतर होकर वर्ष 2019-20 (ब.अ.) में 95 प्रतिशत होने की संभावना है।

भारत ने जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व किया है। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन स्थापित करने में प्रतिबिंबित होती है, जो पहला संधि आधारित अंतरराष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय भारत में है। भारत की संस्थापित सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता पिछले पांच वर्षों में दस गुना से अधिक हो गई है। यह क्षेत्र अब नए जमाने के लाखों रोजगार पैदा कर रहा है।

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात पर भारत की निर्भरता हमारी सरकार के लिए बड़ी चिंता का कारण रहा है। यद्यपि हमने बायो ईंधन और वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से मांग वृद्धि को कम करने के लिए कई सारे उपाय किए हैं, पूर्वोत्तर की जनता को भी अवसंरचना विकास के लाभ मिले हैं। अरूणाचल प्रदेश हाल ही हवाई मार्ग के मानचित्र पर दर्ज हुआ है तथा मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम पहली बार भारत के रेल मानचित्र पर उभरे हैं। 2018-19 (ब.अ.) की तुलना में 2019-20 (ब.अ.) में पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए आबंटन को 21 प्रतिशत बढ़ाकर 58,166 करोड़ रूपए किए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है।

भारत अब दुनिया मे मोबाइल डेटा का सर्वाधिक खपत करने वाले देश बन गया है। मोबाइल डेटा की मासिक खपत में पिछले पांच वर्षों में 50 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। भारत में अब कॉल और डेटा की कीमत संभवत: विश्व में सबसे कम है। आज, मेक इन इंडिया के अंतर्गत मोबाइल और मोबाइल पुर्जों की निर्माता कंपनियों की संख्या 2 से बढ़कर 268 से अधिक हो गई है जो रोजगार के अनेक अवसर प्रदान कर रही है। 3 लाख से अधिक सामान्य सेवा केंद्र लगभग 12 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कराने के साथ-साथ अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं और डिजिटल ढांचा भी तैयार कर रहे हैं, जिससे हमारे गांव डिजिटल गांवों में बदल रह हैं। सरकार 1 लाख गांवों को अगले पांच सालों में डिजिटल गांव बना देगी।

जन-धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने दूरगामी परिवर्तन किए हैं। बैंकों का राष्ट्रीयकरण 50 वर्ष पहले किया गया था लेकिन देश का अधिकांश हिस्सा औपचारिक बैंक प्रणाली के अभाव में आर्थिक मुख्यधारा से अभी तक अछूता था। पिछले पांच वर्षों, में लगभग 34 करोड़ जन धन बैंक खाते खोले गए हैं। आधार को अब सार्वभौम तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। इससे बिचौलियों को समाप्त कर गरीब और मध्यम वर्ग को सीधे उनके बैंक खातों में धन जमा करके सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने में मदद मिली है।

मनोरंजन उद्योग एक प्रमुख रोजगार सृजक क्षेत्र है। मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, फिल्मों की शूटिंग आसान करने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सुविधा जो केवल विदेशी फिल्म निर्माताओं के लिए उपलब्ध थी, अब भारतीय फिल्म निर्माताओं के लिए भी उपलब्ध कराई जा रही है।

आयकर विभाग अब ऑनलाइन कार्य करता है। विवरणियों, निर्धारणों, धनवापसी तथा प्रश्नों पर ऑनलाइन कार्रवाई की जाती है। पिछले वर्ष, आयकर विवरणियों में से 99.54 प्रतिशत दाखिल करते ही स्वीकृत की गई थी। सरकार ने आय कर विभाग को अधिक निर्धारित हितैषी बनाने के लिए आमूल परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी गहन परियोजना को मंजूरी दी है। सभी विवरणियों को 24 घंटों के भीतर प्रोसेस किया जाएगा और साथ-साथ धन वापसी जारी की जाएगी। अगले दो वर्षों के दौरान हम जांच-पड़ताल के लिए चुनी गई सभी विवरणियों का सत्यापन और मूल्यांकन अज्ञात बैंक ऑफिस के माध्यम से इलेक्ट्रानिक ढंग से कर सकेंगे जिसका संचालन कर विशेषज्ञ और कर्मचारी करेंगे जिसमें करदाता कर अधिकारियों के साथ किसी प्रकार का व्यक्तिगत संपर्क नहीं कर सकेंगे।

वर्ष 2014 में जबसे हमारी सरकार ने सत्ता संभाली है, तब से ही हमारी प्राथमिकता मध्यमवर्ग पर कर के भार को कम करने की रही है। हमने बुनियादी छूट की सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रूपए कर दी और कर में छूट दी ताकि 3 लाख तक आय वाले लोगों को कोई कर न देना पड़े। हमने 2.5 लाख से 5 लाख रूपए तक की कर स्लैब के लिए कर की दर में कमी कर 10% से 5% भी कर दिया और वेतनभोगी वर्ग के लिए 40,000 रूपए की मानक कटौती शुरु की। धारा 80ग के अंतर्गत बचत की कटौती को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रूपए कर दिया गया जिस मकान मे रह रहे हों, ऐसी गृह संपत्ति के लिए ब्याज को 1.5 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रूपए कर दिया गया।

माल और सेवा कर (जीएसटी) सुधार पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान लगभग एक दशक तक खिंचता रहा। हमारी सरकार में जीएसटी का कार्यान्वयन किया जो निसंदेह आजादी मिलने के बाद कराधान के संबंध में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। केन्द्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा वसूले जाने वाले और कर पर प्रपाती प्रभाव डालने वाले सत्रह अलग-अलग करों को एक जीएसटी मे मिला दिया गया। भारत एक साझा बाजार बन गया। जीएसटी के कारण कर के आधार में बढ़ोत्तरी हुई है, ज्यादा कर वसूली हुई हैं और व्यापार में सुगमता आई है। जीएसटी से रोजमर्रा के प्रचालनों और मूल्यांकनों के लिए करदाता और सरकार के बीच का सम्पर्क कम होगा। अब विवरणियां पूरी तरह आनलाइन भरी जाती हैं और ई-वे बिल सिस्टम की व्यवस्था की गई है। प्रवेश कर, चौकियां (पोस्ट) और ट्रकों की लाइन न होने से अन्तर्राज्यीय आवाजाही गति तेज, कार्यकुशल और बाधा रहित बनी है।

जीएसटी से पहले के समय में अनेक वस्तुओं पर लगाया जाने वाले अधिक कर को युक्तिसंगत बनाया गया है और उपभोक्ताओं विशेषकर गरीबों और मध्यम वर्ग पर प्रभारित कर के भार में काफी कमी की गई है। केन्द्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से मिलकर बनी जीएसटी परिषद ने सामूहिक रुप से जीएसटी से पूर्व की दरों से कम दरों पर जीएसटी दरों को अंतिम रूप दिया। तब से, दरों में लगातार कमी की गई है जिससे उपभोक्ताओं को प्रति वर्ष लगभग 80,000 करोड़ रूपए की राहत मिली है। गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों द्वारा रोजमर्रा इस्तेमाल की जाने वाली अधिकांश वस्तुएं अब 0% या 5% के कर-स्लैब में हैं। 12% की दर पर सिनेमा देखने के लिए जाने वाले लोगों को 50% तक अनेक टैक्स देने होते थे, अब उन्हें बहुत कम टैक्स देना होता है। हमारी सरकार चाहती है कि मकान खरीदने वाले लोगों पर जीएसटी का भार कम किया जाए और ऐसा करन के लिए हमने जीएसटी परीषद से एक मंत्री समूह नियुक्त करने की पेशकश की ताकि इस संबंधमें यथाशीघ्र जांचकर सिफारिशें की जाएं।

मेक इन इंडिया" पहल को बढ़ावा देने के लिए, हमने सीमा शुल्क और प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाया है। हमारी सरकार ने 36 महत्वपूर्ण वस्तुओं पर शुल्कों को समाप्त कर दिया है। विनिर्माण और निर्यात के लिए आयात शुल्क मुक्त पूंजीगत माल और निविष्टियों के आयात की संशोधित प्रणाली शुरु किए जाने के साथ-साथ सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 65 के अंतर्गत एक

स्थल पर अनुमोदन शुरू किया गया है। भारतीय सीमा शुल्क विभाग निर्यात/आयात लेन-देन का पूरा और व्यापक डिजिटलीकरण शुरु कर रहा है और निर्यात से जुड़ी संभारिकी में सुधार लाने के लिए आरएफआईडी का प्रयोग कर रहा है।

हमारी सरकार अपने देश से काले धन की बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान काला धन कानून, भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, और नोटबंदी के रूप में हमारे द्वारा उठाए गए कदमों से 1,30,000 करोड़ रूपए के मूल्य की आस्तियां कर के दायरे में आई हैं, लगभग 50,000 करोड़ रूपए की परिसंपत्तियां जब्त और कुर्क की गई हैं और बड़ी मात्रा में नकदी रखने वाले लोगों को अपनी आय के साधन बताने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस अवधि के दौरान, लगभग 6,900 करोड़ की बेनामी आस्तियां और 1,600 करोड़ रूपए की विदेशी आस्तियों को जब्त कर लिया गया है। 3,38,000 शेल कंपनियों की पहचान की गई है। और उनका पंजीकरण रद्द कर दिया गया है और उनके निदेशकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। 2017-18में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में 18% की वृद्धि और कर आधार में वृद्धि हुई है जब वित्त वर्ष 2017-18 में पहली बार 1.06 करोड़ लोगों ने आय कर विवरणी दाखिल की। यह सब मुख्यतः विमुद्रीकरण के कारण ही संभव हो सका।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने आने वाले समय के लिए भारत के विकास की बुनियाद रख दी है। हमने उन अनेक समस्याओं को सुलझाया है, जो हमारे समाज और अर्थव्यवस्था की संपूर्ण क्षमता को हासिल करने में रोड़ा अटका रही थी। अगले पांच वर्षों में हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं और इसके बाद अगले 8 वर्षों में 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की इच्छा रखते हैं।

हमारी नदियाँ और जलाशय हमारे जीवन के आधार हैं। गंगा नदी को साफ करने के लिए हमारी सरकार ने अथक प्रयास किए हैं। 2030 के भारत के लिए हमारे विज़न का पांचवां आयाम स्वच्छ नदियाँ हैं। जिसमें सभी भारतीयों को स्वच्छ पेयजल, जीवन को पोषण देने वाले जल का लघु सिंचाई तकनीकों के प्रयोग के जरिए सिंचाई मे जल का सक्षम तरीके से उपयोग शामिल है। तटवर्ती इलाकों में बड़ी संख्या में रह रहे लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने और उनकी सार्थक जिंदगी सुनिश्चित करने

हेतु, विशेष रूप से "ब्लू इकोनोमी" का दोहन करके, भारत की लंबी तटरेखा अर्थव्यवस्था की शक्ति बन सकती है। सागरमाला कार्यक्रम के प्रयासों मे हम तेजी लाएंगे और तेजी से अन्य आंतरिक जलमार्ग विकसित करेंगे। हमारे विज़न का छठा आयाम हमारी तटरेखा और समुद्र हैं जो भारत के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

खाद्यान्न में भारत को आत्मा निर्भर बनाना, विश्व की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्व को खाद्यान्न निर्यात करना और सर्वाधिक जैविक तरीके से खाद्यान्न पैदा करना हमारे विज़न का आठवां आयाम है। "मूल्य–वर्धन" पर ध्यान केंद्रित करके आधुनिक कृषि पद्धतियों के जरिए उच्च कृषि उत्पादन तथा उत्पादकता प्राप्त की जाएगी। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण संरक्षण पैकेजिंग और शीतगारों के रख-रखाव पर हमें विशेष ध्यान देना होगा।

यह सिर्फ अंतरिम बजट नहीं देश की विकास यात्रा का उत्सव है। यह जो देश बदल रहा है, देशवासियों के जोश से बदल रहा है। उसका श्रेय और यश उन्हीं को जाता है। हमारी सरकार में विकास का एक जन आंदोलन बन गया है।

हम देशवासियों के बलबूते पर भारत को दुनिया का एक अग्रणी देश बनाएंगे। हम सबने साथ मिलकर अभी नींव रखी है। अब उनके साथ मिलकर इस देश की भव्य इमारत खड़ी करेंगे। इसके लिए हमने एक निर्णायक नेतृत्व दिया, जिसकी नियत साफ है, नीति स्पष्ट है और निष्ठा अटल है।

इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहती हूँ कि मैं जिस मिश्रिख संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुई हूँ, वह देश के अत्यधिक पिछड़े क्षेत्रों में आता है। यहां पर तेजी से विकास कार्यों को करने को आवश्यकता है। मैंने पिछले वर्ष भी यह मांग की थी कि मेरे क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के बायें तट पर तटबंध बनाये जाने की आवश्यकता है। प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में यहां किसान बेघर होते हैं। उनका घर जमीन सब कुछ बाढ़ की चपेट में आ जाता है और ये लोग दाने-दाने के मोहताज हो जाते हैं। तटबंध बनाने से न केवल इन्हें बाढ़ के प्रकोप से मुक्ति मिलगी अपितु इस क्षेत्र में पर्यटन के नये अवसर भी खुलेंगें । मैं माननीय वित्त मंत्री से अनुरोध करती हूँ कि मेरे क्षेत्र में जो मानव रहित समपार रेलवे फाटक हैं वहां यातायात की बहुत बड़ी समस्या रहती है। घटों ट्रैफिक जाम रहता है। अतः इन रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाये जाने की आवश्यकता है।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Sir, I rise to speak on the Budget. It seems that the Finance Ministry has become a Ministry for outsourcing. The original Finance Minister is somewhere else; the Railway Minister is substituting on his behalf. They have got two Ministers of State in Finance.

HON. DEPUTY SPEAKER: The Railway Minister is also looking after the Finance Ministry.

PROF. SAUGATA ROY : None of them is speaking. One Minister for Civil Aviation Department, who was earlier shifted from Ministry of Finance, has been called upon to defend the Budget. This is the Ministry of outsourcing.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please come to the point. He is the Railway Minister. He is also playing the part of the Finance Minister now.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY : Ok, Sir. Why do you defend them?

HON. DEPUTY SPEAKER: The Railway Budget also is a part of the Finance Ministry now.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY : They are doing the outsourcing. Don't defend them.

HON. DEPUTY SPEAKER: The Railway Budget also is a part of the Finance Ministry now.

PROF. SAUGATA ROY : They have got two MOSs. One MOS of Civil Aviation is coming and speaking. This is the condition.

HON. DEPUTY SPEAKER: Now come to the point.

PROF. SAUGATA ROY : I am coming to the point.…(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: You speak regarding Budget.

PROF. SAUGATA ROY: I speak, remembering Tagore's words, "We want a society where the mind is without fear and the head is held high".

This Government wants to function with fear using Income Tax Department, CBI and Enforcement Directorate to throttle their opponents. We want to state clearly that we shall not be put down by their efforts to stifle the opposition. That is why, in spite of the tall talks in the Budget, I shall present some facts about the economy.

The Modi Government had said that in five years, they would provide 10 crore employment. Now, this year, unemployment is at an all-time 45-year high, at 6.1 per cent. They are not publishing the National Sample Survey Organisation data and the Chief Statistician of the Government and the Members of the Statistical Commission have resigned from the Statistical Commission because the Government is not allowing them to publish the data on unemployment which is at a very bad state....(*Interruptions*). It is a matter of shame....(*Interruptions*)

Sir, the banking industry is at the worst ever. The total non-performing assets of the banks have crossed Rs.11.5 lakh crore, an all-time high. They speak of the Insolvency and Bankruptcy Code. That has recovered only Rs. 3 lakh crore. ...(*Interruptions*). Still the largest NPAs remain, as a result of which the Reserve Bank had to impose prompt corrective action on some banks to prevent them from lending.

Now, if the banks cannot lend, how will the economy develop? Now, as the Reserve Bank was being tight on banks, that is why, this Government fought with the Reserve Bank Governors. Two successive Reserve Bank Governors, known

as good economists, Dr. Raghuram Rajan and Dr. Urjit Patel, had to leave before completing their five years.

This Government is destroying institutions like the Reserve Bank, which has enjoyed autonomy since 1934.

This Government has not been able to bring back the people who fled with bank's money. Shri Nirav Modi escaped with Rs. 11,500 crore of Punjab National Bank's money, and he was photographed with the Prime Minister in Davos in Switzerland. Shri Mehul Choksi also escaped; Shri Vijay Mallya -- a friend of many in the ruling Party -- escaped and not yet brought back; and Shri Lalit Modi has still not been brought back. The whole banking system is seeing a collapse.

Sir, if you look at the Budget -- and I think that you have also mentioned it in your speech that this Budget is an act of Constitutional impropriety -- Mr. Piyush Goyal gave a Budget for a Government, which will be in power only for two months in the next financial year. He gave a grandiose speech giving a Budget for one year. What authority does he have to do it? Now, there were other Finance Ministers before him like Shri Jaswant Singh in 2004; Shri Pranab Mukherjee in 2009; and Shri Chidambaram in 2014 who all presented Vote on Account Budgets. Now, this Interim Finance Minister has presented an 'Account for Votes'. This is only a vote-oriented Budget. They have done so because the Government is in doldrums.

Why is it so? Today, the effects of demonetization -- which was a cruel blow on the economy that took away lakhs of jobs -- is still there. The Government has tried to apply 'betadine' to the wounds created by demonetization. Ultimately, they were not able to bring back black money into the

system. On top of that, they hurriedly imposed the Goods and Services Tax, which was supposed to be 'one tax for one nation' with five different tax slabs. They have gone on changing the tax rates as a result of which the GST collection this year is Rs. 1 lakh crore less than budgeted earlier.

What has the Government done? It knows that it is extremely unpopular. They know that the Prime Minister is facing black flags / black balloons against him in Andhra Pradesh, Assam and in the North East. Now, the Andhra people have a justified demand for a special category State, but that is not being listened to. I would urge the Government to announce something about it.

***श्री राम टहल चौधरी (राँची):** 2014 के बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व गठित सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार रहित है साथ ही भ्रष्टाचार की जड़ो के उन्मूलन का काम भी प्रभावी ढंग से हुआ है जिससे देश में विकास वास्तविक रुप से हुआ है और आज भारत देश विकास एवं समृद्धि की ओर बढ़ रहा है इसका पूरा असर भारतीय जीवन स्तर को उन्नत करने पर पड़ा है। 2014 में देश में दो अको की महंगाई दर बढ़ रही थी जिसे रोकने का काम एवं इस महंगाई दर को 4.6 प्रतिशत पर लाने का काम एनडीए सरकार ने किया है जो सरकार की कुशल शासन का संकेत देती है। 6 वर्ष पूर्व राजकोषीय घाटा 6 प्रतिशत के करीब था जिसे 3.4 प्रतिशत पर लाया गया है राजकोषीय घाटा से देश में महगाई बढ़ती है। देश में प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किये गये। माननीय प्रधानमंत्री भारत में निवेश बढाने हेतु विदेशो में गये और एनआरआई उधोगपतियों से भारत में निवेश करने के अनुरोध एवं सुझाव दिये है जिसके कारण 239 बिलियन डालर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश हम कर सके है। निवेश करने से देश में उधोग बढते है और रोजगार के अवसर बढ़ते है। जीएसटी के माध्यम से करो में एकरुपता लाई गई, जीएसटी से पूर्व 17 तरह के कर लगते थे जिन्हें समाप्त करके जीएसटी कर व्यवस्था को लागू किया है और धीरे-धीरे इसे सरल भी किया जा रहा है और जीएसटी में विभिन्न वस्तुओं पर लगने वाले करों को कम किया जा रहा है जिससे हमारे देश के व्यापार व्यवस्था और उद्योगों के कार्यकरण में बहुत सुविधा मिलेगी, इस तरह से देश को विकास के पथ पर लाने के प्रयास किये जा रहा है।

2014 से पूर्व बैंकों से पैसा लेकर उद्योगपतियों द्वारा हड़पने की काफी घटनाएं हुई है और बैंको की बकाया रकम 2008 में 18 लाख करोड़ रुपये थी जो 2013 में 52 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई इस तरह से 34 लाख करोड़ रुपये 6 साल में बैंकों का बकाया धनराशि हो गई एवं कई लाख करोड़ रुपये की संपत्तिया बेइमान लोगों द्वारा छिपाई गई जिसके कारण 2014 में दस प्रतिशत लोगों के पास देश की 90 प्रतिशत सम्पत्ति थी और 90 प्रतिशत जनसंख्या के पास केवल 10 प्रतिशत सम्पत्ति थी यानि देश में सम्पत्ति एवं भूमि के मालिकापन का विभाजन भीषण असमान रुप में था जिसे वर्तमान सरकार ने इस असमानता को दूर करने के का प्रयास किया है इसके लिए कई विधेयक 16वीं लोकसभा में

* Speech was laid on the Table.

पास किये गये। वर्तमान सरकार के काम-काज से आज ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि बैंक चूककर्ता देश छोड़कर भाग रहे है और बैंक चूककर्ताओं से 3 लाख करोड़ रुपये की राशि भी प्राप्त की जा चुकी है। बैंको के खर्च को कम करने के लिए बैंको का एकीकरण भी वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुआ। इस सरकार ने ग्रामीण गरीबों एवं मध्यम लोगों को बैंकिग व्यवस्था से जोड़ा है आज देश में 34 करोड़ जनधन खाते है जिसमें गरीबों के 88 हजार करोड़ जमा है।

आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में सरकारी कार्यों में पारदर्शिता का युग शुरु हुआ और आदरणीय मोदी जी ने एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चला रहे है इसके लिए देश की जनता उनका आभार व्यक्त करती है।

देश में स्वच्छता का पूरा ध्यान दिया गया है गांवों में शौचालय बनाने में केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को करोड़ों रुपये दिये। देश के 5 लाख 45 हजार गांवो में खुले में शौच से मुक्त किया। सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग का आरक्षण को जारी रखते हुऐ अलग से 10 प्रतिशत गरीब लोगों को नौकरी में आरक्षण और शिक्षा संस्थाओं में आरक्षण दिये जाने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया जिससे अन्य वर्ग को न्याय मिल सके। गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में कई काम किये है, इस काम पर 2018-2019 में लगभग 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये का व्यय किये है जो पहले से दोगुना है। वर्तमान सरकार ने ऐसे बहुत से कार्य किये है जिससे गांवो में शहर जैसी सुविधाएं मिलने लगी है, जिससे गांवो एवं शहरों की सुविधा में व्यापक अंतर को कम किया गया। इस सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में तीन गुना वृद्धि अर्जित की है जो एक रिकार्ड है। देश में 17.84 लाख बस्तिया है जिसमें से 15.80 लाख बस्तियों को पक्की सड़को से जोड़ दिया है आज गांव के लोगों को बरसात के दिनों में कीचड़ आदि में नहीं चलना पडता है वे साईकिल एवं मोटर साईकिलो से अपने गांवो को आसानी से आ जा रहे। देश में वर्तमान सरकार ने सौभाग्य योजना लागू की जिससे कई लाख अंधेरे वाले घरो को बिजली के कनेक्शन मिले है। सरकार ने गांवों के लोगों एलईडी बल्ब उपलब्ध कराये है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को 50 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है और देश की बिजली व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है अब तक 2 करोड़ 47 लाख घरो को बिजली कनेक्शन दिया है पूर्व में गांव में कई कई दिनों तक बिजली

नहीं आती है गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चो के पठन पाठन में कई कठिनाई पैदा होती थी। पहले बिना बिजली गांव में एक बच्चा पढने के लिए सूर्य उदय का इंतजार करता था और भारतीय ग्रामीण युवतियों को शौच जाने के लिए सूर्यास्त का इंतजार करना पड़ता था।

यह सरकार किसानों के प्रति काफी हितैषी रही है उनकी आय को दुगना करने के कार्य कर रही है और इसके लिए कई योजनाएं ला रही है। इसी सरकार ने 22 किस्मो के खाद्यान्न को न्यून्तम समर्थन मूल्य के अंतर्गत लाई है। और किसानों की लागतों को डेढ गुणा कम करने के प्रयास में उन्हें बीज, खाद्य कीटनाशक दवाऐ एंव सिंचाई सुविधाओं की लागत को कम करने का प्रयास कर रही है।

एनडीए की सरकार ने देश के लोगों के स्वास्थ्य सुविधा का खयाल रखा है, देश में 22 एम्स की घोषणा हो चुकी है और कई एम्स कार्य कर रहे हैं, किडनी के रोगियों को डायलीसीस सुविधा कम खर्च मे, टीबी का पूरी तरह से उन्मूलन, घुटनों के ट्रांसप्लांटेशन में सहायता, सस्ती दवाओं की दुकान जन औषधी केन्द्र की संख्या बढाई है जिससे गरीब व्यक्तियों को सस्ती दवा मिल सके।

देश में पशुपालन, मत्सय पालन एवं डेयरी काफी संभावनाएं है सरकार ने इस सम्बंध में राष्ट्रीय गोकुल मिशन में 750 करोड़ रुपये का आबटन किया है, गाय संसाधन का सही ढंग से दोहन करने के लिए राष्ट्रीय कामधेनू आयोग गठित किये जाने घोषणा की है। उसी तरह से इस सरकार ने मत्स्य पालन विभाग बनाने का निर्णय लिया है। मछली उत्पादन में विश्व में हमारे देश की 6. 3 हिस्सेदारी है मछुआरों को गहरे समुंद्र में मछली पकड़ने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस बजट में किसान, मछुआरे, मजदूर, व्यवसायी, उद्योगपतियों एवं ग्रामीण व्यवसाय से सम्बंध रखने वाले सभी वर्ग का ध्यान रखा है जिसके कारण सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य पर वर्तमान सरकार ने ईमानदारी के साथ काम किया है। मैं 2019-20 के अंतरिम बजट का समर्थन करता हूँ।

SHRI H.D. DEVEGOWDA (HASSAN): HON. DEPUTY SPEAKER, Sir, I am not going to consume more time. The day before yesterday, for the first time in my life, I was a little upset when the Speaker had not called me on that day. I express my regret. During the last 60 years, I respected the exalted Chair.

Today, the opportunity has been given by your goodself. I would only touch upon two or three points. Our hon. Prime Minister always, either in public meeting or in Parliament, says that the coalition Governments cannot fulful the dreams of the people. The coalition era was started first by Vajpayee *ji* for 13 days. Earlier, VP Singh Government was not the coalition Government. When VP Singh formed the Government, it was supported by Left parties and the Bharatiya Janata Party. In my humble opinion, in 13 days, the coalition Government was unable to get the vote of confidence. So, it was one of the accidental eras in my life. When Jyoti Basu and other leaders were compelled to accept this responsibility …(*Interruptions*) I will tell you; I have got the highest regard for you. Only for 320 days I was in that Chair. The present Government is there for 55 months and the Congress Government was there for 55 years. That is worth comparison and all these days went on.

Vajpayee *ji* has taken several decisions to improve the economy, to reduce poverty, to bridge the gap between rural and urban. So, he also has taken several decisions. One thing we must remember. When the country's economy was in a very bad shape, former Prime Minister Manmohan Singh was the person who had initiated the economic reforms. Industrial policy was changed; liberalisation was brought to invite foreign investments. In this Chair, Vajpayee *ji* was the Leader of the Opposition; I do not want to go back to the old days. I took

the responsibility on 1st June, 1996. What little I have done for this nation as Prime Minister, I would only highlight some of those points.

On development side, I will come later on. It was a 13-Party coalition supported by the Congress. Who brought the Right to Information Act? The House must know and the country must know that the Central Government had set up a Group under the chairmanship of Shri Arun Shourie, a well-known civil rights activist in January 1997. Another eminent personality in the Working Group was Soli Sorabjee, former Attorney-General and a legal luminary with the record of decades of campaign for freedom of expression. After he gave his report, the Right to Information Act was brought. It may be a small issue as to who brought the Right to Information Act and at what time it was brought. The concept of Lok Pal was moved by Santhanam Committee in 1962.

However, it could not be pushed through despite an effort made by Shri Shanti Bhushan in 1970s. The next major efforts were made during our Government. Shri Shanti Bhushan was a Law Minister during Morarji's Government. They tried to bring the Lokpal but it was not possible.

During our regime, what happened? I personally initiated an effort--it was my bad experience-- to include the Prime Minister, and the Cabinet had taken a decision in August, 1996.

Sir, this Bill was listed during the Budget Session in February, 1977. After the Prime Minister was also included under Lok Pal, a Cabinet decision was taken. It was listed for February, 1997 Budget Session. Sir, I will come later on to the Delhi Metro.

To keep operational management of telecom sector at arm's length, the innovative device of Telecom Regulatory Authority of India was established in 1997. Prior to this, the entire telecom sector was there under British era's Telecom Act, 1885. We regulated the activities done in the Department. The Telecom Regularity system was brought in February, 1997. The United Front Government led by us recognised the importance of the Civil Aviation for the development of business, trade, tourism and the role which it could play for the rate of growth of economy as a whole. This also had a clear strategic vision for modernising this sector through deregulation and competition.

In January, 1997, the Cabinet took a decision to permit upto 40 per cent of the foreign equity and upto 100 per cent NRI-OCP investment for air services transport system.

Sir, these are some of the decisions which was taken by the coalition Government. It was a coalition era. In 1996, the Centre announced that the State Governments would be allowed to clear power projects of all phases and costs without having to come to Central Electricity Authority for clearance. A major departure from the early policy was done by a notification dated 10th April, 1997. The Union Government delegated to State Governments an authority to issue environmental clearance. Even for environmental clearance, we gave the permission. Certain categories of thermal power projects were given permission after holding public hearings with all the concerned parties and stakeholders. The Government also decided to abandon power transmission from power generation and distribution and allowed the transmission to treat it as district commercial activity. This was an important initiative to facilitate the issue of separate stand-

alone license to private transmission companies. Power transmission was opened for the private investment by the Cabinet decision in January, 1997.

Now, I want to talk about Women's Reservations Bill. Sir, this Bill was discussed in the Cabinet meeting on 28th August, 1996 and thereafter, it was introduced in the Lok Sabha as the 81st Constitution Amendment Bill on 9th September, 1996. Discussions on the Bill was blocked on various technical grounds in a pattern which was to become familiar in later years. A subsequent attempt to get the Bill passed by Shri I.K. Gujral who succeeded me as the Prime Minister met with the same situation.

Sir, till today, Vajpayee Ji had tried. Manmohan Singh Ji had tried. Your goodself, sitting on this side in the very same House, persuaded the Government. What has happened to the Women's Reservation Bill? I think the Rajya Sabha has sent it to the Select Committee. I do not know whether it has been passed or not. So many people wanted the Women's Reservation Bill to be brought.

In Karnataka, when I was the Chief Minster, I gave 35 per cent reservation to almost all the local body elections, except the Parliament and Assembly elections. A delegation was sent by me as Chief Minister to meet all the political parties in different regions and submit a Memorandum so that let them incorporate this in their manifesto for the next election. With this background, I sent the delegation. It was, of course, incorporated in the manifesto of almost all the regional and national parties. What has happened?

I am not going to say about reservation of jobs for the women, which may be subsequently brought by various States. Even in Government jobs, during my regime, even for the police constables under direct recruitment and for the police

sub-inspectors and for all these categories of officers, there was 35 per cent reservation for women in 1994-95. Please understand what we have done in only 328 days.

Now I would like to quote one instance regarding the Union Public Service Commission. You are talking so much like 'women empowerment is my first consideration'. Where is that consideration? I heard the hon. Prime Minister's speech. Till today, even in the Union Public Service Commission, not a single job is given to women under reservation. You talk too much. I am not going to lose my patience. I am sorry, if I have hurt the hon. Prime Minister.

What have we done? In our Budget, Rs.10 crore was provided for giving assistance to the States which have set up or will set up the Women Development Corporation. It may be set up with a small budget. We were giving Rs.10 crore for the Women Development Corporation.

Another point was that for the Women Development Corporation, an additional amount of Rs.10 crore had been set apart for starting a Training-cum-Production Centre or Scheme for the destitute women in different States. This is what little we, the 13-Party coalition, have done.

I think our Minister of State for Civil Aviation was talking about a dam which was not completed or there was no way to complete it. Who has taken the decision? In 1995, a new scheme was set up called 'Accelerated Irrigation Programme'. As a student of civil engineering, when Pandit Jawaharlal Nehru inaugurated Bhakra Nangal dam, as part of a training course, our Superintendent had taken us to all the dams to get practical experience. I saw the Bhakra Nangal dam. When? It was about 55 years back.

When I came here, I had kept all these things in my mind. But Mr. Gadgil, the then Deputy Chairman of the Planning Commission said that irrigation was a State subject and I could not do it. It was the first time when I came to the House.

I remember that construction of Narmada Dam was stopped by Medha Patkar. She stated that tribal people would suffer if the dam was constructed. Even though the World Bank had extended about Rs.8000 crore for the dam, it came to a standstill. I do not want to take credit for what I did. But I would like to say what I did. I held a meeting of all the four Chief Ministers of Maharashtra, Gujarat, Rajasthan and Madhya Pradesh. They told me that the matter was pending in the Supreme Court. They also gave a notice to the Union Government. At that time, I took the decision on the basis of my experience. The same was accepted and the height of the dam was fixed. Now, our hon. Prime Minister has inaugurated it.

As a former Prime Minister, I would like to bring the issue related to Tehri Dam to the notice of the House. Sunderlal Bahuguna, who was an old freedom fighter went on a hunger strike against the construction of Tehri Dam. This project was also aided by the World Bank. I called Madhu Dandavate and requested him to bring Sunderlal Bahuguna and solved the problem. We solved it and the dam was completed. Please understand what we have done when we were in the Government.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude.

SHRI H.D. DEVEGOWDA : Sir, please give me a few more minutes. I do not want to encroach upon the time of the other Members. I sincerely request you to give me some more time. I have some points to speak. History must be known.

We have done work on Kudankulam Nuclear Reactor. Then, sharing of Ganga water with Bangladesh was another achievement. Sheikh Hasina came here and the treaty was signed. It is now 30 years and there has been no problem. The treaty is still in operation. There are no differences between Bangladesh, India and West Bengal on this issue.

Sir, the President of China came to India on 28th November, 1996. The most significant part of the visit was signing of the agreement for confidence building measures among the military personnel along the Line of Actual Control between the two countries. The agreement was a virtual No War Pact, which involved withdrawal of troops from the border area and we pledged not to use military power against each other. This was the first such agreement after 1962 War which proved a major breakthrough in our relationship with China.

Sir, there was another agreement which established better communications in the border areas and avoided military exercises which involved more than the strength of a division. The confidence building measures agreed upon between India and China in November 1996 were partly efforts made by two countries to improve bilateral relationship and freeze the border dispute.

Then, another major breakthrough happened when Russia agreed to help India in developing the state-of-the-art integrated air defence system estimated to be worth between $8 billion and $10 billion. The best part of the agreement was integration of indigenously developed surface-to-air missile Akash with Russian anti-missile system.

Russia also agreed to block the sale T-80UD tanks by Ukraine to Pakistan. Another pending issue with Russia was establishment of the nuclear power plant

at Kudankulam and an agreement was signed during my period. Though there was an earlier agreement between Rajiv Gandhi and Mikhail Gorbachev, it was operationalised only after the disintegration of the Soviet Union. There were some objections from the suppliers' group of which Russia was a member. Those issues were sorted out and the agreement was signed to establish the plant.

There is only one other point on which I would like to take your valuable time. For Delhi Metro, we had brought the Japanese aid of US $ 10 billion dollars. In 1982, the Delhi Development Board and Delhi Government initiated for developing a metro system of transport. For more than 13 years, they did not come to a final decision. It was settled during my period. How the funding was made and all these things, I can go on reading this, if the Deputy Speaker permits. For the entire funding operation also, a decision was taken and a time schedule was fixed.

So far as farmers are concerned, the Prime Minister said only one word 'the so-called farmers' when he was replying to the debate on the Motion of Thanks on the President's Address. I am not going to replying to all these issues, but only on one issue. …(*Interruptions*) Sir, please allow me to speak. …(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I will give all your time to him.

…(*Interruptions*)

SHRI H.D. DEVEGOWDA : Sir, I am not going to claim that I am a former Prime Minister; I am not going to claim that I am a farmers' leader; I am not going to claim that I was the only one person who fought for the farmers.

Please let me explain some of the points and how a Prime Minister has to take the decisions. My friend from Maharashtra was talking. The Vasant Dada Patil's statue was inaugurated by me. In that meeting Shri Manohar Joshi said that he wanted to take a delegation to the Prime Minister in connection with the major problem of over-production of cotton. He telephoned me. I asked him why he wanted to bring a delegation and it was enough for him to send a fax. I called the officers and within four or five hours, I asked them what the domestic requirement was. They gave the figures. I ordered the export of three lakh bales. This was told by Shri Manohar Joshi in a public meeting where I was invited to inaugurate the statue of Vasant Dada Patil. I can quote several instances.

The production that year was of 101 million tonnes. There was a growth of 7.8 per cent in agriculture which had not happened earlier and it is not happening even today. Let them enlighten the House about the facilities we had given to farmers. I have already quoted them and that is why, the farmers were able to give so much production in that year. I made a comment about Rs. 6,000 per year to be paid to farmers. What is the cost of production? My friend from Telangana was telling how much reward they are giving.

Please understand this. When we are paying pension to the Government officials, can we not pay pension to an old farmer, who is 70 years old? We are thinking of providing all types of facilities to the working class. I am not against that. Farmers have not organised themselves. They are unorganised. In the last five years, how many protests have been taken out by the farmers? How many farmers have died in any State? At the fag end of this Parliament's tenure, you are announcing some schemes. This Parliament's tenure is almost over. Only two

months are left for this Government's tenure. At the fag end, you are announcing a relief of Rs. 6,000. In my humble opinion, it is a peanut. Do not mistake me for using this word.

In Karnataka we are running a coalition Government. I do agree that there are some small differences. Why do you unnecessarily quote what has happened in Karnataka? I do not want to make it a big issue. You must also realise that my son, Shri Kumaraswamy, without my knowledge had gone with Bharatiya Janata Party earlier. What was the punishment? To curb the mine mafia of Bellary, a chargesheet was made. But within two months, a particular person had collected Rs. 150 crore through the Ministry of Forest. He suffered for two months. I fell ill for four months. I was bed-ridden. There is some differences with Congress. But I assure you today that we are not going to allow the Government to fall. We will work together and we will try to fight the battle together.

I am 86 years old and I am aged. So, at 86 years, they may be under the impression that I am going to retire. I may not contest Assembly and Parliamentary elections. But I will guide these younger people how to keep the Government intact. He has promised to waive Rs. 44,000 crore loan to the farmers. It will be done. When the Prime Minister comes next time to Karnataka, I will give the facts and figures as to how much of loan has been waived. I would request the scheduled banks to cooperate. That is the only request I had made to the hon. Prime Minister. If he really wants to help the farmers, the scheduled banks should also cooperate. We want to clear all the NPAs of the farmers. But they have taken an alibi that unless all the interest and penal interest are settled, this will not be agreed to. This stand was taken after the Government of

Karnataka announced Rs. 44,000 crore loan waiver, including cooperative and scheduled banks.

With these words, with folded hand, I express my sincere thanks. Thank you very much.

श्री मधुकरराव यशवंतराव कुकडे (भंडारा-गोंदिया): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं इस सरकार के इन्टरिम बजट पर अपनी बात कहने के लिए खड़ा हूं।

माननीय वित्त मंत्री जी ने प्रधान मंत्री कि सान योजना लागू की, इसके लिए मैं उनका स्वागत करता हूं। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि किसानों के जो औजार लगते हैं, चाहे ट्रैक्टर ट्रॉली हो, ट्रैक्टर हो या अन्य वस्तुएं हों, इनको जीएसटी मुक्त किया जाए तो देश का किसान सुखी हो जाएगा।

16 34 hrs (Hon'ble Speaker *in the Chair*)

जीएसटी की वजह से खाद के दाम बढ़ रहे हैं, उनके मूल्य बढ़ रहे हैं। मैं ग्रामीण अंचल से आया हूं। मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन है, उन्होंने प्रधान मंत्री किसान योजना चालू की, मैं उनका स्वागत करता हूं। साथ में अगर जीएसटी खत्म कर दिया जाए, तो किसान सुखी होंगे। महाराष्ट्र के अन्दर 1 अप्रैल के बाद से सरकार ने बिजली देनी बंद कर दी है। उन्होंने किसानों को कहा है कि आप सौर ऊर्जा पर कनेक्शन लीजिए, यानी किसान को अपना निर्णय खुद करने का अधिकार नहीं रहा।

महोदया, हम किसानों को राहत देने की बात करते हैं। मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से निवेदन करता हूं कि किसानों को बिजली उनकी मर्जी से मिले। महाराष्ट्र सरकार ने 1 अप्रैल के बाद किसानों को कम्पलसरी कर दिया कि सौर ऊर्जा का कनैक्शन लीजिए, सरकार बिजली नहीं देगी। हम किसानों को मदद देने की बात करते हैं, उनको बिजली देनी चाहिए। महाराष्ट्र में भंडारा और गोंदिया जिले में धान की खरीदी केंद्र शुरु हुए थे मगर दो माह से बंद पड़े हैं। किसानों का धान सड़ रहा है। उनको दो महीने से पेमेंट नहीं हो रही है क्योंकि तोल नहीं हो पा रहा है। हमने कहा कि इलैक्ट्रिक कांटा होना चाहिए। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की योजना में 6,000 रुपये प्रति वर्ष देने हैं, हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र में भी खुली लूट चल रही है। प्याज का दाम क्यों नहीं दे रहे हैं? प्याज का दाम क्यों नहीं बढ़ा रहे हैं? आज भी कच्चे माल की कीमत नहीं है, भंडारा और गोंदिया जिले में दूध संघ को पांच रुपये प्रति लीटर देने की बात की थी, लेकिन आज तक उनको पेमेंट नहीं हुई है। छ:-छ: महीने से पेमेंट नहीं हुई। हम किसानों की बात करते हैं कि पूरा मूल्य मिलना चाहिए।

माननीय वित्त मंत्री जी और रेल मंत्री जी ने विदर्भ के विकास की कोई बात नहीं की। मुझे आशा थी, अलग विदर्भ तो नहीं दे सकते हैं, अलग विदर्भ की मान्यता भी नहीं दे सकते हैं कम से कम रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर विदर्भ को न्याय दें। बीईएचएल का कारखाना पूर्व सरकार ने शुरू किया था, उसे निधि नहीं दी गई। डब्ल्यूसीएल को भी देखना चाहिए। नागपुर में एक भी नया उद्योग आया नहीं है। गडकरी जी मंत्री हैं, अगर भारत सरकार विदर्भ को विशेष पैकेज देती तो विदर्भ की जनता धन्यवाद करती। माननीय गडकरी जी और माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि हमने हर गांव को अच्छे रास्ते से जोड़ना है, बसें हर गांव में जाएंगी। इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते कहां हैं? ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे स्कूल जाते हैं, मिट्टी के रास्ते हैं, पक्के नहीं हैं। किसान खेत में जाता है, हल जोतता है, उसके लिए भी सड़क का अभाव है। सुंदर रास्ते बनाए हैं, चार लेन के रास्ते बना दिए, आठ लेन के रास्ते के बना दिए। हम एक तरफ डिजिटल इंडिया की बात कहते हैं, अच्छे स्कूलों की बात कहते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की असुविधा से बच्चे गांव में नहीं रहना चाहते हैं, शहर की ओर भाग रहे हैं।

अब मैं माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की बात करता हूं, उन्होंने नदियां जोड़ने का प्रयत्न किया था ताकि पूरे देश में पानी की समस्या दूर हो जाए, किसानों को पानी मिले। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारत देश के किसानों को राहत देने के लिए और जनता को पीने का पानी देने के लिए नदियां जोड़ो अभियान की शुरुआत की थी। मुझे लग रहा था कि यह सरकार नदी जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाएगी, देश को नई दिशा देगी जिससे देश में कहीं भी सूखा नहीं पड़ेगा, हर जगह खेती होगी, इससे किसान को फायदा होगा। अगर पूरे देश की नदियों को जोड़ दें, पानी को समुद्र में न जाने दें तो किसान को राहत मिलेगी, मदद मिलेगी और बिजली भी पैदा होगी। इससे माननीय अटल जी का सपना साकार हो सकता था। उन्होंने पूरे राष्ट्र को जोड़ने का प्रयास किया, हमें माननीय अटल जी की भावनाओं का आदर करना चाहिए था।

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने पांच लाख रुपये की इनकम को आयमुक्त किया, हम इसका स्वागत करते हैं। मेरा निवेदन है कि 5 लाख से 8 लाख तक की इनकम को 10 प्रतिशत, 8 लाख से 15 लाख इनकम के लिए 20 प्रतिशत और 15 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स

लिया जाए। आपने सिर्फ ढाई लाख रुपये की छूट और देकर 12,500 रुपए का फायदा दिया है। मेरा निवेदन है कि टैक्स देने वाले सभी सरकारी और अन्य लोग हैं। इनमें सांसद भी हैं जो टैक्स भरते हैं, उनको भी राहत मिलनी चाहिए। 5 से 8 लाख तक दस प्रतिशत, 8 से 15 लाख रुपये 20 प्रतिशत और 15 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स करना चाहिए। इससे सभी सांसदों और विधायकों को फायदा होगा। राष्ट्र की निधि में जिनका योगदान है, उनको राहत देने के बारे में सोचना चाहिए, ऐसी मेरी सोच है।

यहां आयुष्मान भारत की बात कही गई, इसका स्वागत है। आज ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी अस्पताल पूरी तरह से तैयार नहीं है। कहीं डॉक्टर नहीं है और कहीं इक्विपमेंट्स नहीं हैं। वहां न एक्स-रे मशीन है, न ही सोनोग्राफी मशीन है, अगर दोनों हैं तो टेक्नीशियन नहीं हैं। डॉक्टरों की कमी है। गोंदिया में डॉक्टरों की कमी है। सरकार ने भर्ती बंद कर दी है। हम चाहते हैं कि पूरे डॉक्टर और टेक्नीशियन होने चाहिए। आयुष्मान योजना से लोगों को राहत दी है, हम इसका स्वागत करते हैं। इसका पूरा इम्प्लीमेंटेशन कब होगा कि लोग सरकारी दवाखानों में दवा लेने जाएं?

माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय वित्त मंत्री जी वित्त मंत्री के साथ-साथ रेल मंत्री भी हैं। मैंने उनसे तीन मांगें की थीं कि गोंदिया में हमसफर ट्रेन का स्टापेज हो और तिरोड़ा में गोंडवाना एक्सप्रेस का स्टापेज हो और सिपेन-विरार-नरेवी से कटंगी रेलवे लाइन का काम पूरा होना चाहिए। जो काम 1998 में माननीय ममता बनर्जी रेल मंत्री थीं, उन्होंने इसको मान्यता प्रदान की थी, अभी तक 20 साल हो गये, कटंगी और तिरोड़ा के बीचे रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम नहीं किया गया है। एक 8 कि.मी.और दूसरा 12 कि.मी. का पैच है। अगर ये जुड़ जाये तो सिपेन विरार और विदर्भ की जनता को उसका फायदा होगा। इसको मंत्री महोदय करेंगे, यह मैं विश्वास करता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदया, इस सरकार ने मनरेगा, जो हमारी रोजगार योजना थी, जिसकी शुरुआत माननीय शरद पवार साहब ने दुष्वार की स्थिति में मार्च में की थी, जहां लोगों को रोजगार की सुविधा मिले, केंद्र सरकार ने उसका बजट कम कर दिया। भंडारा और गोंदिया जिले में पिछले तीन साल से जो मनरेगा के काम थे, सिल्ट के काम थे, उसका पैसा नहीं दिया गया। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्र का विकास रुका हुआ है।

मध्य महाराष्ट्र में ग्रामीण क्षेत्र, जिसे तालुका कहते हैं, हमने उसमें नगर पंचायत बनाया हुआ है। नगर पंचायत के अन्दर मनरेगा का पूरा काम बंद कर दिया गया है। बस सिर्फ नाम बदलने से ग्राम पंचायत, नगर पंचायत बन गया और मनरेगा का पूरा काम बंद होने से वहां किसी भी व्यक्ति को काम नहीं मिलता है। इस पर भी माननीय मंत्री जी ध्यान देंगे।

मैं अंतिम बात कहूंगा। अश्रमिक कामगारों के लिए माननीय मंत्री जी ने घोषणा की कि अगर वे 29 वर्ष की उम्र से 100-100 रुपये और 18 साल की उम्र में 55 रुपये जमा करें, इसका स्वागत है। अगर वह व्यक्ति बीच में मर गया तो मेरा निवेदन है कि उनके परिवारों या आश्रितों को तीन हजार रुपये की पेंशन मिलनी चाहिए। कोई व्यक्ति 60 सालों तक जिंदा रहेगा, इसकी गारंटी नहीं है। अगर सरकार ने गारंटी दी कि उस परिवार को तीन हजार रुपये देंगे तो उससे उसे फायदा होगा।

यह जो बीमा योजना है, यह गोंदिया जिले में लागू है, पर भंडारा जिले में लागू नहीं है। गोंदिया में भी इसे लागू करेंगे, ऐसा मैं निवेदन करता हूं और अपनी बात को खत्म करता हूं।

धन्यवाद।

*__श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी):__ यह बजट नए भारत के निर्माण का बजट है। यह बजट लगभग साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा मध्य वर्ग के परिवारों, 12 करोड़ से ज्यादा हमारे किसानों, 30 करोड़ से ज्यादा मजदूर भाइयों को लाभ पहुंचाने वाला है। यह बजट मध्य वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाएगा। भारत की अर्थव्यवस्था को उदयीमान अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तीव्र गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था माना गया है। हमारे वित्त मंत्री जी ने बजट प्रस्तुत करते हुए मध्य वर्ग टैक्स पेयर्स की बात की है, जिनके कठिन परिश्रम के कारण टैक्स में बढ़ोतरी हुई है और गरीब जनता का विकास हुआ है। इससे पता चलता है कि किस तरह हमारी मोदी सरकार ने आम आदमी के लिए काम किया है और टैक्स पेयर्स का भी सम्मान किया है। वन रैंक वन पेंशन योजना के प्रयोजन के लिए 35 हजार करोड़ रुपये दिए हैं तो केंद्र सरकार ने अपना वायदा पूरा किया है। मुझे प्रसन्नता इस बात की है कि हमारी इस सरकार ने फिशरीज के लिए नया डिपार्टमेंट खोलने की शुरूआत की है। इससे लगभग 1.5 करोड़ मछुआरों को लाभ मिलने वाला है। केंद्र सरकार ने गरीब असंगठित मजदूर के लिए तीन हजार रुपये पेंशन 60 साल की उम्र से देने का प्रावधान किया है। इससे लगभग 40 करोड़ से ज्यादा असंगठित मजदूरों को बहुत ज्यादा लाभ होने वाला है।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जन-धन योजना को सफलतापूर्वक अपने देश में लागू किया है। डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर से पारदर्शिता और सरकार की जवाबदेही तय करके 90 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की लूट बचाने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह मोदी सरकार ने किया है। हमारी सरकार ने एससी, एसटी, ओबीसी के कोटे को छेड़े बिना सवर्ण जाति के गरीबों को 10 परसेंट आरक्षण का अधिकार दिया । अटल इनोवेशन के माध्यम से इनोवेशन को बढ़ावा देने का हमने प्रयास किया है। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से और युवाओं की मेहनत से आज दुनिया के पहले तीन स्टार्ट अप नेशन्स में भारत का नाम आया है। दुनियाभर में सबसे बड़ी हैल्थ केयर योजना आयुष्मान भारत के नाम से शुरू की गई है जिससे गरीब से गरीब आदमी को स्वास्थ्य लाभ मिल सके । सेना को अधिक मजबूत करने के लिए बजट में डिफेंस एलोकेशन से तीन हजार करोड़ रुपये और बढ़ाए गए हैं। हमारी

* Speech was laid on the Table.

सरकार ईमानदारी, मेहनत और प्रभावी नीति से नए और मजबूत भारत की नींव रखने के लिए प्रयासरत है।

वर्तमान मोदी सरकार के समय पांच करोड़ से ज्यादा गरीब गरीबी रेखा से बाहर निकलकर आए हैं। वर्ष 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था 11वें नम्बर की थी, मुझे कहते हुए अति प्रसन्नता है कि हम छठे नम्बर की अर्थव्यवथा बन चुके हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस साल भारत पांचवें नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मैं सरकार को इस देश के गरीबों के लिए, हाशिए पर रहने वालों के लिए और देश के हर वर्ग के लिए शानदार बजट बनाने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

*__श्रीमती रमा देवी (शिवहर):__ 2019-20 के अंतरिम बजट में जनता की प्रगति एवं समृद्धि का पूरा ध्यान रखा गया है इस बजट से आने वाले वर्षों में एक नये भारत का निर्माण होगा। पूर्व में किसानों एवं मजदूरो को छला गया परन्तु, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानो को 500 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की है एवं देश के अत्यंत गरीब लोगों को आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत का नौकरियों एव शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण देकर उनके साथ न्याय किया गया है जो एक रिकॉर्ड है। यह बजट देश में संतुलित विकास का श्री गणेश हुआ है और आर्थिक विकास को आगे बढाने का कार्य किया गया है जिससे इस बजट की आम जनता में काफी चर्चा हो रही है और आम आदमी का इस सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है।

इस लोकप्रिय सरकार ने पहली बार देश के संसाधनों पर गरीबों का हक देने का प्रयास किया है। इस सरकार ने प्रथम बार देश के गैर अधिसूचित, घुमन्तू और अर्द्धघुमन्तू जनजातियों की पहचान करने के लिए एक समिति का गठन किया है और उनके विकास और उनको एक स्थान देने के लिए नवीन कल्याण विकास बोर्ड की स्थापना की है। देश में पहले गांवो में महिलाओं को खाना बनाने के लिए लकड़ी की आग से धुआं झेलना पड़ता था और उनकी आखों में बार आंसू भी आते थे । इस समस्या के समाधान में इस सरकार ने देश की ग्रामीण महिलाओं को एल.पी.जी. कनेक्शन दिये है। उज्जवला योजना के तहत 6 करोड़ एल.पी.जी. कनेक्शन दिये गये है और आगे 2 करोड़ कनेक्शन दिये जाएंगे। देश में युवाओं को रोजगार शुरु करने में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई। मुद्रा योजना में 70 प्रतिशत का भाग का लाभ केवल महिलाओं को मिला है जिससे देश की महिलाओं को स्वावलम्बी बनने में सहायता मिली है। मातृत्व अवकाश को 26 सप्ताह तक बढ़ाया गया और प्रधानमंत्री मातृ वंदना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। आगनवाड़ी में काम करने वाली एवं आशा बहनों के मानदेय में 50 प्रतिशत में बढ़ोतरी करके आशा बहनों के साथ न्याय दिया है। जैसा कि सदन जानता है कि गांवों में आशा बहनें बरसात, कड़कती सर्दी एवं गर्मी के लू मौसम में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनको जीवन सम्बंधी सुरक्षा प्रदान करने के कार्यों में सक्रिय रहती है।

* Speech was laid on the Table.

किसान इस देश का अन्नदाता है सदियों से उनकी उपेक्षा होती रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उनकी आर्थिक और समाजिक दयनीय हालत को देखते हुए किसानों की आय को दुगना करने एवं उनकी लागत को कम करने के अथक प्रयास किये है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दो हेक्टेयर तक की जोत वाले सभी सीमांत किसान परिवारों को 6000 रुपये वार्षिक देने की घोषणा की है जो हर चार महीने में 2000 रुपये उनके खाते में डाली जाऐगी। इससे 12 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ मिलेगा इस कार्यक्रम में बजट में 75,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। देश में पहले यूरिया खाद की कालाबाजारी होती थी और यूरिया खाद का आयात करना पड़ता था किन्तु इस सरकार के आने के बाद यूरिया खाद की कमी नहीं है और यूरिया में मिलावट न हो इसके लिए नीम कोटिंग की जा रही है और देश के कई फर्टिलाईजर कारखाने कई दशको से बन्द पडे थे उन्हें दोबारा चालू किया जा रहा है जिसमें एक बिहार का बरौनी का फटिलाईजर कारखाना भी है। देश की संस्कृति में गाय माता को पवित्र स्थान देने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन का गठन किया गया है जिससे गाय संसाधनों के अनुवांशिक उन्नयन को बढाने हेतु कामधेनु आयोग बनाने का आश्वासन दिया गया है। देश का बहुत बड़ा भाग समुन्द्र से घिरा हुआ है जो मत्स्य पालन को बढ़ावा दे सकता है इसी सम्भावना को देखते हुऐ देश 1.5 करोड़ मछुआरों के कल्याण हेतू अलग से मत्स्य पालन विभाग का गठन किया जाऐगा और गहरे समुंद्र में मछली पालन हेतू उन्हें अलग से ट्रेनिंग भी दी जाऐगी। जिससे देश में मत्स्य क्षेत्र में काफी बडी सीमा तक रोजगार बढेगा। पशुपालन और मछली पालन कार्यों में लगे किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी देने का एवं इस ब्याज को समय पर देने पर 3 प्रतिशत ब्याज देने का प्रावधान किया है।

देश में कुछ वर्षों से कई बीमारी आयी है जिसमें किडनी से सम्बधित बीमारी प्रमुख है। सरकार ने किडनी की बीमारी के लिए कम दाम पर डायलोसिस उपकरण की व्यवस्था की है। देश में पूर्व में जान लेवा टी.बी. बीमारी को जड़ से समाप्त करने में कामयाबी पायी है। देश में गरीब लोगों को इलाज में प्रयोग होने वाली दवाओं को सस्ती दर पर बेचने हेतू 600 से ज्याद जन औषधि केन्द्र खोले गये है। सामान्यतया एक परिवार में कोई बीमार पड़ जाये तो उसके हजारो रुपये कीमती दवाओं पर खर्च हो

जाते थे। जन औषधी केन्द्र खोलकर गरीबो के इलाज में सस्ती दवाएं दिलाकर एक कल्याणकारी कदम उठाया है।

विश्व स्तर पर हमारे देश भारत को एक महत्वपूर्ण स्थान इस सरकार ने दिलवाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2014-13 में 11वीं नम्बर पर थी जिसे आज इस सरकार ने छठां स्थान दिलाया है। देश में आज महंगाई न्यूनतम स्तर पर है। आज से पाँच साल पहले देश में 10 प्रतिशत से ज्यादा मुद्रास्फीति थी जिसे एन. डी.ए. सरकार ने 4.6 प्रतिशत तक ला दिया है। देश में वित्तीय घाटा पहले की अपेक्षा काफी घटा है। ज्यादा वित्तीय घाटा होने से देश में महंगाई तेजी के साथ बढती है जिसकी मार गरीब व्यक्ति एवं किसान पर ज्यादा पडती है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सबसे तेज विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है जिसके लिए भारतीय जनता माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करती है।

देश में आयकर की सीमा को बढ़ाने की मांग को स्वीकार करते हुये इस बजट मे आयकर की सीमा को पांच लाख किया गया है। देश में कई वस्तुओं पर अलग-अलग ढंग से कर लगता था जिसे इस सरकार ने विभिन्न करो को समाप्त करके जी.एस.टी. की व्यवस्था को कायम किया है और कर चोरी को रोकने का पूरा प्रयास किया है। 2014 से पहले आये दिन भ्रष्टाचार की खबरें देखने को मिलती थी और आये दिन घपले होते थे। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियो को पूरी तरह से नियंत्रण किया है। देश में बैंकों के बकाया भुगतान की राशि 2014 में 52 लाख करोड़ रुपये थी, बैंको की बकाया में से 3 लाख करोड़ रुपये का भुगतान राशि को सरकार ने वापिस लिया है और बैंक चूककर्ता देश छोडकर विदेशों में भाग गये, अब सरकार ने उनकी सम्पत्ति को जब्त करने का काम करके चूककर्ता को सही रास्ते में लाने का काम कर रही है।

आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में प्रभावशाली ढंग से योगदान दे रही है। और देश का नाम दुनिया में रोशन कर रही है। महिलाएं उद्योगों का संचालन समुचित ढंग से कर रही है। इससे इस सरकार के कार्यकाल में महिला सशक्तीकरण को काफी मजबूती मिली है। दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत 6 करोड़ महिलाएं काम कर रही है जिससे ग्रामीण महिलाओं को विशेषकर लाभ मिल रहा है।

***श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा):** सबसे पहले मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूँ कि जो आपने अंतरिम बजट पर मुझे अपना विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया है। इसके बाद मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी और माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहती हूँ कि जिन्होंने स्वर्गीय महात्मा गांधीजी के 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर गरीब, किसान, मजदूर, महिला, नवयुवको को समर्पित बजट बनाकर सदन के समक्ष प्रस्तुत किया है। मेरे विचार से इस बजट के प्रस्तुत होने के बाद विपक्ष हतप्रभ और जनता उत्साहित है। जनता को यह विश्वास हो गया है कि यह सरकार निश्चित रूप से स्वच्छ व स्वस्थ भारत का निर्माण तो करेगी ही साथ ही ऐसे भारत का भी निर्माण करेगी जो प्रांतवाद, सांप्रदायिकता, जातिवाद, भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद से मुक्त होगा।

वर्तमान सरकार ने अपनी दूरदर्शिता के कारण ही उच्च वृद्धिदर प्राप्त करने के साथ साथ मुद्रा स्फीति पर रोक लगाई है, जिससे राजकोषीय संतुलन बनाये रखा है। इसी सरकार में ही यह क्षमता है कि 6 वर्ष पूर्व के लगभग 6 प्रतिशत से राजकोषीय घाटा को कम करके 3.4 प्रतिशत पर ला सकी है। हमारी सरकार ने माल और सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य कराधानों में सुधार किया है। पहले केवल छोटे व्यापारी से ऋण वापिस करने का दबाव रहता था, छोटे बड़े व्यापारी के ऋण वसूली की चिंता बैंक को करनी पड़ती थी, इस सरकार के आने के बाद चूककर्ता प्रबंधनतंत्र या तो इसका भुगतान कर रहे है या अपना कारोबार छोड़ रहे है। हमारी सरकार ने पिछले 5 साल से भ्रष्टाचार को समाप्त किया तथा कोयला और स्पेक्ट्रम सहित प्राकृतिक संसाधनों की पारदर्शी नीलामी की है।

वर्तमान सरकार ने अब तक 98 प्रतिशत ग्रामीण स्वच्छता हासिल की है, और लगभग 5.45 लाख गाँवों को खुले में शौचमुक्त घोषित करने में सफलता प्राप्त की है। यह सरकार मानती है। की संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबो का होना चाहिए और इसी को पूरा करने के लिए यह सरकार एससी एसटी व अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को बिना कम किये शैक्षणिक संसाधनों और नौकरियों में 10% आरक्षण अलग से देने का निर्णय लिया है।

* Speech was laid on the Table.

हमारी सरकार यह भी मानती है कि गाँवों की आत्मा को बरकरार रखते हुए उसे शहरों जैसी सुविधाए मुहैया की जानी चाहिए. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हमारी सरकार ने ग्रामीण सड़को के निर्माण में तीन गुना की वृद्धि की है।

आयुष्मान भारत और जन औषधि केन्द्रों द्वारा कम मूल्यों पर दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है, साथ में उनकी जांच के लिए देश में 21 एम्स कार्यरत है और 22वां एम्स हरियाणा में खोले जाने वाला है।

किसानों की आय को दुगनी करने के लिए लगभग 22 फसलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत से 50% ज्यादा निश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व पीएम किसान के जरिये किसानो की सहायता व राहत प्रदान करने का निर्णय सरकार ने लिया है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के जरिये आवंटन राशि को बढ़ा दिया गया है तथा राष्ट्रीय कामधेनु आयोग बनाने का भी निर्णय लिया गया है। मछली उत्पादन के लिए मत्स्य पालन विभाग बनाने का निर्णय लिया गया है।

7वें वेतन आयोग को लागू करके कर्मचारियों को राहत प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन के जरिये जिनकी आमदनी 15000 मासिक या उससे कम है तो इस पेन्शन से उन्हें 60 वर्ष के बाद 3000/- प्रति माह पेन्शन देने का प्रावधान है।

गृहिणियों को राहत देने के लिए व उनको चूले से छुटकारा दिलाने के लिए हमारी सरकार उज्जवला योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन मुफ्त बाटने का निर्णय किया है, जिसमे 6 करोड़ कनेक्शन दिए जा चुके है। गर्भवती महिलाओ के लिए 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश देने का निर्णय भी लिया गया है ताकि गर्भवती महिलाएं काम में सहभागी बन सकें ।

युवावर्ग को सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए सरकार मुद्रा, स्टार्ट अप इंडिया और स्टेंड अप इंडिया जैसी स्व रोजगार स्कीमो के माध्यम से सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से युवा नौकरी मांगने के स्थान पर स्वयं नौकरी देने वालो की श्रेणी में आ गये है।

सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यमों और व्यापारियों के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने 59 मिनिट में एक करोड़ तक का ऋण देने की योजना बनाई है।

आज सामान्य नागरिक भी उड़ान योजना के तहत हवाई जहाज में यात्रा करने में सक्षम हो गया है एवं हवाई अड्डो की संख्या में वृद्धि की गयी है। अरुणाचल प्रदेश हाल ही में हवाई मार्ग के मानचित्र पर और मेघालय, त्रिपुरा मिजोरम पहली बार रेल मानचित्र पर दर्ज हुआ है।

इस सरकार के आने के बाद डिजिटल इंडिया क्रान्ति में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। इसके अंतर्गत भी काफी रोजगार के अवसर बने है।

उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लाभ के लिए माल व सेवा कर (जीएसटी) में सुधार आये दिन किए जा रहे है।

मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सीमा शुल्क और प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाया है और 36 महत्वपूर्ण वस्तुओं पर शुल्कों को समाप्त कर दिया है। देश से काले धन को समाप्त करने के खिलाफ हमारी सरकार ने नोटबंदी जैसा कठोर कदम उठाया जिससे देश में कालेधन को समाप्त किया जा सके।

हमारी सरकार ने अगले 10 वर्षों के लिए अपना विज़न भी तैयार किया है, जिसको देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यदि अगले 10 वर्षों में इस विज़न को लागू कर दिया गया तो निश्चित रूप से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो जाएगा।

हमारी सरकार का पहला विज़न 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और सेहत सुखद जीवन के लिए भौतिक तथा सामजिक संरचना का निर्माण करना होगा. दूसरा विज़न एक डिजिटल भारत का निर्माण करना होगा. सरकार का तीसरा प्रयास भारत की हरी भरी धरती को साफ़ स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त राष्ट्र बनाना है। चौथा प्रयास ग्रामीण औद्योगिकीकरण का विस्तार करके रोजगार सृजित करना है। पांचवा प्रयास नदियों को स्वच्छ बनाना है। छठा प्रयास हमारी तटरेखा और समुद्र है, जो भारत के विकास में अहम भूमिका निभायेंगे. सातवां प्रयास खाद्यान्न में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और विश्व को खाद्यान्न की आपूर्ति करना है। नौवा प्रयास भारत को स्वस्थ बनाना है। दसवां प्रयास भारत के ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार अधिकारी होंगे जो जनता के प्रति मयवत व्यवहार करेंगे।

मेरे विचार से यदि ये सभी विज़न हमारे देश को प्राप्त होंगे तो निश्चित रूप से हमारा देश निरंतर आगे बढ़ने में सक्षम बनेगा. इसी आशा और विश्वास के साथ एक बार पुन: माननीय प्रधान मंत्रीजी और उनके मंत्री परिषद के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए अपनी बात समाप्त करती हूँ।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया। धन्यवाद। अध्यक्ष महोदया, मैं टी.डी.पी. से अकेले बोल रहा हूं, तो मुझे अलाटेड टाइम पूरा करने दें, यही आपसे निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष: आप यह कहें कि मैं अलाटेड टाइम में ही अपनी बात पूरी करूंगा।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु : मैं अलाटेड टाइम में ही पूरा करूंगा, जितना समय हमें पार्टी के नम्बर के हिसाब से मिलना चाहिए। Thank you, Madam Speaker.

First of all, I would like to stand in support of the protest that our Chief Minister and our beloved leader, Shri Nara Chandrababu Naidu ji, has been doing in Delhi in the AP Bhawan for the rights of the State of Andhra Pradesh, and to save democracy in this nation in these difficult times.

Further, it has been five years since I came into this Parliament the first time with a lot of hope that a new Government has come in; a lot of hope that a Prime Minister, who had come to Andhra Pradesh during the elections and had promised so many things including 'Special Status' for Andhra Pradesh for actual implementation of the rightful AP Reorganisation Act for the State of Andhra Pradesh. Also, when I first came to Delhi and saw that our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, had bowed before the Parliament when he touched the steps of the Parliament, I was very hopeful -- as a young Parliamentarian -- thinking that there will be a lot of justice done in this current term.

Today, Madam, I stand in total contrast to my feelings, which I have expressed and I had five years ago. If the House remembers, at the time of taking oath I was wearing white clothes, and today, in that sense also, I am in total contrast and I am wearing black as a sign of protest against this Central Government, which has not fulfilled one single assurance that has been given in

the Act. This is not just a baseless allegation that I am making here. This is the reality that I am speaking with regard to the current situation that Andhra Pradesh is going through. There has been nothing that has been done by the Central Government, especially if you consider some of the demands that we have put in.

Even in the Budget, there has been a lot of confusion. Every time, the tradition, which has been followed is that it has to be a Vote on Account Budget. Even in the List of Business that has come out it says that it is a Vote on Account Budget. But when they speak about it, they say that it is an Interim Budget. When he presented the Budget, it came out to be a full-fledged Budget. Why is there so much confusion? Why is it that they cannot stick with the general democratic tradition of having a Vote on Account Budget? What has compelled them to put in a full-fledged Budget?

What has compelled them to come out with a Vote on Account Budget where they have to bring in all these *jumlas*, to bring in so many schemes to woo the farmers, youth, etc.? This is a sign that the present Government is afraid of not coming back again. With that sense, they have come up with a Budget where they want to woo the voters, and nothing else.

When I come back to the demands of the State of Andhra Pradesh. One of the priorities of our demands is a Special Status for Andhra Pradesh. I want to reiterate. अभी यहां पर जितने भी लोग हैं, सबको लगता होगा कि आन्ध्र प्रदेश के लोग हर बार प्रोटेस्ट ही करते रहते हैं, लेकिन अगर आप एक बार हमारे दर्द को समझें, हम जिस तरह से प्रोटेस्ट कर रहे हैं, हमारी जो मांगें हैं, उनको अगर आप समझेंगे तो आपको यह भी यकीन होगा कि आन्ध्र प्रदेश भी इस देश में है। यही हम समझाने की बार-बार कोशिश कर रहे हैं। Whatever rights have been promised for Andhra Pradesh is what we are asking for. We are not asking

for anything more. Whatever we have been asking is something which has been promised by the previous Central Government, by the former Prime Minister, and the present Prime Minister also, who has come to Andhra Pradesh before becoming Prime Minister. When he promised a Special Status for Andhra Pradesh, he has said that Andhra Pradesh need Special Status, not just for five years but for a term of 10 years; and I am going to grant it to Andhra Pradesh. That is what he has promised. Now, he has not fulfilled that promise. He has taken a U-turn twice on that promise.

When we have asked for Special Status, then, he said that the 14th Finance Commission has rejected it whereas there has been no rejection for a Special Status to be given; there was only a recommendation.

The Finance Minister has claimed their commitment towards women by promoting the Ujjwala scheme for clean fuel. The Government claims that it has already provided 6 crore free LPG connections and that it will provide 2 Crore

more connections by the time of the elections. However, the actual allocation for Ujjwala scheme has gone up by just 10 Crores most of which is spent on advertisements. Further, studies on the scheme show that most women stop refilling their cylinders after the first time because they cannot afford to buy gas cylinders. In fact the Ujjwala scheme has resulted in profiteering by the oil companies. Another flagship scheme of the government, the Beti Bachao Beti Padhao scheme has not seen any increased allocations. Available data shows that not more than 60 percent of the funds were spent in this scheme and 56 percent of these were spent in publicity. It is evident that the Government is busy spending more money in publicizing its hollow schemes, rather than doing actual work. There is also no improvement in the schemes addressing violence like the Nirabhaya Scheme and the One Stop Crisis Centres for rape victims. No additional allocations have been made for other gender related schemes, and in some cases like secondary education for women, the allocations have actually come down. The same is true of health care, where the increased allocations are barely enough to meet the premium of health insurance companies under the much touted Ayushman Bharat Scheme.

It is clear that the Government is not looking at women, peasants and workers as their main constituency. The budget shows that the main aim of the Government is to create a middle class constituency. It has raised the income tax exemption limit to Rs. 5 lakh per year, and also provided exemptions for ownership of a second house (a measure that is bound to benefit the real estate sector). As expected the Government has refrained from taxing the rich by

ignoring wealth and inheritance tax. This shows that the interests of women farmers and workers are clearly sacrificed for poll prospects of the Government.

With regards.

***श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार के माननीय वित्त मंत्री श्री पीयूष गोयल ने सरकार का आम बजट संसद में पेश किया,यह बजट अपने आप में पूर्णता का बोध कराता है। आदरणीय वित्त मंत्री श्री पीयूष गोयल जी को असाधारण बजट पेश करने के लिए मैं बधाई देती हैं !

इस बजट में 10 विशिष्ट टीमें बनाई गई है- किसान, ग्रामीण आबादी, युवा, रक्षा, गरीब, अवसंरचना, वित्तीय क्षेत्र, डिजिटल अर्थ व्यवस्था,सार्वजनिक सेवा और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन, यातायात इत्यादि !

सरकार द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने हेतु कई आवश्यक कदम उठाए गए है,किसान भाइयों को उनकी उत्पादन की लागत से न्यूनतम 50 प्रतिशत अधिक अर्थात डेढ़ गुना दाम मिले,यह ऐतिहासिक निर्णय किसान भाइयों की आय को दोगुना करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा! साथ ही 2 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये प्रदान करने का निर्णय यह स्पष्ट करता है की सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रतिबध्द है तथा 22 हजार ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजार के रूप में विकसित करेंगे जिससे किसानों को भविष्य में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

हमारी सरकार संगठित कृषि एवं संबद्ध उद्योग को 200 करोड़ की राशि आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है जो स्वयं में अभिनंदनीय कदम है !

हमारी सरकार द्वारा खाद्य प्रसंसकरण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने हेतु बजट 1400 करोड़ किया जा रहा है जिससे सभी कृषि प्रसंस्करण वित्तीय संस्थाओं को लाभ मिलेगा,इस तरह हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मे माननीय वित्तमंत्री श्री पीयूष गोयल जी द्वारा किसानों के हित में प्रशंसनीय बजट पेश किया गया

* Speech was laid on the Table.

सौभाग्य योजना के तहत देश के हर घर में रोशनी पहुंचाने हेतु करोड़ो गरीब परिवारों के घरों में निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है, मेरे संसदीय क्षेत्र 11 सीधी में भी अत्यधिक मात्रा में सौभाग्य योजना के तहत विद्युत कनेक्शन प्राप्त हुआ है मैं केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करोडो गरीब परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया गया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमारी बहनो को गैस सिलेन्डर प्रदान किया गया। मैं उज्ज्वला गैस लगभग अपने हर कार्यक्रम में वितरित करती हूँ एवं मेरे संसदीय क्षेत्र का आदिवासी बाहुल्य विधानसभा चितरंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत गुजावल में जब मैं गई तो एक बहन से उज्ज्वला के संबंध में संवाद किया तो वो बहन मुझे अपने घर के रसोई में ले गई और मुझे चाय बनाकर दिया और बोला की सांसद जी आप जाकर प्रधानमंत्री जी को मेरी तरफ से धन्यवाद दीजिएगा की हम गरीब बहनो की सबसे बड़ी समस्या था चूल्हे का धुआँ, प्रधानमंत्री जी ने हम सब को धुएँ से मुक्ति दिलाकर बहुत बड़ा काम किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी को विशेषकर उज्ज्वला के लिए सहृदय धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने बहनों के दुख को समझा और यह केंद्र सरकार व नरेंद्र भाई मोदी जी के विकासवादी सोच का परिणाम है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी गरीब परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता केंद्र सरकार कर रही है ये भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सपने को साकार करता प्रतीत हो रहा है !

हमारी सरकार ने 2022 तक सभी गरीब परिवारों जिनका मकान कच्चा है उन्हे पक्के मकान प्रदान करने की प्रतिबद्धता दिखाई है जिसका परिणाम है की आज करोड़ो गरीबों को पक्का मकान मिल चुका है मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी में भी प्रधानमंत्री आवास योजना का अधिकाधिक मात्रा में लाभ प्राप्त हुआ है और हो रहा है इस हेतु भी मै केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करती हूँ

रक्षा के क्षेत्र में माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में श्री पीयूष गोयल जी दवारा 3 लाख करोड़ का बजट प्रदान किया गया जो अभिनंदनीय है मेरे संसदीय क्षेत्र के अधिकाधिक मात्रा में लोग सेना में तैनात है चाहे वो थलसेना हो,जलसेना हो, वायुसेना हो या फिर अर्धसैनिक बल हो बहुत सेना के जवानों ने मुझे इस बजट के लिए बधाई भी दी,जो मै आपके माध्यम से सदन के साथ साझा कर रही हूँ !

5 लाख तक की आय वाले व्यक्तियों को टैक्स में छूट से करोड़ो मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है।

रेल बजट के माध्यम से सरकार ने पूरे देश में अनेकानेक सौगातें प्रदान की है रेल के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात प्राप्त हुई है, मै पुनः अपने क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना के संबंध में बताना चाहूंगी की ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना जो वर्षों से लंबित थी उसे हमारी सरकार आने के बाद नया जीवन प्रदान किया गया और इस बजट में पुनः 325 करोड़ की सौगात प्राप्त हुई है साथ ही कटनी-सिंगरौली मार्ग दोहरी कारण को भी 300 करोड़ की राशि आवंटित की गई है यह मेरे और मेरे संसदीय क्षेत्रवासियों के लिए अमूल्य उपहार है।

2019 के बजट के लिए मै माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी, वित्तमंत्री श्री पीयूष गोयल जी तथा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करती हूँ।

***SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA):** I support the Budget 2019 laid by our Government. Budget 2019 empowers people and referred to a host of budgetary announcements and schemes to drive home his point.

This Budget will boost the efforts of 130 crore citizens in realizing the goal of a new India. The development initiatives of the NDA Government have touched several lives which have been reflected in the Budget proposals from farmer welfare to middle class, from income tax relief to infrastructure, from manufacturing to MSME, from housing to healthcare and from the increased pace of development to the New India.

Increased allocation for Rashtriya Gokul Mission to 750 crore in current year.

Two per cent interest subvention to farmers pursuing animal husbandry and fisheries.

“Urgent action needed to increased hydrocarbon production to decrease imports; change in bidding procedure and exploration procedure being implemented “. Goyal added.

Committee ;under NITI Aayog to be set up to identify and denotify nomadic and semi-nomadic communities; Welfare Development Board to be set up under Ministry of Social Justice and Empowerment for welfare of these hard-to-reach communities and for tailored strategic interventions.

Mega Pension Yojana, namely Pradhan Mantri Shram Yogi Mandhan, to provide assured monthly pension of 3000 rupees per month, with contribution of 100 rupees per month, for workers in unorganized sector after 60 years of age.

---

* Speech was laid on the Table.

"(This) will benefit 10 crore workers in unorganized sector, may become the world's biggest pension scheme for unorganized sector in five years." Goyal said.

Under Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi, 6000 rupees per year for each farmer; in three installments, to be transferred directly to farmers' bank accounts, for farmers with less than 2 hectares land holding.

This initiative is likely to benefit 12 crore small and marginal farmers, at an estimated cost of Rs.75,000 crore.

The 4R approach has been implemented to ensure clean banking –

1. Recognition
2. Resolution
3. Recapitalization
4. Reforms

The finance Minister laid out vision for 10 most important dimension in 2030, including job creation, physical and social infrastructure building, pollution-free nation and clean rivers.

Those sitting in AC rooms cannot understand the plight of the small farmers, keeping this in mind, we have introduced Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi scheme. This is a historic decision.

This is just a trailer of the Budget, which after elections, will take India on the path to development.

***श्री जुगल किशोर (जम्मू):** माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्री पीयूष गोयल जी ने लोकहित में एतिहासिक बजट संसद में पेश किया माननीय वित्त मंत्री श्री पीयूष गोयल जी को एतिहासिक बजट पेश करने के लिए बहुत बधाई देता हूँ। इस बजट में दस विशिष्ट टीमें बनाई गई है - किसान, ग्रामीण आबादी, युवा, गरीब तथा विशेष सुविधाओं से वंचित वर्ग, अवसंरचना, वित्तीय क्षेत्र, डिजिटल अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक सेवा और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन।

सरकार द्वारा किसानों की आय को दुगुना करने के लिए कई कदम उठाये गये है।

हमारे मेहनती किसानों को फसल का पूरा मूल्य नहीं मिलता था श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने किसानों की आय दुगुनी करने हेतु इतिहास में पहली बार ऐसा कदम उठाया है। किसान भाइयों को उनकी उत्पादन की लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक अर्थात लागत से डेढ़ गुना दाम मिलें। यह ऐतिहासिक निर्णय किसान भाइयों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा जिनका पूरा लाभ किसानों को मिलेगा। इसके साथ ही 22,000 ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों के रूप में विकसित करेंगे जिससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 2 हेक्टर तक जोत वाले किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रुपया सहायता दी जाएगी जो सीधे तीन किस्तों में किसान भाइयों के खाते में जायेगी जो एक ऐतिहासिक कदम है साथ ही पिछले पांच वर्षों में किसानों को सस्ते ऋण देने के लिए ब्याज सब्सिडी की राशि को दोगुना कर दिया गया है इस बजट से किसानों में खुशी की लहर है|

हमारी सरकार ने संगठित कृषि एवं संबद्ध उद्योग को 200 करोड़ की राशि आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है जो एक सराहनीय कदम है। प्रधानमंत्री कृषि संपदा योजना खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 2017-2018 बजट में रखे गए 715 करोड़ से लगभग दोगुना करके 2018-19 में 1400 करोड़ की जा रही है। जिससे सभी कृषि प्रसंस्करण वितीय संस्थाओं को लाभ मिलेगा। इस तरह हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्री पियूष गोयल जी ने किसान भाइयों के लिए लाभदायक कदम उठाये है। जिससे जम्मू कश्मीर राज्य सहित सभी किसानों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना के तहत जिनकी

* Speech was laid on the Table.

मासिक आय 15000 रु. या उससे कम आय वाले लोगों को एक छोटी सी मासिक 100 रु. अंशदान करने से उन्हें 60 वर्ष की आयु से 3000 रु. प्रति माह मासिक पेंशन मिलेंगे जो एक सराहनीय कदम है । साथ ही सौभाग्य योजना के तहत देश में हर घर में रोशनी पहचाने के लिए कदम उठाये गए है इस योजना के तहत देश के 4 करोड़ गरीबों के घरों को बिना कोई शुल्क लिए बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत 6 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण करा चुके हैं जिससे हमारे देश की नारी की गरिमा, और स्वास्थ्य सुरक्षा पर स्पष्ट रूप से प्रभाव पड़ रहा है तथा माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का सपना था कि हर गरीब के पास अपना घर हो और गरीब अपने घर का सपना पूरा कर सकें इसके लिए हमारी सरकार उसकी पूरी मदद कर रही है माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का सपना है कि 2022 तक देश के हर गरीब के पास उसका अपना घर हो इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई है ।

उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गृहिणी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उसे अपने परिवार के लिए खाना बनाते समय आंसू न बहाना पड़े इसके लिए हमारे सरकार ने एलपीजी कनेक्शन मुफ्त बाटने का काम किया है ।

हमारे सैनिक बहुत ही कठिन परिस्थियों में हमारी सीमाओं का रक्षा करते है हमारा गर्व और सम्मान हमारे सैनिक है जो कार्य पिछले 40 वर्षों से रुका हुआ है उस कार्य को हमारी सरकार ने पूरा किया पिछली सरकार ने बजटों में सिर्फ घोषणा ही करती आई है । विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के सभी व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है जरुरत के समय उनकी सहायता की जाती है ।

वित्त मंत्री से कहना चाहता हूँ कि हमारे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काफी साधन है लेकिन उनका विकास करने की आवश्यकता है ।

मैं मांग करता हूँ कि राजौरी पूँछ के पहाड़ों पर 7 झील (लेक) है जो देखने में बहुत सुंदर है उनको और विकास करने की जरूरत है तथा वहॉ पहुंचने के लिए साधन जुटाने होंगे ताकि पर्यटक वहाँ पहुचें और इस नज़ारे का आनंद ले सकें तथा वहां पहुचने के लिए रोडों की भी जरूरत होगी मेरे संसदीय क्षेत्र में ख्वास गंधों घाटी, पूँछ में मंडी बुड्डा अमरनाथ और मंडी की सुंदरता देखती बनती है। अत: इन क्षेत्रों के लिए भी बजट में राशि रखी जाएं ताकि और विकास हो। इस के साथ ही जम्मू में मेट्रो

रेल के लिये धन राशि रखी जाये। ताकि साम्बा से जम्मू और जम्मू से अखनूर तक लोगों को यह सुविधा भी प्राप्त हो सके। इस से आज के भीड के दौर में लोगों का समय भी बचेगा और पैसे की भी बचत होगी।

मेरी मंत्री जी से मांग है कि जम्मू में अंर्तराष्ट्रीय एयर पोर्ट बनाने के लिये भी धनराशि रखी जाये। धन्यवाद।

*SHRI NALIN KUMAR KATEEL(DAKSHINA KANNADA): The Central Government, which has been continuously working on the motto of 'Sabka Saath-Sabka Vikas', with Interim Budget 2019, reaffirmed its commitment to the all-round development of the agriculture sector and enhancing the income of farmers.

India is the second largest fish producing nation in the world, accounting for 6.3 per cent of global production. The fisheries sector contributes 1 per cent to GDP and provides livelihood to about 1.5 crore people at the primary level. To provide sustained and focused attention towards development of this sector, the Government has decided to create a separate Department of Fisheries.

The budgetary allocation of the Agriculture and Farmers' Welfare Ministry has been raised by around 2.5 times from Rs.58080 crore in 2018-19 to Rs.141174.37 crore in 2019-20. In fact, the budgetary allocation of Rs.141174.37 crore in 2019-20 is 16.6 per cent more than Rs.121082 crore during UPA (2009-14) . That is why, the Government in accordance with its philosophy of increasing both agriculture production and farmers' income, has created history in Budget 2019 by making provision of income support and other schemes with a focus on rural India.

Agriculture credit target has been increased from Rs.8 lakh crores in 2014-15 to Rs.12 lakh crores in 2019-20. To provide an assured income support to the small and marginal farmers, the Government has launched a historic programme 'Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN)' entailing an annual expenditure of Rs.75000 crore. Under this programme, vulnerable landholding

* Speech was laid on the Table.

farmer families, having cultivable land upto 2 hectares, will be provided direct income support at the rate of Rs.6000 per year. This income support will be transferred directly into the bank accounts of beneficiary farmers, in three equal installments of Rs.2000 each.

The Rashtriya Gokul Mission has been started for the first time by the Modi Government to promote the country's cattle and buffaloes.

Kisan Credit Cards, launched by the NDA Government in 1998-99, have been converted into Rupay cards by our BJP government. This step is designed to facilitate the undertaking of financial transactions on a digital platform. There were 404 medical colleges in India in 2014, offering 54000 seats. Currently, there are 460 medical colleges offering 64000 seats.

Our BJP Government has introduced Soil Health Card (SHC) Scheme during 2015 to assist State Governments to provide Soil Health Cards to all farmers across the country. National Productivity Council (NPC) in their study (February 2017), has reported savings of 8-10 % of fertilisers and 5-6% increase in crop yield. No of Soil Health Cards distributed during 2017-18 and 2018-19 all over the country is about 6.6 crores.

The Pradhan Mantri Fasal Bima Yojna was launched by the BJP Government in January 2016 to provide insurance support to farmers. The Government has increased the budget for the scheme by 64% from Rs.5500 crores in 2016-17 to Rs.9000 crores in Rs.2017-18. The total funds released by the Government under various crop insurance schemes has gone up from Rs.2550 crores in 2013-14 to Rs.7960 crores in 2016-17 (as of Dec. 2016).

The BJP Government introduced the Paramparagat Krishi Yojana. Under the scheme the area under organic farming in India increased from 7.2 lakh hectares in 2014 to 12 lakh hectares in 2015, according to reports by Research Institute of Organic Agriculture.

I would like to suggest that the Government may consider to eliminate the premium amount paid by farmers for the crop insurance scheme-Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY). In 2018-19, farmers paid near Rs.4500 crore. Farmers pay two percentage points of the 12 per cent premium under this scheme. The Centre and state governments split the remaining amount among themselves. Hence the Government should ensure that the farmers need not to pay the premium under the scheme. If it is done it would be a great help to farmers of the country. With these words I conclude my speech. Thank you.

***श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** मैं आज NDA सरकार की वित्तीय वर्ष 2019-20 के बजट संभाषण के पक्ष में अपनी बात रख रहा हूँ।

2014 में NDA की सरकार को देश की बागडोर चरमराई हुई अर्थव्यवस्था के साथ मिली। भ्रष्टाचार जिसमें ऊँचे तबके के लोग जेल में थे, मंहगाई की मार, जिससे पूरे देश की जनता परेशान थी, सकल घरेलू उत्पाद एवं विकास दर खस्ताहाल में थी । ऐसे खराब हालात को प्रेस ने "पॉलिसी-पैरालाईसिस नाम दिया था।

NDA की नई सरकार ने माननीय नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में इस बर्बाद व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने एवं विकास को तेज गति देने का काम बखूबी किया है। ऊर्जा, रोड, रेल, इनलैंड-वाटर एवं मेक-इन-इंडिया के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

हमारी सैन्य क्षमता दबाव में थी। UPA सरकार ने जरूरी हथियार एवं अन्य सैन्य सामानों की खरीदारी को बिचौलियों एवं पॉलिसी-पैरालाईसिस में रोक रखा था। NDA की सरकार ने न सिर्फ बजट आवंटन का काम किया, बल्कि जरूरी खरीदारी भी बिना बिचौलियों के कर ली।

तीव्र गति की विकास–दर, सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को यह वर्ष 2019-20 का वित्तीय बजट आगे बढ़ाता है।

टैक्स छूट के ऐतिहासिक कदम से देश के बहुत बड़े वर्ग में हर्ष है। इस सरकार ने अन्य डिडक्सन के साथ 6.5 लाख तक के इनकम को कर-मुक्त कर दिया है। यह इस सरकार का नायाब तोहफा है। अन्य उच्च इनकम वर्ग ईमानदारी से टैक्स देती है, जो देश के माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक-एक पैसे का हिसाब लेकर खर्च होता है। टैक्सपेयर को माननीय वित्त मंत्री जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया है, इसके लिए साधुवाद।

उज्ज्वला योजना इस सरकार की गरीब परिवार, खासकर महिलाओं के प्रति जवाबदेही का प्रतीक बन गयी है। 8 करोड़ से अधिक घरों तक यह पहुँचना है एवं 6 करोड़ तक हम पहुँच चुके हैं।

* Speech was laid on the Table.

बैंकों के ब्याज पर TDS की सीमा 4 गुना बढ़ाना, मृत्यु होने पर EPFO की राशि दुगुनी से ज्यादा करना सरकार की बड़ी पहल है आम जनता के लिए।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत 10 करोड़ असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को निश्चित मासिक पेंशन देने की अभूतपूर्व व्यवरथा इस बजट में की गई है।

किसानों के प्रति यह सरकार हमेशा से कृतसंकल्प रही है। इस बजट में सभी 22 फसलों का MSP उनकी लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय कर दिया गया है।

किसानों को सीधा आर्थिक लाभ देने के लिए 75000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

हमारी पूजनीय पशु-धन गायों के लिए 750 करोड़ की कामधेनु योजना का प्रस्ताव है, जो सरकार की गौमाता एवं किसानों के प्रति भावना को दर्शाती है।

इस बजट ने NDA की सरकार के पिछले पाँच वर्षों के काम को सतत् देश की सेवा में, गरीबों की सेवा में, किसानों की सेवा में, कामगारों की सेवा में, महिलाओं की सेवा में आगे बढ़ाने का काम किया है।

देश के हर तबके, हर प्रांत, हर जिले में हर्ष है। आज पूरा विश्व भारत एवं भारत के नेतृत्व की ओर देख रहा है। मैं अपना मत पार्टी एवं गठबंधन की ओर से इस बजट के पक्ष में रख रहा हूँ।

SHRI C. N. JAYADEVAN (THRISSUR): Hon. Madam Speaker, I am thankful to you for allowing me to participate in the discussion on the Interim Budget, 2019-20 on behalf of my party, the Communist Party of India.

Madam, the Budget in the election year is supposed to be a Vote on Account, to prevent a Government to shut down during the period from the end of the financial year till the next Government presents its Budget. But this Interim Budget makes significant changes in the tax code and retrospective effect to the farmers' welfare measures that would kick off from the current financial year.

Madam, the crux of this Budget is three prominent announcements, which are characterised as three mega gamechangers for the forthcoming General Elections as being claimed by the BJP. They are: Pradhan Mantri Shram Yogi Maandhan for the unorganised sector workers, Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi providing Rs. 6,000 annual income support for the small and marginal farmers, and income tax rebate for people with taxable income up to Rs. 5 lakh.

Madam, the cash transfer scheme under PM-KISAN for small and marginal farmers will apply only to those, who own land in accordance with the official revenue records as on February 1, 2019; and it will be given to every such farming household, not individuals, who collectively own land up to five acres.

This leaves out all tenants and agricultural labourers, who cultivate land on rent or work as labourer, a section which consists of about 30 per cent of the all the small farming households. According to a Government study, the consumption expenditure of a farming household is Rs. 6, 223 per month. Therefore, this Rs. 6,000 per year, in three instalments, is a paltry amount.

The Pradhan Mantri Shram Yogi Maandhan Pension Yojana is to provide an assured monthly pension of Rs. 3,000 per month after 60 years of age. It intends to cover 1,00 million labourers from the unorganised sector. This Scheme is contributory. A worker, joining at the age of 29 years, would have to contribute Rs. 100 per month till the age of 60 years while a worker joining at 18 years would have to contribute Rs. 55 per month and a similar contribution will be made by the Government in their pension account. Experts have expressed doubts about the success of the Scheme because it is contributory in nature and only the workers between the age group of 18 and 29 are eligible to join the Scheme. A very few people will be the takers of this Scheme as people are already getting old-age pension of almost the same amount without any contribution in some States, for example, Rs. 2,500 in Delhi and Rs. 2,000 in Haryana.

As the time is limited, I am not going into the detail of the other aspects of this Budget.

Thank you.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Thank you, Madam. I would seek two clarifications from the Minister and there is another allegation against the Government. These three are related to the Budget.

The first is, already, the Special Category Status about which already some questions have been raised. I would like to know whether the Government is going to consider this 90:10 allocation of Government grant – 90 per cent from the Union Government and 10 per cent from the respective State Governments – where there is larger concentration of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. It is because that is the reason why, poverty still prevails despite 70 years of our development. I need a categorical answer.

The second is that a cess is being collected from people who make money out of coal. We have been demanding, the Odisha State Government has been demanding, that that cess should be distributed among the coal-bearing States so that they can invest that money for pollution control. I would like to know whether the Government is going to deal with that in the near future. The coal royalty has not been increased since 2015, since it was due, and that has not happened.

Now, I come to the allegation, Madam, in this debate our former Prime Minister Mr. Devegowda mentioned about the history of Right to Information Act. I am just putting this across to the Government here. Through a Right to Information query, the Government has replied that we cannot disclose black money reports as a Parliamentary panel is examining them. This has come from the Finance Ministry. Madam, this is a very serious matter. Para 67, on Demonetisation and Drive against Black Money says that this Government has, during its last 4 years 10 months' time, taken a number of steps to curtail black

money. A number of laws have been enforced. This House and also the Upper House have passed those bills. I need not list what those Bills were but they are there. That is the major programme of this Government – that is what this Government has been saying – and since the last Government, a number of Committees have been formed to go into the issue of black money.

Those reports are with the Government. At least three such reports are with the Government. But when we ask our Chairman of the Finance Committee as to why he does not circulate those reports as we had asked for the documents to come to the Committee and to explain them – the Chairman, Mr. Moily is here; I am saying it in his face – he says, "I have been restrained not to disclose these reports to the Members of the Committee".

HON. SPEAKER: Now, Dr. Ramesh Pokhriyal.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Can I know from the Minister why you have put a restriction not to reveal it among the Members of the Committee? You have not allowed the public also to know what are those reports. …(*Interruptions*)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): माननीय अध्यक्ष जी, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि हमारा देश 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत, स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत और सशक्त भारत' बने। उनका जो संकल्प है, उसमें सबका साथ तथा सबका विकास होगा। इसको साकार करने के लिए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद जिसमें उन्होंने कहा था कि अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति के चेहरे पर जब तक हम मुस्कान नहीं ला देते हैं, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस मिशन के साथ हमारे यशस्वी वित्त मंत्री पियूष गोयल जी ने जो ऐतिहासिक बजट पेश किया है, वह जन-कल्याणकारी, विकासोन्मुख और भारत को वैश्विक महाशिक्त के रूप में स्थापित करने वाले संकल्प का बजट है। इसलिए मैं उनको बहुत बधाई देना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रकवि सोहन लाल द्विवेदी जी ने कहा था कि

'लहरों के डर से नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,
और कुछ किये बिना ही कभी जय-जयकार नहीं होती'

अभी हमारे प्रधानमंत्री जी ने इसे किया है। यह जय-जयकार सामान्य नहीं है। यह देश की सीमाओं से भी परे जाकर है।

अध्यक्ष जी, विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में विकास की अपार संभावनाएं हैं और आने वाले समय में 7.5 प्रतिशत की दर से भारत विश्व की सबसे तेज विकास की गति वाला देश होगा। इतना ही नहीं, अभी हाल में ही हार्वड विश्वविद्यालय ने अपने अंतर्राष्ट्रीय विकास केन्द्र की रिपोर्ट में कहा है। उन्होंने कहा है कि आने वाले दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर रहेगी। उस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत की उत्पादन क्षमता उम्मीद से भी बहुत आगे बढ़ गयी है। अगर मैं पीछे के वर्षों की चर्चा करूं, जिसमें भारत और अमेरिका की सामरिक साझेदारी फोरम के अध्यक्ष जॉन चैम्बर्स ने कहा है कि भारत की प्रभावशाली ग्रोथ के लिए आवश्यक है कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन को पूरा करने दिया जाए। यह समस्या है।

अध्यक्ष जी, मैं समझता हूं कि अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति के शौचालय से लेकर और दुनिया के जो दो शक्तिशाली देश होते हैं, एक अमेरिका तथा दूसरा चीन होता है। आज हमने विकास की दर में जहां शौचालय से शुरू किया था, वह यह था कि हमने चीन को भी विकास की दर में पीछे छोड़ दिया है और आज हम पूरी दुनिया में विकास में नम्बर-एक हो गए हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका जैसा देश जिस पर पूरी दुनिया का भरोसा होता था और एफडीआई के क्षेत्र में हम अंतिम कतार पर खड़े थे, हिन्दुस्तान में कोई निवेश करने के लिए तैयार नहीं होता था। लोगों को लगता था कि डूबती हुई नाव में क्या पाव रखना है। आज मैं सोचता हूं और माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि एफडीआई के क्षेत्र में अमेरिका को पीछे छोड़कर हम दुनिया में नम्बर-एक हो गए हैं। आज पूरी दुनिया के निवेश का सबसे बड़ा केन्द्र हिन्दुस्तान हो गया है। यह अंतिम छोर के व्यक्ति से लेकर दुनिया के दो शीर्ष महाशक्ति तक की यात्रा है।

अध्यक्ष जी, यदि उन योजनाओं के बारे में कहा जाए तो मैं समझता हूं कि इसमें कई घंटे लगेंगे। हम आर्थिक विकास की दर में पहले 7.3 प्रतिशत तक चले गए थे। मैं समझता हूं कि विश्व बैंक की शीर्ष संस्था ने कह दिया है कि आर्थिक विकास की दर जिस तेजी से बढ़ रही है, आगे आने वाले दस सालों में भी कोई देश हिन्दुस्तान का मुकाबला करने वाला नहीं है। आज विश्व के इतिहास में यह पहला उदाहरण है। व्यापार सुगमता के सूचकांक में लगभग 180 देश हैं, जिनमें हम छलांग लगा कर 142वें स्थान से 77वें स्थान पर आए हैं। मैं आदरणीय मोइली जी की बातों को सुन रहा था। जब उन्होंने कहा कि किसको सीधे बेनिफिट मिला है। जन धन योजना के तहत जो 34 करोड़ लोग हैं, क्या वे उस राज्य में नहीं है?

जो फ्री गैस कनेक्शन मिल रहा है, क्या वह वहां नहीं है या प्रधान मंत्री मुद्रा में साढ़े 14 करोड़ लोगों को 7 लाख 23 हजार करोड़ रुपये मिले, क्या वह उधर नहीं आया? उन्होंने एक कविता कही थी। जो कविता कही थी, उसमें उन्होंने कुछ बातों को कहा था। मैं उनके सम्मान में यह कहना चाहता हूं कि मौका उनको भी मिला था। मैं यह कहना चाहता हूं कि वक्त आपको भी मिला था, आपने गंवा दिया था।

वक्त से बड़ा कभी कोई नहीं होता,
जो दूसरों के लिए जीता है, वह कभी कुछ नहीं खोता।
वह केवल दूसरों पर आरोप लगाकर, हाथ पर हाथ रख कर कभी नहीं रोता,
वह कभी भी देश की धरती पर घोटालों का बीज नहीं बोता।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि

जिन्होंने वक्त को यों ही मौज मस्ती में गुजारा है,
इस वक्त की मार ने उन्हीं स्वार्थी लोगों को मारा है।

इसलिए 400 से 40 पर वे आ जाते हैं।

जीएसटी के बारे में चर्चा की जा रही थी। अध्यक्षा जी, मैं तब उत्तराखंड का मुख्यमंत्री था, जब इसकी शुरूआत हुई थी। विभिन्न प्रदेशों के मुख्य मंत्री इस पर एक बार नहीं, बार-बार चर्चा करते थे, लेकिन क्या इस आंकड़े को नकारा जा सकता है कि जीएसटी लागू होने के बाद 12 लाख करोड़ रुपये कर राज्यों से आया? यदि 2013-14 में हम देखेंगे, तो यही 6 लाख 38 हजार करोड़ रुपये था। दो गुने से भी ज्यादा कर राज्यों से आया। इतना ही नहीं, तब जो कर दाता थे, वे 1.3 करोड़ थे और अब 7.6 करोड़ हो गए। ये शेष लोग कौन थे, कहां थे? यह इतना गुना ज्यादा एक साथ बढ़ा है, यह इस बात का प्रमाण देता है कि हमने स्पष्ट तरीके से, पारदर्शी तरीके से काम किया है।

हमारे प्रधान मंत्री जी का मैं स्वागत करना चाहता हूं। मैं उत्तराखंड की धरती से आता हूं, जहां चार धाम की सशक्त योजना के लिए साढ़े 12 हजार करोड़ रुपये और कर्णप्रयाग तक रेल लाइन के लिए साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। देश की आजादी के 50 वर्षों में इतना विकास कभी नहीं हुआ, जितना साढ़े 4 साल में हुआ है। मैं हरिद्वार से आता हूं, जो विश्व की अध्यात्म की राजधानी है। 5 वर्षों में जितना विकास हुआ है और जितना सीधे व्यक्ति को लाभ मिला है, शायद 55 वर्षों में भी उतना नहीं हुआ है। मैं यह समझता हूं कि मोदी जी पूरी निर्भयता से देश की सेवा में जुटे हैं।

मृत्यु से जो कभी डरते नहीं,
विपत्ति से समझौता कभी करते नहीं,
सफलता तो चरण उनके चूमती है,
रोशनी चारों दिशाओं में घूमती है।

यह उनकी दृढ़ता का एक प्रमाण है कि चारों तरफ विकास और विकास और विकास ही हो रहा है। मोदी जी ने कहा है कि

मैं दीप हूं, जलता रहा और जलता रहूंगा।
आंधिया, तूफान हैं, मैं बढ़ता और बढ़ता रहूंगा।

यह संकल्प है। यदि किसानों के बारे में देखें, गरीबों के बारे में देखें, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, दीनदयाल योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, किसान पेंशन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, प्रधान मंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधान मंत्री जन औषधि योजना, आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित हवाई चप्पल वाला हवाई जहाज की यात्रा से लेकर यदि मैं केवल योजनाओं का नाम लूं, तो कम से कम मुझे डेढ़ घंटे लगेंगे। योजनाओं का विस्तार दूंगा, तो एक योजना पर एक दिन लगेगा। पहले कहां था “आयुष्मान भारत”? लोग दम तोड़ते थे, मौत के लिए लोग प्रतीक्षा करते थे। आज “आयुष्मान भारत” के बाद कोई अपने मकान, दुकान को गिरवी नहीं रखेगा और अपने बच्चे की मौत के लिए प्रतीक्षा नहीं करेगा। आज साढ़े 10 करोड़ परिवारों को, 60 करोड़ से भी अधिक लोगों को जो सीधा-सीधा लाभ जा रहा है, यह पूरी दुनिया के इतिहास में पहली बार है। यह जो इतिहास रचा गया है, इस इतिहास पर सभी लोगों में एकमतता होनी चाहिए।

यहां किसानों के बारे में चर्चा हो रही है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जो उत्पादन का डेढ़ गुना है और वर्ष 2022 तक दो गुना करने के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है। कृषि ऋण के संबंध में बताना चाहता हूं कि वर्ष 2018-19 में 11 करोड़ किसानों को, विक्रेताओं के लिए ऑनलाइन मार्केट प्लेटफार्म पहली बार मिल रहा है। इसमें 1 करोड़ 27 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलने वाला है। सॉयल हेल्थ हो, फूड पार्क हो, कोल्ड चैन हो, मछली पालन हो, पशु पालन हो और प्रधान मंत्री सिंचाई योजना हो, परम्परागत कृषि योजना हो, प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना हो, राष्ट्रीय बांस मिशन योजना हो या राष्ट्रीय गोकुल मिशन हो, मैं यह समझता हूं कि किसानों के हित में इस सरकार ने जितना काम किया, देश की आजादी के 50-60 सालों में भी उतना नहीं हुआ।

18 00 hrs

ये युवाओं की बात करते हैं, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप स्टैंडअप इंडिया की बात करते हैं, मैं समझता हूं चाहे युवा हो, महिलाएं या व्यापारी हों, अगड़ा हो या पिछड़ा हो, किसी भी जाति धर्म और पंथ का क्यों न हो, हर वर्ग का इस बजट में जिस तरीके से समावेश हुआ है, इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं और बहुत बधाई देना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: अब मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बुलाने से पहले कहना चाहती हूं कि अब छ: बज रहे हैं, आप सबकी सहमति हो तो बजट पास होने तक हाउस का समय बढ़ा दिया जाए।।

कुछ माननीय सदस्य: जी, हां।... (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is it?

... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: मैंने तीन बार मोइली जी को बोला था कि आप अपने दूसरे सदस्य का समय ले रहे हैं।

... (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, I am sorry.

... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: दो मिनट में समापन करेंगे? दो मिनट में समाप्त करेंगे तो समय देती हूं। Will you finish it in two minutes? I am not giving five minutes. Otherwise, the Finance Minister will speak.

... (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You take two minutes only, and not more than that. Otherwise, do not try to speak. I cannot help it. Why does your Member take so much time? Make your points only.

… (*Interruptions*)

*** श्री आलोक संजर (भोपाल) :** आज गर्व इस बात का है कि देश विकसित हो रहा है। वर्तमान देश की सरकार मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने पेंडिंग प्रोजेक्टों को पूरा किया है। देश के सभी राज्यों को 32 परसेंट से 42 परसेंट अर्थात् सबसे ज्यादा फंड प्रदान किया है।

मोदी जी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महंगाई की दर में कमी आयी है, साथ ही भारत में विदेशी संस्थाओं ने भारी निवेश किया है। सरकार ने पुरानी योजनाओं में संशोधन किया है, साथ ही कई सारी नई योजनाओं को अंजाम तक पहुँचाया है। साथ ही सभी वर्गों के लिये काम किया है, इसलिए यह नारा जिसकी चर्चा आज सर्वत्र है- "सबका साथ सबका विकास'।

आज इस बजट चर्चा में मैं यह बताना चाहता हूँ कि देश में जीएसटी का मासिक टैक्स कलेक्शन एक लाख करोड़ रुपये के पास पहुँचा है। यह सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धियों में शुमार है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन को देश दुनिया देख रही है। नारा था स्वच्छता का, मगर शहरी और ग्रामीण भारत में यह नारा 98 प्रतिशत स्वच्छता के मानक को टच कर गया है। अर्थात् यह कहें कि स्वच्छता से स्वस्थता की ओर नव सूरज निकल गया है, देश नव दिशा की ओर बढ़ गया है।

देश यहीं नहीं रूका और भारत के उस प्रत्येक गरीब नागरिक को, जो स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपने घर को गिरवी रखता था, पत्नी के गहनों को बेच देता था, उसे "आयुष्मान भारत" योजना से जोड़ा गया अर्थात् मोदी केयर के 5 लाख रुपये तक की केयर स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़कर करोड़ों परिवारों में विश्वास जगाया।

मजबूर थे करोड़ों लोग, जो नालों के किनारे अतिक्रमण की झुग्गियों में रहने को, लेकिन आज सरकार की मंशा के तहत पक्के मकानों की ओर उन मजबूर लोगों के मजबूत कदम पक्के मकानों की मजबूत छतों में आश्रय प्राप्त कर रहे हैं।

देश में सभी ने किसानों को लेकर राजनीति की बातें तो कीं, लेकिन सवेरों का उजाला पहुँचा एमएसपी को डेढ़ गुना करने से, उजाला पहुँचा कृषि बीमा घरघर पहुँचाने से-, उजाला पहुँचा नीम कोटिंग यूरिया करने से, उजाला पहुँचा 12 करोड़ कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष निर्धारित लाभ देने से।

---

* Speech was laid on the Table.

मैं कहना चाहूंगा कि किसी और के भरोसे युवा कब तक आगे बढ़ेगा? आज देश देख रहा है कि मुद्रा बैंकिंग के भरोसे करोड़ों युवा साहसशील बने हैं। अब यही युवा भविष्य के युवाओं का भरोसा बन रहा है।

यह अंतरिम बजट देश के हर नागरिक, महिला, पुरूष, युवा, हर वर्ग और ऐसा कहें। कि भारत के उस अंतिम व्यक्ति तक, जहाँ आजादी की विकास रूपी किरण नहीं पहुँची थी, वहाँ भी इसने उजाले की किरण की भनक पहुँचायी है। धन्यवाद।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Madam, you are inviting us to address. The Interim Budget speech is actually a full Budget speech masquerading as an Interim Budget speech. It is the longest Interim Budget speech on record.

HON. SPEAKER: I know he has done a full Budget speech.

DR. SHASHI THAROOR : You would not give us five minutes to respond to it.

HON. SPEAKER: Veerappa Moily Ji has done more than a full Budget speech. If you want to speak, you make some points. That is all.

DR. SHASHI THAROOR : Well, we do have a number of points. I am going to try and see if I can give you a couple of them very quickly. The first and the most obvious one is, of course, our grave concern about the fact that the Rs.6000 subvention under PM-KISAN. Considering the whole exercise, this is the first time that we have a Budget with retrospective effect so that the first cheque can be sent to the farmers. …(*Interruptions*) The first cheque is going to be sent to the farmers in time for the elections. I mean we may as well call this the Prime Minister's Re-election Yojana or prey. This prey is all that the *aam aadmi* can do while this Government preys on him.

I do want to focus, Madam, on the fact that this is not just down to a very negligible amount but it is a staggering one-eighth, Rs.3.3 a day for a household of five members. It is a staggering one-eighth of the poverty METRIC of Rs.2.72 per person.

Madam, on the question, I am afraid, of the overall farm situation, the crisis is serious. This is too little too late to address it. If we can look at the next element that has been offered, the tax breaks, the Rs.5 lakh exemption, we would

normally have been happy to welcome that, except this is coming from a Government that has been dipping its hands into the middle class's pockets with an array of pinching taxes, ranging from almost Rs.20 excise duty on every litre of petrol (at a time of international low prices of crude oil) to unreasonable GST charges on items of regular consumption. You are essentially dangling a carrot before the middle-class citizen and while he is not looking, you are quietly pulling whatever cash he has from the midst of his pockets and expecting to get away with it. The fact is that if you look at this headline grabbing figure, it actually obscures the fact that all the other tax announcements were very disappointing.

People have been waiting, for example, for a break on angel taxes so that investors will actually contribute to investments in our society. Instead, we have no mention whatsoever of that. There is no mention of the Direct Tax Code.

As an MP from Kerala, let me point out that the AIIMS we have been waiting for five years, pledged in this House four years ago, still has not come. There is no money for the victims cyclone Ockhi. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, the Finance Minister.

… (*Interruptions*)

18 04 hrs

At this stage, Shri Jayadev Galla and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

[*]**SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY(CHEVELLA):** This is definitely and election year budget. It is more to woo voters than to have a positive impact on Economy.

If there is one thing that Government has done well, then it is maintaining fiscal discipline. I am glad they controlled the fiscal deficit, but come election year all caution is thrown to wind.

The newly invented PM KISAN Yojana is direct cash transfer to the farmer. Today's situation a farmer suffers a bad monsoon but the unfortunate thing is he also suffers a good monsoon because the productivity is high and the price crash due to oversupply. So the income support scheme to farmers is good and no one will oppose it. But what happened to doubling the income of farmers? Krishi Sinchai Yojana. Soil health card. What happened to the market intervention and price support scheme MIS-PSS? Why did the procurement and MSP system fail the farmers? What happened to the eNAMs? What happened to the support to the sugar industry? And what happened to the support to the Cotton farmers? Crop Insurance, so is this admission of failure of all the schemes and the good intention to double the farmers income? So if else fails then give 2000 rupees just before the elections? Also, why 6000 in three installments. Very few Indian farmers are three crop farmers, most of them have two or single crop per year. This direct cash transfer may not translate to direct vote transfer. And if does it will weaken democracy. There are many other mechanisms other than MSP and rice and wheat procurement for food subsidy. Why don't we give direct cash transfer to the poor instead of subsidized wheat and rice? Which is impacting the prices of wheat and paddy in the open market. Why is agriculture commodity

[*] Speech was laid on the Table..

futures market not functioning well? With all the technology mathematical modelling of commodity prices and satellites, why are we still unable to predict the agriculture commodity prices?

The Minister boasted about the achievements of ISRO, we are all proud about Chandrayaan and the hundred satellites launched with just one rocket. But how is it helping the farmers in India? The satellite imagery and data in India is still not properly ground proofed to predict the acreage and production of a crop. Our satellite imagery can spot the best locations for fishing. But none of the fisherman are able to use this data for fishing. But other than the farmers, the single biggest worry is the jobless youth. While the Government may dispute it, but it is a known fact that unemployment has actually increased. There were various short term and long term solutions to reduce or even remove unemployment. The apprenticeship system remained exactly where it was although we amend the apprenticeship bill in Parliament. Compulsory military or social service for one or two years could immediately tackle unemployment; nothing of that sort was explored.

In the Motion of Thanks speech our Prime Minister praised the IT enabled taxi agglomerators for creating jobs. But working 12 to 15 hours and earning 12000 rupees is not a job it is called slavery. When they first came in they offered lucrative propositions and the taxi drivers made very good incomes. When they become a monopoly or rather duopoly-ola and uber-when other normal taxies cannot operate, then, they started exploiting the taxi drivers using information technology it is called IT enabled exploitation not jobs.

The Honorable Minister Piyush Goyal ji proudly taken the credit, that the the Government brought down the price of LED lights. It is not the Government madam it is a very nature of Technology in cases of IC chips the number of transistors double and the prices become half every year. This is called the Moore's law probably the Minister interprets it as Modi's law.

On solar energy, things went horribly wrong our policies were not right many power producers as well as solar PV panel manufactures became bankrupt. Besides that the productivity that is the megawatt units par installed megawatt capacity is among the lowest in India. Three years ago when I pointed this with reference to a cartoon that came in Times of India and Australian newspaper the Minister asked that my words be expunged from my speech as if I said something very offensive or unparliamentarily. There is a need to take suggestions and there is a need to be tolerant. However, I am very glad about the recent plan of Government to put a mega solar PV plant in Ladakh.

On swachh Bharat, it is not about building toilets it is about maintaining them and keeping them in a usable condition. Most of the toilets in the schools throughout the country including Telangana are filthy ill-maintained and unusable. I fact because of the filthy toilets they now, say "andar ganda hai, bahar swacch hai". Exactly opposite of what we intended to achieve.

Whatever little mention of Telangana in the budget I am happy. We are happy at last the tribal University is allocated. But we hoped for much more on the irrigation front.

We had great hope in this Government. We had great expections and we liked this government. But the people really loved the Modi government. They loved the Modi Government when he said "kala dhan wapas lenge".

They loved the Modi Government when he said each one will get 15 lacs in their account. They loved the Modi Government when he said "Kisan ke Aaya dugni Karenge". They loved everything the Government said.

It was a national love affair. But the problem with lover affairs is that when it ends it ends bitterly.

[*]**DR. PRABHAS KUMAR SINGH (BARGARH):** I may please be allowed to lay the following few lines on the passing of Interim Budget 2019-20. I would like to thank Union Minister of Finance for bringing this Interim Budget 2018-19. In view of General Elections knocking at the door, the Government has tried to appease the middle class and bring a populist budget. Twelve crore small and marginal formers are assure of an income of Rs. 6000 per annum, under PM Kisan Yojana. But this is not sufficient. The Union Government has failed to copy partially the Odisha Government's Scheme 'KALIA' Yojana. In 'KALIA' Yojana, the farmers who are landless marginal farmers are assured of an income of Rs. 10,000 per annum.

With regard to Odisha and my parliamentary constituency, Bargarh, twenty new announcements or new projects have been included. BRSF has been stopped on several occasions. I have urged upon the Union Government to commission Bargarh-Nuapara-Raipur Railway lines, since it has all justifications. Odisha should be given Special Category Status. But there is no such information in the Budget. There is no reference to MSP of rice which should be Rs. 2930.

Never before was any Government concerned as much about national development and bring international business to the country.

Since, I am discussing the ease of doing business agenda, it is important to mention in this context that just 3 years back the Road, transport and highways sector was a sick sector. There were hardly any takers for projects. Thanks to the policy paralysis and corruption of the previous Government no players intended to venture in infrastructure projects. However, under the leadership of our hon'ble Prime Minister, the sector is flourishing like never before. Recent data as released by the Ministry of Road Transport and Highways (MoRTH) indicates that the present Government has built 73% more highways in its first four years in office as compared to the last four years of the former UPA government. This is a momentous achievement. A total of 28531 km national highways were constructed since FY 2014-15, contrasting with 16505 km by the UPA Government up to FY 2013-14, a clear gain of an astounding 12026 kms. This is the commitment of our Government towards infrastructure and giving the citizens the return or benefit of the taxes they pay to the Government. The money generated through taxes is pumped into developing infrastructure and not consumed in scams and corruption. सिर्फ “गरीबी हटाओं” का नारा लगाने से गरीबी नहीं हटती, गरीबी योजनाओं से हटती है... जन-धन योजना से हटती है.... प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुद्रा योजना, ग्राम सड़क योजनाओं की जरूरत थी। इस देश को जो हमारे प्रधानमंत्री ने दिया है।

Availing treatment free of cost under the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY) has helped around 10 lakh people save Rs.3000 crore since its launch in September. Earlier, a poor man used to be in dilemma whether to fulfil daily needs of the family or save the life of an ailing member.

This situation has deeply pained our Hon'ble Prime Minister because he shared humble beginnings like most Indians. He understands the shared pain and difficulty of a common Indian. Hence, this Government has launched the world's largest healthcare programme, 'Ayushman Bharat' to provide medical treatment to nearly 50 crore people and already close to 10 lakh patients have benefited for medical treatment which would have cost them Rs.3000 crore through free treatment made available under the scheme.

As I conclude, I would like to congratulate our hon'ble Finance Minister for presenting such a reformist budget which addresses the concerns of almost all sections of the society. However, I would like to seek some clarifications from the Minister with regard to the following.

The mega pension plan is indeed ambitious and seeks to benefit 10 crore people working in largely fragmented informal sector. However, whether there is any plan of action for implementation of the scheme as yet?

The Government has made an incredible move by bringing in the unregistered sector (largely non-tax compliant) to join the formal economy and thereby substantially widening the tax base in a very short time but will, in the short to medium term, create contraction in the economy. This non-tax paying informal sector in India will shrink at a rapid pace. This, in turn, will entail a degree of demand destruction as the informal sector accounts for more than 40 per cent of India's GDP and provides employment to close to 75 per cent of the labour force. How does the Minister and the Government intend to mitigate these challenges while maintaining India's growth story?

***SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ):** Under the visionary and able leadership of our Hon. Prime Minister Shri Narendra Modi Ji, the Government of India has introduced a number of historic measures to raise the standard of living of all of India's citizens, including and specially the weaker sections of society. The Budget for the year 2019-20 is one of the most pro-farmer and pro-labour budgets that have been introduced in the history of independent India. Some of the measures undertaken by this Government that are clear manifestations of this Government's dedication to work for the poor and the farmers, and of its successes in these efforts are:

For the first time in the history of independent India, the Central Government has set aside Rs.75,000 crore to provide income support to marginal farmers in the country under Pradhan Mantri Kisan Smman Nidhi. Under this scheme, marginal farmers owning up to 2 hectares of land will receive Rs.6,000 annually to supplement their farm income. This will benefit up to 12 crore farmers.

Under this scheme workers in the unorganized sector with monthly income of up to Rs.15,000 will receive assured monthly pension from the age of 60 years. A workers joining the scheme at the age of 29 will have to contribute Rs.100 per month till the age of 60 years, and a worker joining at the age of 18 will have to contribute only Rs.55 per month Rs.500 crore have been allocated for this scheme and it will benefit 10 crore labourers in the unorganized sector.

* Speech was ladi on the Table.

The Budget for 2019-20 increased the threshold of taxable income from Rs.2,50,000 per annum to Rs.5,00,000 which will benefit crores of salaried workers, especially the youth. This is a result of the successful economic politics of this Government over the past four and a half years, and will lead to even further and greater economic growth in the country.

[*]**SHRI P.R. SUNDARAM (NAMAKKAL):** I express my hearty gratitude and indebtedness to our immortal Leader Puratchi Thalaivi AMMA, before I speak in this august house on the Discussion on the interim Budget 2019.

The Hon'ble Prime Minister has announced that this Government target to double the farmer's income by 2022. The revised prices of the crops declared were still fall short of 50 per cent above the cost of production in many cases. The MSP of paddy that is expected to cover maximum number of farmers has been revised by Rs. 200 per quintal from Rs. 1550 per quintal last year to Rs. 1750 per quintal; far below to match the rhetoric on doubling the farmers' income.

The cost of cultivation calculated by the Government agencies has also been debatable because the progressive agriculture in Northern India is not comparable to the traditional cultivation in Eastern and southern India. The cost of cultivation is far higher in some states like Tamil Nadu due to high labour cost and adequate water facilities and the farmers do not feel adequately compensated for their hard work and their agricultural produce.

The long-awaited announcement of the Government near the completion of its tenure has brought some respite to the farmers but still way behind the target of doubling the farmer's income.

Though the MSP hike is a welcome step and will boost the farmers' income but it is harsh truth that it will remain limited to a small percentage of farmers. Of the total paddy produce, only 25 per cent of paddy is procured under MSP, the rest are left to market forces. Only 7 per cent to 10 per cent of the farmers get benefitted by MSP and rest of them run from pillar to post to dispose of their

[*] Speech was laid on the Table.

produce. This problem needs to be addressed immediately and the Government should ensure 100% procurement of produce from the willing farmers.

Therefore I urge the Government to chalk out ways and means to provide a holistic package like 100% assurance for procurement, facilitating of smooth food grain transit from farm lands to procurement centre and to weed out the menace of middle-men. Then only the doubling of the farmer's income will become a reality.

Paddy is India's biggest crop by acreage and output—nearly 44 million hectares and 111 million tonnes. The top 12 large states on the production chart accounting for over 86 per cent of output are West Bengal, UP, Punjab, Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Bihar, Chhattisgarh, Odisha, Assam, Haryana, MP and Telangana. There is a big difference between the paddy cultivation of the North and South. In Punjab, UP they follow extensive farming techniques and most of the labour was done by larger family units usually land owners. Hence the cost of production is low compared to southern states like Tamil Nadu where the farmers have to struggle both scarcity of water and high labour cost.

Agriculture and agro based industries are the back bone of our country. Farmers and Agro-based allied workers constitute about 60% of our total population. Braving most hostile and difficult problems the farmers continue to toil hard to fulfill our farm needs. Their service and sacrifices has to be appreciated appropriately for them to engage continuously practice agriculture.

The Government should also instill confidence in their minds by effecting good procurement policies. Without these two vital actions farmers will be reluctant to take up agriculture and will affect our agrarian economy and agriculture will decline fast. If the money we spend on importing pulses reaches our farmers, there won't be any suicides or shortage of food grains. There has been an overall increase in the prices of almost every commodity.

The rural economy contributes around 50 per cent of Indian gross domestic product and is already showing signs of strain as Government cut the once- generous subsidies that shielded farmers and villagers. Farmer's income dropped nearly 50 percent due to drought. They borrowed loan from banks for seeds and fertilizer, but now they don't know how to repay the loan.

While India has reached self-sufficiency in many food items, which includes milk, rice and wheat, it has not been able to do the same with pulses. While all these revolutions had their own god fathers like Varghese Kurien or M.S. Swaminathan, pulses, one of the most used ingredients in Indian kitchen, had not found support from any quarter. Approximately an annual import bill of $2.6 billion is incurred by India only on pulses. If this amount were to reach our farmers, they may never think of committing suicide.

India is facing a crisis because of deficient rainfall in one end and excess rainfall in the other side. Crisis is mainly in tur and urad dals, two of the most consumed pulses, as total pulses' production dipped to 17.2 million tonnes last year against 19.25 million tonnes in the previous year. Domestic production may be just 17 million Tons against the demand of

27 million tons. Canada, Ukraine, the US, Australia, Myanmar and a few African countries contribute to India's pulses need. Pulses production in India has shown less than 40 per cent growth during the last 5 decades. So this precisely means the prices are doubling at an alarmingly low periodicity.

It is not that we cannot incentivize the production of pulses. There are many ways to do it and India's climate is suited to grow most of the lentils we consume. The Minimum Support Price is also not transparent and depends on various political factors. Some of the lentils do come under MSP but they are not attractive enough for farmers to concentrate merely on pulses. Not all pulses come under the ambit of MSP. But more than MSP, it is procurement guarantee that matters.

To feed our growing population we need at least 30 million tonnes of lentils by 2030 which is close to five per cent growth annually. We are no way near. So we will continue to burn our foreign exchange reserves forever. By merely checking the prices of pulses, inflation is not going to be under control. I urge the Government to chalk out an appropriate methods and policy for fixing the MSP of Agro products and for their effective procurement to achieve the desirable results in the future.

A Detailed Project Report for improvements and rehabilitation of irrigation systems in the Cauvery basin for efficient irrigation management excluding the components proposed for an ADB supported programme at an estimated cost of Rs. 17,600 crore has been prepared for submitting to Central Water Commission, Government of India, New Delhi. A concept paper on the Improvements and Rehabilitation of Irrigation system in the Cauvery Delta for

efficient Irrigation Management" at an estimated cost of Rs. 11,420 crore was deliberated in the Screening Committee of the Central Water Commission and the "in-principle" consent of the Central Water Commission for the preparation of the Detailed Project Report (DPR) was accorded. Based on the concept paper, a DPR has been prepared for Nine Components for an amount of Rs.17,600/- crores at the price level of 2018- 2019.

The improvements and rehabilitation are planned for the age old irrigation systems in the following sub basins of Cauvery: I. Cauvery sub basin at the cost of Rs. 5200.00 crores, the II. Vennar sub basin at the cost of Rs. 4965.32 crores, III. Grand Anicut Canal sub basin at the cost of Rs. 2158.68 crores, IV. Lower Coleroon sub basin at the cost of Rs. 1400.00 crores, V. Lower Bhavani project at the cost of Rs. 2850.00 crores, VI. Kattalai High Level Canal Project at the cost of Rs. 350.00 crores, VII. Noyyal Sub basin at the cost of Rs. 250.00 crores, VIII. Raja Voikkal Project at the cost of Rs. 200.00 crores, IX. Ground Water Recharge Schemes at the cost of Rs. 225 crores need to be granted at the total cost of Rs. 17600.00 crores.

I urge the Government to kindly instruct the Ministry of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation to approve the remaining components of the Project and to provide funding for the project under an appropriate programme.

Thank You.

रेल मंत्री, कोयला मंत्री, वित्त मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री पीयूष गोयल): माननीय अध्यक्ष जी मैं सभी माननीय सदस्य गण का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने आज की इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लिया। कई माननीय सदस्यों ने अलग-अलग प्रकार से अलग-अलग पहलुओं का स्वागत किया। कुछ प्रतिक्रिया भी हुई जिसका मैं जवाब दूंगा और सदन के सामने कई खुलासे करूंगा जो पूरी तरह से यह स्पष्ट करेंगे कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की, माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की एनडीए, सरकार ने लगातार 5 वर्षों तक इस देश में विकास यात्रा को बल दिया है, गति दी है और किस प्रकार से समाज के हर वर्ग के लिए अन्य सुविधाएं पहुंचाने में सफलतापूर्वक प्रयास किए हैं।

विकास गांव तक तेज गति से पहुंचे, गरीबों तक पहुंचे, उसके लिए बहुत सारे काम किए गए हैं। हाल ही में मैंने जो अंतरिम बजट रखा, वह 5 साल की यात्रा की एक कड़ी थी, उसका एक रिपोर्ट कार्ड भी देश के सामने रखा, हमारे भविष्य के 10 वर्ष का विज़न भी रखा और कुछ जो त्वरित जरूरतें थीं, उन्हें देश के समक्ष रखा। मैं समझता हूँ कि पूरे समाज को साथ लेकर चलना, समाज के हर वर्ग के लिए विकास का भाव, देश के विकास का फायदा सबको पहुंचे, यह भाव इस सरकार की विशेषता रही है। चाहे वह गरीब हो, किसान हो, मध्यवर्गीय परिवार हो, पिछड़े हो, जिन तक दशकों से, पीढ़ियों से विकास पहुंचने में देर हुई हर वर्ग के लिए इस सरकार ने लगातार काम किया है। कैसे गरीबों का सशक्तिकरण हो, कैसे किसान का सशक्तिकरण हो, अर्थव्यवस्था मजबूत हो और देश में हर प्रकार के संकट को प्राथमिकता देकर, जिनके ऊपर काम करना है, इस हिसाब से सरकार ने पांचों वर्ष अपना काम किया है। अध्यक्ष महोदया, शायद यह पहली सरकार होगी, जिसने हर वर्ष 26 मई को अपना रिपोर्ट कार्ड देश के समक्ष रखा, जनता के बीच गए और इसके काम को पूरी तरीके से जनता का आशीर्वाद भी मिला। मैं समझता हूँ कि समय-समय पर हमें सुझाव भी मिले, जिन पर हमने काम भी किया। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करूंगा क्योंकि जिस प्रकार उन्होंने अंतरिम बजट बनाने में मार्गदर्शन दिया है, जिस प्रकार से उन्होंने इस पूरे बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ सुविधा पहुंचे, इसके लिए चिंता की है। मैं समझता हूँ कि उस दिन मेरा भाषण इतना लंबा नहीं होना था, लेकिन मैं देख रहा था कि अधिक समय लोगों की सराहना में और लोग 'मोदी-

मोदी', की जयकार कर रहे थे, इतनी खुशी का माहौल था, उसमें काफी समय चला गया। कुछ प्रतिक्रिया करने की कोशिश की जा रही है कि हमारे अंतरिम बजट में हमने इतने अच्छे काम कैसे शामिल किए हैं। मैं पहली बात यह बताना चाहता हूँ कि जो 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' इसी वर्ष 1 दिसंबर से शुरू हो गई है, यह अगले वर्ष की योजना नहीं है। यह योजना इसी वर्ष जनता की सेवा में, किसानों की सेवा में हमने समर्पित कर दी है और यह जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है, यह एक प्रकार से उन किसानों के लिए है जिन्होंने इस देश को खाद्य सुरक्षा दी है, किसानों ने जो परिश्रम किया, उनके लिए देश में किसी प्रकार की वस्तुओं की कमी न हो, उनके सम्मान के रूप में हमने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शुरू की है और इसका पूरा प्रावधान बजट में रखा गया है। इस साल 20हजार करोड़ रुपये और 75 हजार करोड़ रुपये अगले साल के लिए रखे हैं। कुछ लोग इस कार्य को छोटा करने की कोशिश करते हैं। शायद बड़े-बड़े महलों में, बड़ी-बड़ी विरासत वाले नामदारों को समझ नहीं आता है कि छोटे, लघु और सीमांत किसानों के लिए यह कितना महत्व रखता है कि हर 4 महीने में जब खेत में बुआई करनी होती है, तब दो हजार रुपये से उस समय कितनी सहूलियत होगी और उन्हें कितना लाभ होगा। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि छ: हजार रुपये लगभग साढ़े बारह करोड़ किसानों को हर वर्ष मिलेंगे, यानि 10 साल की अवधि में साढ़े सात लाख करोड़ रुपये किसानों को मिलेंगे।

बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं कि ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ, कैसे हुआ? मैंने कांग्रेस के दस वर्षों के शासन को वर्ष 2004 से 2014 तक देखा है। इन दस वर्षों में उन्होंने किसानों के लिए मात्र एक घोषणा की कि हम किसानों के ऋण को माफ करेंगे उस समय भी किसान का ऋण करीब चार-पांच लाख करोड़ रुपये था। वर्ष 2008 में घोषणा की गई कि हम 60 हजार करोड़ रुपये के ऋण माफ करेंगे। उस समय बजट में 1 रुपये का भी प्रावधान नहीं किया गया। उसके कुछ समय बाद कहा कि 60 हजार नहीं, हम 70 हजार करोड़ रुपये माफ करेंगे। वर्ष 2009 के बजट में भी 1 रुपये का भी प्रावधान नहीं किया गया। उनकी मंशा थी कि चुनाव के बाद जो सरकार आएगी, यह कार्य उस सरकार के गले पड़ेगा, हमें अपने बजट में कुछ प्रावधान करने की कोई जरूरत नहीं है। अंत में 70 हजार छोड़िए, 60 हजार छोड़िए, मात्र 52 हजार करोड़ रुपये के ऋण माफ किए गए। 10 साल की अवधि में एक ऋण

माफी सिर्फ 52 हजार करोड़ की हुई। जिसका लाभ मात्र तीन या साढ़े-तीन करोड़ किसानों को मिला। अगर इसका औसत निकाले तो करीब तीन या साढ़े तीन करोड़ किसानों को प्रति किसान औसतन 14 हजार रुपये 10 वर्ष की अवधि में दिए गए। हम 10 साल में 12 करोड़ से अधिक किसानों को 60 हजार करोड़ रुपये देने जा रहे हैं। किसानों की समस्याओं की बातें करते हुए, यह भूल गए कि एकयही सरकार है, जो मात्र पांच वर्षों में किसानों के लिए लगातार अलग-अलग योजनाएं लाई है, किसानों को ऋण लगभग दोगुना कर दिया गया। जो लोगे मत्स्य पालन के काम में है, पशुपालन के काम में हैं, मछुआरे के काम में लगे हैं, उन्हें भी 2 प्रतिशत के ब्याज की छूट पहले मिलेगी और तीन प्रतिशत ब्याज की छूट पूरा ऋण चुकाने पर ऊपर से मिलेगी। यह पहली सरकार है, जिसने एमएसपी अर्थात न्यूनतम समर्थन मूल्य सभी 22 फसलों पर नियत किया। क्यों नहीं पहले की सरकारों ने चिंता की? भारतीय जनता पार्टी के राज में, एनडीए के राज में जितनी फसल खरीदी जाती है, वह जितनी पहले खरीदी जाती थी, उससे लगभग 10 से 15 गुना ज्यादा है। इसी के साथ-साथ मैं समझता हूं कि अलग-अलग प्रकार से चाहे वह किसानों की फसल बीमा योजना हो, चाहे वह किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने का काम हो, चाहे 'आयुष्मान भारत' के तहत मुफ्त में स्वास्थ्य सेवा देने का काम हो, चाहे गरीब के घर में शौचालय पहुंचाने का काम हो, इन सभी पर भी हमारी सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है, किसानों की आमदनी बढ़ाने का काम किया है। वैसे माननीय डॉ. स्वामीनाथन ने एक हस्ताक्षरित लेख में कहा है कि यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, जिसमें किसानों के संबंध में सही मायने में अलग-अलग कदम उठाकर, उनकी आमदनी बढ़ाई गई, उनका जीवन सुधारा गया। एक आलोचना यह भी की गई कि हमें अंतरिम बजट प्रस्तुत करना था, लेकिन हमने पूरा बजट प्रस्तुत किया। मैं समझता हूं कि हमने तो पूरा बजट किसी भी हिसाब से नहीं दिया है। पूरे बजट में और बहुत सारे कर प्रस्ताव होते हैं, रियायतें होती हैं, स्कीमों की घोषणा होती हैं, हमने इस अंतरिम बजट में अगले वर्ष की कोई भी स्कीम घोषित नहीं की है। मैं समझता हूं कि अगर आप वर्ष 2014 में जाएं, उस समय के वित्त मंत्री ने एक अंतरिम बजट पेश किया था।

अध्यक्ष महोदया, मैं उस अंतरिम बजट की दो पंक्तियां पढ़ना चाहूंगा। उस समय के कांग्रेस के वित्त मंत्री ने कहा:

"परंपराओं का पालन करते हुए, मैं कर-कानूनों में बदलाव करने के संबंध में कोई घोषणाएं नहीं करूंगा। लेकिन, मौजूदा आर्थिक स्थिति में कुछ दखल कार्रवाई करना जरूरी है जिनके लिए नियमित बजट की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती"।

अब उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे बहुत आवश्यक कार्य हैं, जिन्हें अभी करने की आवश्यकता है। उनके लिए हम चार महीने भी नहीं रुक सकते हैं। अध्यक्ष महोदया, वे क्या चीजें थीं? वह अमीर लोगों की बड़ी-बड़ी गाड़ियां सस्ती करने के लिए योजना थी। अमीर लोगों की बड़ी गाड़ियों को सस्ता करने के लिए उस पर लगने वाला टैक्स घटाया। क्या एसयूवी गाड़ी कोई गरीब किसान खरीदता है? एसयूवी गाड़ी क्या कोई मध्यवर्गीय व्यक्ति खरीदता है या अमीर लोग खरीदते हैं? एसयूवी पर टैक्स घटाया गया।

वे चार महीने भी नहीं रुक सकते थे। अमीरों की एसयूवी गाड़ियों की कीमत कम करना इतना जरूरी था कि उसे अंतरिम बजट में ही किया जाना था।

अध्यक्ष महोदया, हमने क्या किया? हमने कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किए, स्लैब में कोई बदलाव नहीं किए। पांचों वर्षों से लगातार मध्यमवर्गीय परिवारों को सुविधा देने हेतु कई सारे कदम उठाएं जा रहे थे। हमने जो कुछ कदम उठाएं उनके बारे में जानकारी आपके समक्ष रखना चाहूंगा। आयकर की न्यूनतम स्लैब दो लाख रुपये से शुरू होती थी, हमने पिछले साढ़े चार वर्षों में उसे पहले बढ़ाकर ढाई लाख रुपये किया और अब पांच लाख रुपये किया गया। किसी को भी पांच लाख तक आयकर योग्य आय पर आयकर न देना पड़े, हमने वह सुनिश्चित किया है। हमने यह स्लैब दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया है। कांग्रेस ने वर्ष 2009 से वर्ष 2014 में क्या किया था, सिर्फ डेढ़ लाख रुपये से दो लाख रुपये किया था, यानि पांच वर्षों में 50 हजार रुपये कर दर में छूट बढ़ाई गई। हमने दो लाख रुपये से सीधा पांच लाख रुपये कर दिया है। अब किसी को पांच लाख रुपये तक आयकर नहीं देना पड़ेगा। वर्ष 2014 में यह छूट जो मात्र दो हजार रुपये थी, हमने उसे बढ़ाकर उसे

साढ़े बारह हजार रुपये करके यह छूट मध्यवर्गीय करदाताओं दी। जो टैक्स रेट दस प्रतिशत था- दो लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक, हमने उसे घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। जो निवेश विशिष्ट बचत योजनाओं में होते थे, भविष्य निधि, 80सी वगैरह, कांग्रेस के समय में पहले वह एक लाख रुपये तक अनुमत था। हमने उसे एक लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दिया है। आवास ऋण के ब्याज पर जो छूट दी जाती थी वह कांग्रेस के समय डेढ़ लाख रुपये थी, हमने उसे बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया है। कांग्रेस के समय मानक कटौती शून्य थी। हमने 50 हजार रुपये की मानक कटौती, वेतन भोगी, मध्यवर्ग और पेंशनभोगियों के लिए दी है। कांग्रेस सरकार मेडिकल इंश्योरेंस पंद्रह हजार रुपये तक देती थी, हमने मेडिक्लेम में पच्चीस हजार रुपये तक आयकर में छूट दी है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सिर्फ बीस हजार रुपये मेडिकल इंश्योरेंस छूट-प्राप्त था, हमने उसे 50 हजार रुपये कर दिया है। 80सी के ऊपर नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत 50 हजार रुपये अधिक मानक कटौती की अनुमति, हमने अपने मध्यमवर्गीय करदाताओं को, खासतौर पर वेतनभोगी वर्ग के लिए दी है।

वरिष्ठ नागरिकों को जो ब्याज की कटौती मिलती थी, वह कांग्रेस के समय दस हजार रुपये थी। हम ने उसे बढ़ा कर पचास हजार रुपये कर दिया है।

हमने देश में धनकर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। अब देश में धन कर नहीं लगेगा। जो छोटे प्रोफेशनल्स हैं- चार्टर्ड एकाउंटैंट्स, लॉयर्स, कम्पनीज सेक्रेट्रीज, कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटैंट्स और डॉक्टर्स जिनकी पचास लाख रुपये तक आमदनी है, उनके लिए हम सरल टैक्स की प्रिजम्पटिव्स टैक्स स्कीम लाए हैं। छोटे कारोबार की प्रिजम्पटिव्स टैक्स स्कीम की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दी गयी है। छोटे उद्योग करने वाले के लिए कर, जो प्रॉफिट गिना जाता था, वह आठ प्रतिशत होता था। अगर आप बैंक से व्यवहार करें, डिजिटल व्यवहार करें, हमने वह भी घटा कर छः प्रतिशत कर दिया है। जैसा कि एक सांसद मित्र ने बताया है, किरीट जी चार्टर्ड एकाउटैंट हैं, आज अगर किसी की नौ लाख रुपये तक की आमदनी हो तो लगभग बिना कर अदा किए उनका काम चल सकता है। अगर इतनी सारी छूट, जो माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने देश के मध्यम वर्गीय कर दाताओं के लिए दी है, उसका पूरी तरह से आकलन करें, तो आज आठ-नौ लाख रुपये तक मध्यम वर्गीय परिवार को कुछ कर देने की आवश्यकता नहीं पड़ती। ऐसे में हमें लगा कि जब साढ़े

बारह हजार रुपये की छूट देने जा रहे हैं और पांच लाख रुपये तक की जिनकी आमदनी है, उन्हें कोई टैक्स नहीं देना पड़े तो अप्रैल, मई, जून और जुलाई में कर कटौती स्रोत पर हो और बाद में उन्हें रिफंड के लिए जाना पड़े, कम से कम यह बात हम देश के समक्ष रख दें और इसी हेतु हमने उस बात को रखा।

मैं समझता हूं कि पूरे देश ने इस बात का स्वागत किया है और मुझे यह समझ नहीं आ रहा है कि क्या कांग्रेस के मित्र चाहते हैं कि यह लाभ हमारे मध्यम वर्गीय परिवारों को न मिले? क्या वे चाहते हैं कि उन्हें नुकसान हो, क्या वे चाहते हैं कि वे इस लाभ से वंचित रहें? क्या वे चाहते हैं कि हमारे किसानों को जो छः हजार रुपये आय-समर्थन स्कीम के तहत प्रति वर्ष मिलने जा रहे हैं, उनसे वे वंचित रहें? इसी प्रकार हमारे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए हम जो पेंशन योजना लाए हैं, वह योजना भी हमने इसी साल 15 फरवरी से लागू कर दी है और उसके लिए प्रावधान भी कर दिया है। इसका सिलसिला शुरू होगा और लाइफ इंश्योरेंस कोर्पोरेशन स्कीम की तैयारियां कर रहा है। उसका परीक्षण जल्दी शुरू होने वाला है। मैं समझता हूं कि अलग-अलग तरीके से समाज के हर वर्ग को लाभ मिले, यही माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी की सोच रही है और यही उनका काम करने का ढंग रहा है। हमने इस सिलसिले को पांच वर्षों से लगातार हर बजट में, हर मौके पर जारी रखा है ताकि जनता तक विकास पहुंचे।

महोदया, कांग्रेस के पूर्व मंत्री कुछ आलोचना कर रहे थे कि इस सरकार ने राजकोषीय विवेक नहीं बरता है। मैं यह सुनकर हैरान हूं कि जिस सरकार ने इस देश को राजकोषीय विवेक सिखाया, जिस सरकार ने इस देश में राजकोषीय विवेक को पराकाष्ठा तक पहुंचाया, उसके बारे में उन्हें यह कहने की हिम्मत हुई। मैं देख रहा था कि एक बजट में कहा कि देश में इस वर्ष वित्तीय घाटा ढाई प्रतिशत होगा और उस वर्ष वित्तीय घाटा छः से साढ़े छः प्रतिशत तक एक ही वर्ष में बढ़ गया। जिस समय ऐसा हुआ, उस समय कांग्रेस की सरकार थी। जब पूर्व वित्त मंत्री ने सरकार छोड़ी, तो लगभग साढ़े चार प्रतिशत के करीब वित्तीय घाटा था। हमने घटा-घटा कर उसे आज 3.4 प्रतिशत तक किया। इसी प्रकार से महंगाई की बात है। जब अटल जी की सरकार ने वर्ष 2004 में सरकार छोड़ी, तब महंगाई मात्र 3.9 प्रतिशत थी। कांग्रेस के समय महंगाई दर बढ़कर 12 प्रतिशत से अधिक, तीन गुना हो

गई। हमने आरबीआई के साथ मिलकर मेहनत की और हमारी सरकार ने कठोर कदम उठाए और महंगाई की दर दिसम्बर में 2.19 प्रतिशत पर लाए। यह है प्रधान मंत्री मोदी जी की सरकार के काम करने का तरीका। इसी प्रकार से यदि ब्याज की दर देखें तो जब वाजपेयी जी ने सरकार छोड़ी, तब रिजर्व बैंक का रेपो रेट मात्र छः प्रतिशत था, जो कांग्रेस के कार्यकाल में बढ़ कर साढ़े सात प्रतिशत हो गया। पहले इनके समय जब बैंक ऋण लेने के लिए जाते थे, तब 16-17 प्रतिशत से कम पर ऋण ही नहीं मिलता था। हमने रेपो रेट को घटाया और अब रेपो रेट मात्र 6.25 प्रतिशत है और आज यदि बैंक से घर के लिए लोन लेने जाओ, तो साढ़े आठ या नो परसेंट पर आपको लोन मिल जाता है।

अध्यक्ष महोदया, मैं कांग्रेस पर एक बहुत गंभीर आरोप लगा रहा हूं। विदेशी ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण एक प्रकार से भारत पर बोझ है। जब माननीय प्रधान मंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने वर्ष 2004 में सरकार छोड़ी, तब विदेशी ऋण मात्र 105 मिलियन डालर था। यदि आज के संदर्भ में देखें, तो मात्र सात लाख पैंतीस हजार करोड़ रुपये था।

18 25 hrs

At this stage Shri Abhijeet Mukharjee and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

कांग्रेस की सरकार आई, तब कर्ज दस वर्षों में 105 मिलियन डालर से बढ़ाकर 466 मिलियन डॉलर हो गया। जो लगभग साढ़े चार गुना बढ़ा और इस देश पर विदेशी ऋण का बोझ छोड़ दिया। इसे यदि रुपये के मूल्य में देखें तो देश पर करीब-करीब 32 लाख करोड़ रुपये विदेशी ऋण का बोझ इन्होंने छोड़ा है। हमने उस पर अंकुश लगाया और हमारे समय में पांच साल में यह मात्र 14 प्रतिशत बढ़ा है। यह है मोदी जी के काम करने का तरीका।

अध्यक्ष महोदया, मैंने पहले भी यह बात कई मंचों पर रखी है और मैं आज इस सदन को भी एक रहस्य बताना चाहता हूं।

जब हमने पिछले साल बजट पेश किया था, तो हमने कहा था कि यह वित्तीय घाटा 3.3 प्रतिशत होगा । जब व्यय और राजस्व के आंकड़े आएऔर जब हमने पूरा बजट बनाया, तो वित्तीय घाटा 3.367 प्रतिशत आ रहा था। अब इसे पूर्णांकित करें तो यह 3.4 प्रतिशत बैठा था ।

अध्यक्ष महोदया, मैं तो वास्तव में चार्टर्ड एकाउंटेंट हूं। यदि मैं सिर्फ पांच हजार करोड़ रुपये कम कर देता, खर्चे में या आय में बढ़ा देता, तो यह 3.3 प्रतिशत हो जाता। पांच हजार करोड़ रुपये खर्च कम करने में सरकार को कोई कठिनाई नहीं थी। देश के प्रधानमंत्री एक सच्चा बजट रखना चाहते थे। उन्होंने कहा की चार्टर्ड एकाउंटेंसी मत चलाओ, जो आंकड़े आए हैं, उन्हें देश के समक्ष रखो। यदि वित्तीय घाटा 3.3 प्रतिशत से 3.6 प्रतिशत हो जाता है, तो उसे देश के समक्ष रख दो। पांच हजार करोड़ रुपये समायोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार से, सब जोड़कर अगले वर्ष को जो वित्तीय घाटा आया, यदि सिर्फ पंद्रह सौ करोड़ रुपये कम करते तो यह 3.3 या 3.4 प्रतिशत हो जाता। लेकिन प्रधानमंत्री जी ने मुझे यह भी नहीं करने दिया। उन्होंने कहा कि इस देश को ईमानदार बजट देने की आदत डालो । यह कांग्रेस कभी नहीं समझ सकती है क्योंकि उन्होंने हर बजट में जो लिखा वह कभी किया ही नहीं और जो लिखा उसका कभी पालन नहीं किया । मैं समझता हूँ कि कांग्रेस के काम करने के ढंग को इस सरकार ने बदला है और देश जब ईमानदार व्यवस्थाओं में जा रहा है, तो बजट का भी ईमानदार होना उतना ही आवश्यक है।

अंत में, एंजल टैक्स की बात रखी गई। दुर्भाग्य की बात है कि लोग जानते नहीं हैं कि एंजल टैक्स जैसी कोई चीज होती भी है। वास्तव में कांग्रेस के समय में जिस प्रकार से शेल कम्पनीज बनती थीं, जिस प्रकार से प्रीमियम पर शेयर दिए जाते थे और फर्जी हवाला कम्पनीज अपनी पूंजी बनाकर काम करती थीं, हमने उन पर रोक लगायी। उस रोक के कारण शायद उसे तकलीफ हो रही है, जिसकी वजह से ये आज हमारे ऊपर अनाप-शनाप आरोप लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह स्वाभाविक है कि हमारी जो स्टार्टअप्स हैं, वेंचर कैपिटल फंडिग्स हैं, उनका भी आकलन किया जाता है कि उन कंपनियों की वैल्यू क्या है और उसके हिसाब से कितना प्रीमियम मिलता है। उनके लिए सरकार एक कठोर कदम उठा रही है कि जो खराब कंपनियां हैं, उन पर कार्रवाई हो और

जो ईमानदार कंपनियां हैं, जो प्रीमियम पर वास्तविक पैसे लाती हैं, उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होगी। मैं देश को और सभी माननीय सांसदों को आपके माध्यम से यह आश्वस्त करना चाहता हूँ। हम ईमानदार लोगों को सुरक्षा देंगे और बेईमानों को कड़ी से कड़ी सजा देंगे।

अध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूँ कि कांग्रेस के हमारे मित्रों को यह नहीं भा रहा है कि पांच वर्ष की इतनी कम अवधि में इतने सारे विकास के काम कैसे हो सकते हैं और अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो सकती है। इसलिए बेबुनियाद आरोपों के आधार पर वे अपनी राजनीति करना चाहते हैं।

श्री मोइली जी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वास्तव में वे कई वर्षों तक मंत्री रहे हैं। मैं हैरान हो गया, जब मैंने सुना कि वे आरोप लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में एक वर्ष में सौ रुपये का प्रीमियम आया है और 80 रुपये खर्च हुए हैं, तो 20 रुपये कहां गए?

अब इन्हें यह भी ध्यान नहीं कि बीमा क्या होता है। जैसे टी.वी. पर एक शो-क्या आप पांचवीं कक्षा से भी अच्छे जवाब दे सकते हैं, आता है। मुझे लगता है कि वहां इन्हें जाने की आवश्यकता है। इन्हें यह भी पता नहीं है कि जब कोई समस्या आती है, तब इस सरकार ने उस समस्या के तहत फसल बीमा योजना में शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया है। यह किसी-किसी वर्ष में कम होता है, किसी वर्ष में प्रीमियम से चार गुना राशि बीमा कंपनी को देनी पड़ती है। इसी तरीके से एक आंकड़े के अनुसार रक्षा परिव्यय में दो प्रतिशत वृद्धि हुई है। अब पता नहीं इनका परिकलन कहां से होता है। रक्षा बजट में 20 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। डिफेंस में पूंजी परिव्यय में 10 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, शायद बजट पढ़ने में इनको तकलीफ होती है। कांग्रेस के मधुकर कुकडे जी कह रहे थे कि इंटर लिंकिंग ऑफ रिवर्स पर काम क्यों नहीं हो रहा है? अरे भई, वाजपेयी जी ने शुरू किया था, सुरेश प्रभु जी इंटर लिंकिंग ऑफ रिवर्स टास्क फोर्स के अध्यक्ष थे। मैं भी उसका सदस्य था। हमने पूरी योजना बनाई। यू.पी.ए./कांग्रेस ने आते ही उसे भंग कर दिया और सब काम दस वर्षों तक ठप कर दिया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने फिर उस काम को शुरू किया है। अब हम देश की अलग-अलग नदियों को जोड़ने के काम पर बल दे रहे हैं।

अलग-अलग माननीय सदस्यों ने अलग-अलग बात की। कुकड़े जी ने विदर्भ की बात की। माननीय जितेन्द्र रेड्डी जी ने तेलंगाना के अलग-अलग विषयों की बात की। माननीय तंबिदुरै जी ने तमिलनाडु के विषयों की बात की। राममोहन जी ने आंध्र प्रदेश के विषयों की बात की। मेरे पास सब की जानकारी है, लेकिन एक अंतरिम बजट की मर्यादा में रहते हुए हमने एक-एक प्रोजेक्ट या एक-एक विषय को देश के समक्ष नहीं रखा है। जब जुलाई में पूरा बजट आएगा, तब एक-एक विषय पर गौर करेंगे। जितेन्द्र जी और हर एक माननीय सांसद के व्यक्तिगत विषयों पर पूरी तरह से गौर कर के माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे का बजट पेश करेंगे। तंबिदुरै जी को शायद एक गलतफहमी है कि जी.एस.टी. का सब पैसा केंद्र सरकार के पास जाता है और उन्हें प्रतीक्षा करनी पड़ती है। मैं तंबिदुरै जी को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि जी.एस.टी. एक संयुक्त योजना है। संघीय ढांचे में केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों ने मिलकर जी.एस.टी परिषद में सर्वसम्मति से निर्णय लेने की प्रक्रिया को सफल बनाया है। तमिलनाडु सरकार के सदस्य हैं और हर पार्टी के सदस्यों के संबंध में सब निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

इस कड़ी में कुछ आरोप लगे गए कि मनरेगा में पैसा कम है। पिछले बजट में 55 हजार करोड़ रुपए था, जरूरत पड़ने पर हमने 6 हजार करोड़ रुपए अधिक दिया। इस बजट में इसे 60 हजार करोड़ रुपए किया गया है। जरूरत पड़ेगी तो और अधिक देंगे। जैसाकि माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह तो जीता-जागता सबूत है – कांग्रेस के 55 साल की एक परिवार की सरकारों ने जिस प्रकार से इस देश को गरीब रखा, जिस प्रकार से इस देश को लूटा है, उसकी वजह से मनरेगा को आज भी चलाना पड़ रहा है। इसका आरोप वास्तव में कांग्रेस के ऊपर लगता है कि इस देश को गरीब भी रखा और इस देश में विकास भी नहीं होने दिया। हम देश से गरीबी पूरी तरह से हटा रहे हैं, मिटा रहे हैं। मैं समझता हूँ कि इस काम के लिए हमारी सराहना, हमारा समर्थन, सहयोग करने के बदले इस प्रकार के कारनामे करके, देश के सामने यह पर्दाफाश कर रहे हैं कि किस प्रकार इन दलों ने देश के साथ विश्वासघात किया है और भारत की जनता इन्हें माफ नहीं करेगी ।

महताब जी ने 90:10 का केंद्र-राज्य वितरण का विषय उठाया है। यह चौदहवें वित्त आयोग के हिसाब से हो रहा है। अगर आपके पास कोई विषय है – तो आप वित्त आयोग के समक्ष रखिए ।

कोयला उपकर अब सरकार ने नहीं रखा है। वह भी जी.एस.टी. परिषद को समर्पित कर दिया है। यह भी मैं सभी को बताना चाहूंगाकि लगभग 40 हजार करोड़ रुपए का केंद्र का राजस्व कोयला उपकर से है। सेवा कर का पूरा राजस्व हमने जी.एस.टी. परिषद को देकर, केंद्र सरकार के राजस्व का परित्याग किया।

साथ ही साथ 32 से 42 प्रतिशत कर का अंतरण राज्यों को दिया। हमने, राज्यों को सशक्त बनाने के लिए राज्यों को दिया जाने वाला पैसा बढ़ाया है। मैं सभी माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि वर्ष 2009 से वर्ष 2014 के बीच जो कर अंतरण केंद्र से राज्यों को गया, वह करीब 12.5 लाख करोड़ रुपया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सत्ता में आने के बाद कहा कि राज्यों को और मजबूत बनाया जाए। हमारे पांच वर्षों में राज्यों को कर अंतरण 28 लाख 46 हजार करोड़ रुपये है, जो करीब-करीब 2.5 गुना बैठता है। इसी प्रकार से अगर 2008 से वर्ष 2014 से वर्ष 2020 तक छः वर्षों को लेते हैं तो इन्होंने लगभग 14 लाख करोड़ रुपए दिए थे। 14वें वित्त आयोग के बाद अब बढ़कर 37 लाख करोड़ रुपए हो गया। हमने स्वीकार किया और राज्य सरकारों को अधिक पैसा दिया जिससे वे अपने विकास के काम अच्छी तरह से कर सकें। हमने पूरी मेहनत और लगन से काम किया।

अध्यक्ष महोदया, एक दिलचस्प बात आपके और देश के समक्ष रखना चाहूंगा। वर्ष 2008-09 में रक्षा सेवाओं को मात्र 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपये मिला था। वर्ष 2008-09 से वर्ष 2014-15 तक दस वर्षों में इन्होंने उसके लिए सिर्फ 1 लाख करोड़ रुपए बढ़ाया और 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपए से 2 लाख 18 हजार करोड़ रुपए किया। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने मात्र 5 वर्षों में अर्थात् आधे समय में उसे 3 लाख 5 हजार करोड़ रुपए किया है। एक और हैरान करने वाला आंकड़ा आपके समक्ष रखना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि सभी माननीय सदस्य देश के हर किसान तक यह बात पहुंचाएं। वर्ष 2008-09 में कृषि और संबद्ध क्रियाकलाप के लिए केंद्र सरकार ने मात्र 14303 करोड़ रुपए दिए। वर्ष 2008-09 में कांग्रेस की सरकार ने 14303 करोड़ रुपए दिए। पांच साल बाद वर्ष 2013-14 में उन्होंने इसे बढ़ाकर 25500 करोड़ रुपए किया। उन्होंने मात्र 11 हजार करोड़ रुपए बढ़ाए। हमने पांच साल में 25 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए किया है। महोदया, यह होता है कि काम करने का ढंग, यह होती है किसानों के लिए समर्पित सरकार के काम

करने की तेज गति। मैं समझता हूँ कि इसी तेज विकास से परेशान होकर विपक्ष ने आज की चर्चा में बुनियादी विषय कुछ नहीं उठाया है। वे, जो विषय बजट से हटकर हैं, उनके इर्द-गिर्द घूमते रहे हैं। देश में जो काम प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तेज गति से हो रहा है, उसे बदनाम करके, इन्होंने देश के गरीबों को अपमानित किया है। उनके साथ किस प्रकार से इन्होंने दस वर्षों तक छल किया है।

ये चाहते हैं कि देश अभी भी गरीबी में रहे, हमारी महिलाओं का सम्मान न हो। ये लोग चाहते हैं कि लोगों के पास बिजली और शौचालय न पहुंचे, स्वास्थ्य सेवाएं गरीब लोगों तक न पहुंचें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी को अटल विश्वास है कि जब पूरे देश में हर व्यक्ति का विकास होगा, पूर्वी भारत का विकास होगा, उत्तर-पूर्वी भारत, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल का विकास होगा और पूरे देश का संतुलित विकास होगा, तभी यह देश तेज गति से आगे बढ़ेगा।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि एक अच्छा अंतरिम बजट देश के समक्ष रखा गया है। पूरे देश में इसका स्वागत हुआ है, सदन ने इसका स्वागत किया है। मैं आप सभी से विनती करूंगा कि इस बजट को पारित करके देश में एक अच्छा संदेश दें। धन्यवाद।

HON. SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants on Account for 2019-2020 to the vote of the House.

18 41 hrs

At this stage shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members left the House.

HON. SPEAKER: The question is:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, on account, for or towards defraying the charges during the year ending the 31st day of March, 2020, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 36, 39 to 62, 64 to 70, 72 to 74, 76 to 78 and 80 to 99."

The motion was adopted.

DEMANDS

HON. SPEAKER: I shall now put the Supplementary Demands for Grants - Third Batch for 2018-19 to the vote of the House.

The question is:

"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year "ending the 31st day of March, 2019, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 5, 7 to 16,18 to 20, 24 to 27, 29, 31, 34 to 36, 42 to 46, 48 to 51, 53 to 62, 64 to 67, 72 to 74, 77, 80 to 82, 84 to 94 and 96 to 99."

The motion was adopted.

---

18 43 hrs

APPROPRIATION (VOTE ON ACCOUNT) BILL, 2019*

HON. SPEAKER: Now, Item No.23. Shri Piyush Goyal.

THE MINISTER OF RAILWAYS, MINISTER OF COAL, MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS(SHRI PIYUSH GOYAL): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2019-2020.

HON. SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2019-2020."
>
> *The motion was adopted.*

SHRI PIYUSH GOYAL: I introduce** the Bill.

I beg to move:

> "That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2019-2020, be taken into consideration."

HON. SPEAKER: The question is:

> "That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2019-2020, be taken into consideration."

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 2 dated 11.02.2019.

** Introduced with recommendation of the President.

The motion was adopted.

HON. SPEAKER: The House will now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 4 stand part of the Bill."

The motion was adopted.
Clauses 2 to 4 were added to the Bill.
The Schedule was added to the Bill.
Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

HON. SPEAKER: The Minister may now move that the Bill passed.

SHRI PIYUSH GOYAL: I beg to move:

"That the Bill be passed."

HON. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

---

18 46 hrs

APPROPRIATION BILL, 2019*

HON. SPEAKER: Now, Item No.25.

THE MINISTER OF RAILWAYS, MINISTER OF COAL, MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS(SHRI PIYUSH GOYAL): I beg to move for leave to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2018-2019.

HON. SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2018-2019."

The motion was adopted.

SHRI PIYUSH GOYAL: I introduce** the Bill.

HON. SPEAKER: Now, Item No. 26.

SHRI PIYUSH GOYAL: I beg to move:

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2018-2019, be taken into consideration."

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, section 2, dated 11.02.2019.

** Introduced with recommendation of the President.

HON. SPEAKER: The question is:

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2018-2019, be taken into consideration."

The motion was adopted.

HON. SPEAKER: The House shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 and 3 stand part of the Bill."

The motion was adopted.
Clauses 2 and 3 were added to the Bill.
The Schedule was added to the Bill.
Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

HON. SPEAKER: The Minister may now move that the Bill be passed.

SHRI PIYUSH GOYAL: I beg to move:

"That the Bill be passed."

HON. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet at 11 a.m. on Tuesday, the 12th February 2019.

18 49 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, February 12, 2019/Magha 23, 1940 (Saka).